✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात


नवबिहार टाइम्स के स्थापना दिवस पर स्वागत गीत प्रस्तुत करते दानिका के कलाकार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 41 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 7 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका अहम : डॉ. प्रेम कुमार

## धूमधाम से मना नवबिहार टाइम्स का 36वां स्थापना दिवस समारोह | समाज को विशिष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को नवबिहार टाइम्स ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने, जनता को उसके अधिकारों के प्रति जागृत करने, जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और अंततः उसका समाधान कराने में मीडिया की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। मीडिया प्रशासन और आम आदमी के बीच संवाद की सीधी कड़ी है जो लोकतंत्र की मजबूती की जरूरी शर्त है। यह बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को स्थानीय नगर भवन में नवबिहार टाइम्स के 36 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। नवबिहार टाइम्स की प्रशंसा करते हुए मंत्री ने कहा कि विगत 36 वर्षों से नवबिहार टाइम्स बिहार की आवाज बना हुआ है। उन्होंने नवबिहार टाइम्स के संपादक की सराहना करते हुए कहा कि कमल किशोर के नेतृत्व में नवबिहार टाइम्स ने पत्रकारिता के अपने मापदंड काफी ऊंचे रखे हैं और हमेशा इस अखबार ने सकारात्मक पत्रकारिता की है। उन्होंने कहा कि नवबिहार टाइम्स ने ज्वलंत मुद्दों को उठाया है और सरकार के कामकाज को जनता तक पहुंचाया है। उन्होंने स्मरण किया कि नवबिहार



टाइम्स की खबर के आधार पर ही उन्होंने औरंगाबाद के पुराने बरगद वृक्ष को संरक्षित वृक्ष की घोषित किया था। उन्होंने नवबिहार टाइम्स के प्रति आभार जताया कि उनके विभाग की योजनाएं भी जन-जन तक प्रचारित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि आज बिहार में सहकारिता के माध्यम से उपलब्धियां के नए आयाम लिखे जा रहे हैं। आज सहकारिता के माध्यम से कंफ़ेड विश्व के बड़े सहकारी संगठनों में शामिल हो चुका है जिससे करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पैक्सों को बहुद्देश्यीय सेवा का माध्यम बना दिया गया है और आज ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित पैक्सों से लोगों को हर प्रकार का लाभ मिल जा रहा है। सब्जी उत्पादकों के लिए भी कंफ़ेड की तर्ज पर सरकारी समितियां गठित की जा रही हैं जो सब्जी उत्पादकों को उचित मूल्य पर बाजार उपलब्ध कराएंगी तथा सब्जी के उत्पादन, संरक्षण, भंडारण आदि की दिशा में सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मखाना उत्पादकों के कल्याण के लिए नीतीश कुमार के निर्देश में उनके विभाग द्वारा मखाना फेडरेशन (शेष पृष्ठ 12 पर)

## जनता के हितों के लिए नवबिहार टाइम्स प्रतिबद्ध : कमल किशोर



प्रधान संपादक कमल किशोर ने इस मौके पर स्वागत भाषण देते हुए कहा कि नवबिहार टाइम्स शुरू से ही जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमारी इसी प्रतिबद्धता ने हमारे मूल्य और दिशा को निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि छोटे से कस्बे से शुरू हुआ नवबिहार टाइम्स आज औरंगाबाद और बोकारो संस्करण के साथ विशाल संख्या में पाठकों के पास पहुंच रहा है। जल्द ही नवबिहार टाइम्स अपने पटना संस्करण का भी प्रकाशन शुरू करने वाला है। उन्होंने बताया कि हाल ही में नवबिहार टाइम्स ने अपने अत्याधुनिक प्रिंटिंग प्लांट का उद्घाटन किया है जो पूरे दक्षिण बिहार में अपने तरह का इकलौता प्लांट है। उन्होंने कहा कि नवबिहार टाइम्स ने हमेशा सरकार और जनता के बीच सकारात्मक संवाद की कड़ी बनने की कोशिश की है जिसकी वजह से इसे लोगों का समर्थन हासिल हो रहा है। उन्होंने मदनपुर प्रखंड के 500 साल पुराने बरगद का जिक्र करते हुए कहा कि सर्वप्रथम नवबिहार टाइम्स ने हीं इस बरगद की खोज की थी और उस वक्त वन एवं पर्यावरण मंत्री रहे डॉ प्रेम कुमार ने इसे गंभीरता से लिया था और उनकी पहल पर ही बिहार के ऐसे प्राचीन वृक्षों को पहचान कर उनके संरक्षण की दिशा में बिहार सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने इस मौके पर अपने पाठकों, विज्ञापनदाताओं, संवाददाताओं, तकनीकी और संपादकीय टीम के प्रति आभार प्रकट किया तथा कहा कि नवबिहार बिहार टाइम्स की सफलता आप सब की साझी सफलता है। यह बिहार, झारखंड और औरंगाबाद की सफलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्थर से कूचकर युवक की हत्या

**गयाजी (नबिटा ब्यूरो)।** वजीरगंज इलाके में पत्थर से सिर कूचकर एक युवक की हत्या कर दी गई। पतेर-मंगरामा मार्ग पर खून से लथपथ शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ था। आशंका है कि देर रात शराब पार्टी के बाद किसी बात को लेकर बहस हुई थी जिसके बाद युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। हाफ पैंट और टी-शर्ट पहन रखा था।

### किराना दुकानदार की गला घोंटकर हत्या

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के शिकारगंज बाजार स्थित एक किराना दुकान में बीती रात अज्ञात अपराधियों ने दुकानदार विश्वनाथ साह की गला घोंटकर हत्या कर दी और दुकान से 85 हजार रुपये नकद लूट लिए। मृतक के छोटे भाई शिवशंकर प्रसाद ने बताया कि विश्वनाथ साह दुकान में ही सोते थे क्योंकि वे अकेले रहते थे। उनका बेटा काठमांडू (नेपाल) में कारोबार करता है। शिवशंकर के अनुसार रात करीब 10 बजे वे लोग दुकान से वापस घर चले गए थे जबकि विश्वनाथ साह दुकान में ही रुक गए थे।

### दोस्त के साथ गए युवक की मौत

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** पावापुरी ओपी अंतर्गत घोषरावां गांव में एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। मृतक घोषरावां गांव का रहने वाला 24 वर्षीय सत्यम कुमार है। परिजन दोस्त पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतक के परिजन ने बताया कि गांव के ही दोस्त मुन्ना, सत्यम को बुलाकर शनिवार शाम ले गया था। परिवार वाले आरोप लगा रहे हैं कि मुन्ना ने हीं सत्यम की हत्या कर दी है।

### वीर कुंवर सिंह सेतु से महिला ने लगाई छलांग

**बक्सर (नबिटा ब्यूरो)।** रविवार की सुबह एक महिला ने वीर कुंवर सिंह सेतु से गंगा नदी में छलांग लगा दी। घटना के समय घाट पर मौजूद महिलाओं और नाविकों की सतर्कता के कारण महिला की जान बच गई। उसी दौरान उन्होंने देखा कि पुल से एक महिला अचानक नदी में गिर गई। घाट पर शोर मचते ही नजदीक में मौजूद नाविकों ने बिना समय गंवाए नदी में छलांग लगा दी और कुछ ही मिनटों में महिला को बाहर निकाल लिया।

# कभी भी हो सकता है विश्व युद्ध : गडकरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि दुनिया में रूस-यूक्रेन और इस्राइल-ईरान जैसे युद्धों के कारण टकराव का माहौल बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर में 'बियॉन्ड बॉर्डर्स' नाम के पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है। रूस-यूक्रेन और इस्राइल-ईरान के बीच युद्ध जारी है। ऐसे हालात बन रहे हैं कि कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर भारत की सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध



की धरती है, जिसने दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया है। नितिन गडकरी ने कहा कि युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है। अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब मिसाइलें सीधे नागरिक बस्तियों पर गिराई जा रही है जिससे मानवता की रक्षा करना मुश्किल होता जा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है जिस पर वैश्विक स्तर पर चर्चा की जरूरत है।

# नये अभिलेख भवन का निर्माण तेजी से करें पूरा : मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अभिलेख भवन में महत्वपूर्ण सरकारी अभिलेख रखे जाते हैं। अभिलेखों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए अभिलेख भवन परिसर में नए भवन का निर्माण कराया जा रहा है ताकि, महत्वपूर्ण रिकॉर्डों को और बेहतर ढंग से संरक्षित रखा जा सके। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इस नये भवन के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करें। श्री कुमार आज अभिलेख भवन जाकर वहां कराये जा रहे विस्तारीकरण कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अभिलेख भवन परिसर का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान अभिलेख भवन में भारी मात्रा में अभिलेख संरक्षित किये गये हैं और अब



नये भवन की आवश्यकता को देखते हुये अभिलेख भवन को विस्तारित किया जा रहा है। नये भवन में अभिलेखों के व्यवस्थित संग्रहण की और ज्यादा सुविधा होगी तथा यहां रिसर्च स्कॉलर के लिये भी अध्ययन एवं शोध की आधुनिक सुविधायें उपलब्ध होंगी। कैफेटेरिया के साथ-साथ यहां अन्य सुविधायें भी उपलब्ध होगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिलेख भवन में महत्वपूर्ण सरकारी अभिलेख रखे जाते हैं। अभिलेखों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुये अभिलेख भवन परिसर में अभिलेख भवन के पीछे वाले भाग में नये भवन के निर्माण कराया जा रहा है ताकि महत्वपूर्ण रिकॉर्डों को और बेहतर ढंग से संरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि इस नये भवन निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह अपर मुख्य सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग डॉ. एस. सिद्धार्थ उपस्थित थे।

## थाना से आरोपित फरार, ड्यूटी पर तैनात पदाधिकारी निलंबित

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** हत्या मामले में गिरफ्तार टुनटुन सदा उर्फ लफुआ के बखरी थाना से फरार होने के मामले में एसपी ने कार्रवाई की है। आरोपित के भागने के समय थाना में ड्यूटी पर तैनात पदाधिकारी पुष्पलता को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही थानाध्यक्ष से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। हालांकि उसे बाद में पुलिस ने फिर से गिरफ्तार कर लिया। एसपी मनीष ने बताया कि 3 जुलाई को बखरी में उजान बाबा स्थान के पास इंद्रदेव राय उर्फ झावर मोटिया का मर्डर हुआ था। मारपीट के बाद इसकी मौत हुई थी। जांच के दौरान मामले में पुलिस ने घटना में शामिल एक अभियुक्त सुग्गा मुशहरी के रहने वाले टुनटुन सदा उर्फ लफुआ को बहियार से पकड़ कर थाना पर लाया था। आरोपी थाना परिसर से हाथ से हथकड़ी का रस्सी सरका कर भाग गया। बाद में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे फिर से पकड़ लिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए बखरी डीएसपी से मामले की जांच करायी जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है।




## बेउर जेल से प्रतिबंधित सामग्री बरामद, कई कर्मी निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के चर्चित व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या ने पूरे बिहार में सनसनी फैला दी है। गोपाल खेमका हत्याकांड के संदर्भ में पटना के आदर्श केन्द्रीय कारा बेउर में की गई औचक छापामारी से हड़कंप मच गया। पटना प्रमंडल के आयुक्त और प्रक्षेत्र के महानिरीक्षक के नेतृत्व में की गई इस छापामारी में तीन मोबाइल फोन और अन्य प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई है। जेल अधीक्षक नीरज कुमार झा ने पुष्टि की कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में कक्षपाल अंतोष कुमार सिंह, आशीष कुमार और ओम कुमार गुप्ता को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। वहीं दफा प्रभारी गिरीज यादव, वरिष्ठ प्रभारी नीरज कुमार रजक और जेल उपाधीक्षक अजय कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# बैंक लूट की कोशिश नाकाम, दो लुटेरे गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** अहियापुर थाना के एनएच-77 झपहा में एक बंधन बैंक को दिनदहाड़े लूटने की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। घटना रविवार को उस समय हुई जब आठ की संख्या में लुटेरे एक स्विफ्ट डिजायर कार और कुछ बाइकों पर सवार होकर बैंक पहुंचे। मौके पर मौजूद पुलिस की सतर्कता से लुटेरों की योजना पर पानी फिर गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो लुटेरों को मौके से खदेड़कर पकड़ लिया जबकि अन्य बदमाश मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार लुटेरों के पास से हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मौके से दो वाहन भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार लुटेरे अहियापुर और रामपुर हरि थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस दोनों से गहन पूछताछ कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी कोटा किरण कुमार, एसडीपीओ टाउन टू बिनीता सिन्हा और अहियापुर थाना प्रभारी रोहन कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने बताया कि पुलिस की सजगता से एक बड़ी वारदात टल गई है। फरार लुटेरों की तलाश में छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी पकड़ लिया जाएगा।

# पटना बंद का फैसला वापस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी गोपाल खेमका की हत्या के विरोध में 7 जुलाई को घोषित पटना बंद का फैसला फिलहाल वापस ले लिया गया है। यह जानकारी देते हुए बीसीसीआई एवं बीआईए के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिलजीत खन्ना ने बताया कि गोपाल खेमका की निर्मम हत्या से उत्पन्न आक्रोश के बीच, समाज के विभिन्न वर्गों विशेषकर व्यापार, उद्योग और व्यवसाय समुदाय की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए 7 जुलाई सोमवार को पटना बंद का आग्रह किया गया था। इस संबंध में मैंने बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष पटवारी और बीआईए अध्यक्ष के.पी.एस. केशरी को औपचारिक पत्र भेजकर उनका सहयोग मांगा था। श्री केशरी जी ने तत्परता दिखाते हुए डीजीपी और मुख्य सचिव से मिलकर पीड़ित परिवार को सहयोग और अपराधियों पर सख़्त कार्रवाई के आश्वासन की जानकारी दी। श्री खन्ना ने इस पहल के लिए श्री केशरी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का धन्यवाद किया जिन्होंने डीजीपी और सीएस को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार अब सक्रियता के मूड में है। दूसरी ओर बीआईए अध्यक्ष श्री पटवारी द्वारा अब तक कोई प्रतिक्रिया या सार्वजनिक बयान नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अब 7 जुलाई को प्रस्तावित पटना बंद को औपचारिक रूप से वापस लिया गया है। उन्होंने सभी व्यापारी साथियों, औद्योगिक संगठनों एवं व्यवसायियों का आभार प्रकट किया जिन्होंने उनके आह्वान पर समर्थन देकर एकजुटता दिखाई।



# बिहार की बेटियां बन रही 'सक्षम', दीक्षांत समारोह में मिला प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली (हाजीपुर) में आज 'सक्षम परियोजना' के तहत प्रशिक्षित महिलाओं का दीक्षांत समारोह और नई प्रशिक्षण बैच का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह महिला-केंद्रित कौशल विकास पहल हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के सहयोग से और ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा संचालित की जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि चिराग पासवान, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उनके साथ स्थानीय विधायक अवधेश सिंह, विवेक कुमार, एमडी व सीईओ, विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, हीरो मोटोकॉर्प और एएसडीसी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर ऑटोमोटिव टेली कॉलिंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल सर्विस असिस्टेंट और ऑटोमोटिव सेल्स एग्जीक्यूटिव जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही नए बैच का स्वागत भी किया गया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि इन बेटियों को कौशल प्रशिक्षण और सर्टिफिकेट के बाद प्लेसमेंट बदलते बिहार की तस्वीर है। भारत सरकार के स्किलिंग पहल का नतीजा है कि महिलाएं उन क्षेत्रों में कदम रख रही हैं जिन्हें पहले पुरुष-प्रधान माना जाता था। एएसडीसी के पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र में ग्रामीण स्तर पर भी बहुत मौके है। इलेक्ट्रिक व्हीकल के आने से यह मौके और बढ़ रहे हैं। उन्होंने आने वाले वक्त में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू करने का विचार रखा। एएसडीसी के वाइस प्रेसिडेंट विनकेश गुलाटी ने परियोजना के बारे में बताते हुए कहा कि सक्षम एक परिवर्तनकारी पहल है जो ऑटोमोटिव क्षेत्र में महिलाओं को प्रोत्साहित करता है। पहले चरण में 4,113 महिलाओं को प्रशिक्षित, 3,716 का मूल्यांकन और 3,555 महिलाओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए जा चुके हैं। पर इसकी असली सफलता उन जीवनों में दिखती है जो इससे बदले हैं।

उन्होंने बताया कि सक्षम फेज-2 की शुरुआत हो चुकी है जिसमें देशभर में 20,000 महिलाओं को 8 प्रमुख ऑटोमोटिव जॉब रोल्स में प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। अब तक 4848 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका हैं। जैसे-जैसे सक्षम परियोजना भारत के विभिन्न हिस्सों में विस्तार पा रही है, यह महिलाओं के लिए न केवल रोजगार बल्कि आत्मनिर्भरता और समानता का प्रतीक बनती जा रही है। सक्षम यह संदेश देता है—जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तब देश आगे बढ़ता है।



## दरभंगा में ननौरा-मोहम्मदपुर पथ के चौड़ीकरण हेतु 25.55 करोड़ स्वीकृत : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि दरभंगा जिले के पथ प्रमंडल अंतर्गत ननौरा से मोहम्मदपुर तक के पथ के चौड़ीकरण और सुदृढीकरण की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत की गई है। इसके तहत कुल 6.84 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस योजना के लिए 25.55 करोड़ (25 करोड़ 55 लाख 24 हजार) रुपये की राशि स्वीकृत दी गई है। श्री चौधरी ने बताया कि बिहार में एनडीए सरकार द्वारा पथ निर्माण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। यही वजह है कि 2005 के बाद बीस सालों में राज्य की सड़कों का बुनियादी ढांचा मजबूत हुआ है। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि यह सड़क न केवल स्थानीय लोगों के लिए आवागमन को आसान बनाएगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वर्तमान में यह मार्ग संकरा है जिससे आवागमन में बाधा आती है। इसके चौड़ीकरण और सुदृढीकरण से जहां यातायात सुगम होंगे वहीं रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# यदि भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा तो पहला राज्य बिहार होगा : धीरेन्द्र शास्त्री


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हिंदू एकता की ओर से पटना के गांधी मैदान में आयोजित सनातन महाकुंभ में बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने रविवार को कहा कि यदि भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा, तो पहला राज्य बिहार होगा। 'सनातन महाकुंभ' को संबोधित करते हुए उन्होंने हिंदुओं को एकजुट रहने की अपील की। धीरेंद्र शास्त्री ने जात-पात से ऊपर उठने का संदेश देते हुए कहा कि राष्ट्रवाद के लिए जीना आवश्यक है अन्यथा राष्ट्र विरोधी ताकतें सक्रिय होंगी। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें गजवा-ए-हिन्द बनाना चाहती हैं, लेकिन हमारा एक ही सपना है कि भगवा-ए-हिन्द होना चाहिए। हमें किसी विरोधियों से दिक्कत नहीं है, हमें उन हिन्दुओं से दिक्कत है जो जाति के नाम पर लड़ाते हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हमारी एक ही प्रार्थना है, हिंदुओं को घटने मत देना। हिंदुओं को बंटने मत देना। हिंदुओं जात-पात से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद के लिए जीना। उन्होंने कहा कि हमें मुसलमान, ईसाई से कोई दिक्कत नहीं। जातियों के नाम पर लड़ाने वाले हिंदुओं से दिक्कत। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि अगर भारत हिंदू राष्ट्र होगा तो पहला राज्य बिहार होगा। इसलिए हमारा एक ही सपना है कि भगवा-ए-हिन्द होना चाहिए। धीरेंद्र शास्त्री ने हिंदू एकता का जोरदार आह्वान करते हुए कहा कि सनातन खतरे में नहीं है, लेकिन बार-बार सनातन पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने बिहार को अपनी कर्मभूमि बताते हुए कहा कि तड़ित पालि मठ में 12 लाख से अधिक लोगों ने उनकी कथा सुनी जो विश्व रिकॉर्ड है। धीरेन्द्र शास्त्री ने बिहार को मां सीता, शिक्षा और नीति की भूमि करार देते हुए कहा कि बिहार का कर्ज हम कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद सनातन हिंदू एकता पदयात्रा की घोषणा की, ताकि इसे राजनीति से जोड़ने का आरोप न लगे। यह पदयात्रा दिल्ली से वृंदावन तक 7 नवंबर से शुरू होगी जिसके बाद बिहार में भी ऐसी यात्रा होगी। धीरेंद्र शास्त्री का यह कदम हिंदू एकता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा संदेश देता है। उन्होंने कहा कि 'हम घात नहीं प्रतिघात करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि 'हमारा सपना भगवा-ए-हिंद' है। वहीं, स्वामी रामभद्राचार्य ने मंच से सीतामढ़ी में सीता मंदिर निर्माण का संकल्प दोहराते हुए कहा कि जो वंदे मातरम कहेगा, वही भारत में राज करेगा। इस आयोजन में देशभर से साधु-संतों और लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने इसे धार्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक बनाया। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि बिहार सत्ता हिंदू विरोधियों को नहीं सौंप सकता है। मालूम हो कि 'सनातन महाकुंभ' का आयोजन भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्णता के अवसर पर किया गया है और इसका नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे कर रहे हैं।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव समापन अवसर पर सनातन महाकुंभ में शामिल हुए मंत्री डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में श्री राम कर्मभूमि न्यास एवं अखिल विश्व परशुराम महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव समापन समारोह एवं सनातन महाकुंभ कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने भाग लिया। साथ ही उन्होंने जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज का आशीर्वाद लिया एवं बिहार की पावन धरा पर बागेश्वरधाम पीठ के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का पटना हवाई अड्डे पर स्वागत अभिनंदन किया। इस आयोजन के सफलता के लिए पूर्व मंत्री भारत सरकार संस्थापक न्यासी, श्री राम कर्मभूमि न्यास कार्यक्रम संरक्षक अश्विनी कुमार चौबे जी को बधाई दी। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से सनातन संस्कृति, भारतीय जीवन मूल्यों एवं शाश्वत विचारधाराओं का प्रचार-प्रसार होता है। यह महाकुंभ भारतीय संस्कृति की उस अद्भुत मिशाल को प्रस्तुत करता है जो भौतिकता की दौड़ में लगे विश्व को शास्त्र और शस्त्र, दोनों के संतुलन का संदेश देता है। मंत्री ने कहा कि आज जब दुनिया आर्थिक व सामरिक शक्ति के प्रदर्शन में लगी है, भारत एक ऐसी सांस्कृतिक और बौद्धिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है जिसने अपने ज्ञान, विज्ञान, अर्थशास्त्र, गणित, चिकित्सा, व्याकरण और कला से पूरे विश्व को समृद्ध किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भारत की सांस्कृतिक धरोहर को विश्वपटल पर पुनर्स्थापित करने के कार्य में निरंतर प्रयासरत हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भगवान परशुराम सामाजिक समरसता, शक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। आज का यह महाकुंभ एक ऐसा मंच है जो विश्व में शांति, समरसता और परहित के मूल्यों को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम', 'सर्वे भवन्तु सुखिनः', 'नर में नारायण' जैसे सनातन सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर बल दिया।



# मुहर्रम पर ताजिया लेकर राबड़ी आवास पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोग

## वे हाथों में लाठी, भाला और तलवार लेकर राबड़ी आवास के पास जमा हुए थे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुहर्रम के मौके पर रविवार को बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग ताजिया लेकर राबड़ी आवास पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ ताजिया की पूजा की। इस धार्मिक आयोजन में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव भी मौजूद थे। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग हाथों मे लाठी और भाला लेकर राबड़ी आवास के पास जमा हुए थे। राबड़ी आवास में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने लालू के सामने हथियारों के करतब भी दिखाए। लालू यादव आवास के बाहर कुर्सी पर बैठकर अखाड़े के करतबों का आनंद ले रहे थे। अखाड़ा दल ने लाठी चलाकर पारंपरिक युद्ध कौशलेंद्र का प्रदर्शन किया जिसे देखकर लालू यादव ने उन्हें उत्साहित किया। राबड़ी देवी के साथ उनकी दोनों बेटियां रागिनी यादव और हेमा यादव भी इस आयोजन में शामिल थी। दोनों ने ताजिया के समक्ष माथा टेका और अखाड़े के सदस्यों को प्रसाद वितरित किया। बताया जाता है कि यह परंपरा दशकों पुरानी है। जब लालू प्रसाद मुख्यमंत्री थे तभी से मुहर्रम के अवसर पर ताजिया जुलूस उनके आवास पहुंचता रहा है। राबड़ी देवी के मुख्यमंत्री बनने के बाद भी यह परंपरा जारी रही और आज भी हर वर्ष ताजिया उनके आवास पर श्रद्धा के हाथ में लाया जाता है। ताजिया जुलूस और अखाड़ा देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग 10 सर्कुलर रोड के बाहर इकट्ठा हुए थे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे जिससे आयोजन शांति ओर सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। ताजिया की पूजा-अर्चना के बाद जुलूस आगे के गंतव्य की ओर रवाना हो गया। दरअसल, मुहर्रम का महीना इस्लामिक कैंलेडर का पहला महीना होता है। मुस्लिम धर्म को मानने वाले दुनिया भर में मुहर्रम मनाते हैं। शिया समुदाय के लोग पूरे माह पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे की शहादत को याद कर गमी करते हैं। हर साल की तरह इस साल भी इमाम हसरत हुसैन की शहादत पर ताजिया जुलूस लेकर शोक जताने लोग राबड़ी आवास पहुंचते थे। लेकिन अब यह सवाल उठ रहा है कि कैसे तलवार और लाठी लेकर लोग वीवीआईपी और प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गए।



# अधिकारियों के तबादलों को लेकर जदयू विधायक डॉ संजीव कुमार ने उठाया सवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जदयू के विधायक डॉ संजीव कुमार ने बिहार में हाल के महीनों में हुए अधिकारियों के तबादलों को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि आईएएस, आईपीएस हो या अन्य श्रेणी के अधिकारियों के तबादले में कुछ को 4 महीने तो कुछ को 6 महीने की छोटी अवधि में ही स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे तबादलों से विकास कार्य बाधित होता है। इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चिट्ठी भी लिखी है। डॉ संजीव कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखे पत्र में कहा है कि बिहार सरकार के नियमानुसार किसी भी सरकारी कर्मी /अधिकारी का ट्रांसफर और पोस्टिंग कम से कम 3 साल के उपरांत ही होता है। कुछ ट्रांसफर पोस्टिंग विशेष परिस्थितियों के कारण भी किया जाता है। उन्होंने बताया है कि ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा खगड़िया जिले के कार्यपालक अभियंता रामानुज कुमार, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल गोगरी को मात्र चार माह के संतोषप्रद कार्यकाल के दौरान ही ट्रांसफर कर अन्यत्र पदस्थापित किया जा रहा है। संजीव कुमार ने चिंता जताते हुए कहा कि इनके जाने से चुनावी साल में चल रही योजनाओं को ससमय कार्य पूर्ण होने में कठिनाई होगी। चार माह के ही कार्यकाल में इनका स्थानांतरण होना सोचनीय विषय है। दरअसल, यह कोई इकलौता मामला नहीं है जिसमें नौकरशाहों का बार बार तबादला हुआ हो या कुछ महीने में ही नई पोस्टिंग दी गई हो। हाल ही में पटना में एसएसपी का तबादला हुआ। आईपीएस अवकाश कुमार को पटना एसएसपी से हटाकर बीएमपी भेज दिया गया है। आईपीएस अवकाश कुमार केवल 6 महीने ही पटना के एसएसपी बनकर रह सके। अवकाश कुमार दिसंबर 2024 में पटना के एसएसपी बनाए गए थे। अब कार्तिकेय शर्मा को नए एसएसपी की जिम्मेदारी मिली है। इसी तरह कई अन्य अधिकारियों का नाम इस तरह के कम अवधि के तबादले वाली सूची में शामिल है। ऐसे में अब जदयू विधायक संजीव कुमार ने अपनी ही सरकार में हो रहे इस प्रकार के कम अवधि में नौकरशाहों के तबादले पर बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने पत्र की प्रतियां मुख्य सचिव और आरडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजी है। साथ ही उन्होंने कथित रूप से कई अन्य ऐसे मामलों का भी जिक्र किया जिसमें बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड में एक साथ सैंकड़ों इंजीनियरों का ट्रांसफर करना और यहां तक कि 3 महीने में ही दोबारा तबादला करने पर चिंता जताई है।

# राज्य के प्रत्येक प्रखंड से एक-एक विशेष उत्पाद का होगा चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य सरकार ने अपने क्षेत्र विशेष के खास उत्पादों को चिन्हित कर विशिष्ट पहचान दिलाने की कवायद शुरू कर दी है। इन उत्पादों को चिन्हित करने के लिए सभी जिलों को खासतौर निर्देश दिए गए हैं। उद्योग विभाग की तरफ से ये निर्देश सभी जिला महाप्रबंधकों को भेजे गए हैं। सभी को जिलों को 10 दिनों के अंदर इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर भेजनी है। प्रत्येक प्रखंड के मुख्य उत्पाद मसलन कृषि आधारित उत्पाद, वस्त्र एवं चर्म, कला एवं शिल्प, व्यवसायी, उद्यमी समेत ऐसे अन्य सभी तरह के उत्पादों की पहचान कर उनकी खासियतों का विस्तृत विवरण तैयार कर इनकी पहचान की जाएगी। इसके बाद इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। केंद्र सरकार की एक जिला एक उत्पाद की परिकल्पना को अमलीजामा पहनाने के लिए राज्य के उद्योग विभाग ने यह पहल शुरू की है। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले को उस उत्पाद के प्रचार के माध्यम से निर्यात केंद्र में परिवर्तित करना है जिसमें वह जिला विशेषज्ञता रखता है। इस योजना के अंतर्गत विनिर्माण को बढ़ाकर स्थानीय व्यवसायों, निदेशकों समेत अन्य को समर्थन प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसी परिकल्पना को आकार देने के लिए बिहार में भी एक प्रखंड, एक उत्पाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस मामले में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा का कहना है कि भारत सरकार के इस प्रयास से हर जिले की विशिष्ट पहचान सामने आएगी और इसके साकारात्मक परिणाम भी दिख रहे हैं। बिहार में भी हर प्रखंड में कुछ न कुछ विशेष है। इन्हें चिन्हित करके इन उत्पादों की पहचान की जाएगी जिससे प्रखंड की पहचान भी होगी और उत्पाद को खासतौर तवज्जों मिलेगा। सभी जिलों से 10 दिनों में ऐसे उत्पादों को चिन्हित कर सूची मांगी गई है। इसके आधार पर कार्ययोजना तैयार कर इन्हें लागू किया जाएगा।

# राज्य में 11 हजार से अधिक लोगों ने ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस बनवाए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में वाहन चलाने के लिए घर बैठे ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) और लर्निंग लाइसेंस (एलएल) बनवाने की उपलब्ध कराई गई सुविधा लोगों को रास आने लगी है। लोग तेजी से इस ऑनलाइन सुविधा का लाभ उठाने लगे हैं। हालांकि अभी भी ऑफलाइन तरीके से लाइसेंस बनाने वालों की संख्या ऑनलाइन वालों की तुलना में अधिक है। परिवहन विभाग लोगों को कुल 46 तरह की फेसलेस सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध करा रहा है जिससे लोगों के समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जनवरी से जून माह के बीच कुल 11 हजार 580 लोगों ने ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस हासिल किए हैं। ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस बनवाने के मामले में पश्चिमी चंपारण जिला (बेतिया) चार हजार 458 लोगों के साथ पहले स्थान पर है। जबकि एक हजार 179 एलएल के साथ पटना जिला दूसरे और एक हजार 104 एलएल के साथ सीतामढ़ी जिला तीसरे स्थान पर है।

राज्य में ऑफलाइन तरीके से भी डीएल और एलएल बनाने की सुविधा है। पिछले छह महीने में कुल तीन लाख 52 हजार 519 लोगों ने एलएल लिया है जिसमें सबसे अधिक 40 हजार एलएल मुजफ्फरपुर जिले के लोगों को निर्गत किया गया है।

# एनडीए ने बिहार को क्राइम कैपिटल बनाया

## व्यवसायी गोपाल खेमका हत्याकांड पर बोले देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सूबे की राजधानी पटना में चर्चित व्यवसायी चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में रोटरी इंटरनेशनल क्लब के शीर्ष आईओएल गोपाल खेमका के गांधी मैदान स्थित आवास के बाहर अपराधियों द्वारा हत्या किए जाने के बाद देश के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट करके गहरा रोष जताया है। उन्होंने हाल में नालंदा के दौरे पर बिहार को एनडीए राज में देश का 'क्राइम कैपिटल' बताया था और यह बात सच साबित होती दिख रही है। देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने संदेश में मृत गोपाल खेमका के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा है कि पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है - भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को 'भारत की क्राइम कैपिटल' बना दिया है। आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां 'नया नॉर्मल' बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम। बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती। हर हत्या, हर लूट, हर गोली - एक चीख है बदलाव की। अब वक्त है एक नए बिहार का - जहाँ डर नहीं, तरक्की हो। साथ ही उन्होंने बिहार के आम मतदाताओं को आह्वान किया है कि इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने के लिए करना होगा। बताते चले कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाल में ही अपने बिहार के नालंदा दौरे पर सूबे के भाजपा जदयू सत्ता के सरपरस्ती में अनियंत्रित अपराध पर हमलावर होकर बिहार को 'देश की अपराध की राजधानी' बताया था और उन्होंने नीतीश भाजपा के शासन काल को गुंडाराज की संज्ञा भी दी थी।

# सेव अर्थ मिशन का ग्लोबल विजन लॉन्च, 60 देशों में होगा वृक्षारोपण अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गिफ्ट सिटी क्लब में आयोजित एक ऐतिहासिक समारोह में सेव अर्थ मिशन ने अपने महत्वाकांक्षी 'ग्लोबल विजन' अभियान की औपचारिक शुरुआत की। यह मिशन दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता पर्यावरणीय आंदोलन है, जो अगस्त 2025 से 60 से अधिक देशों में एक साथ विशाल वृक्षारोपण अभियान चलाएगा। कार्यक्रम में दुनियाभर के जलवायु विशेषज्ञ, सरकारी प्रतिनिधि, पर्यावरणविद, छात्र और नवप्रवर्तक शामिल हुए। सेव अर्थ मिशन के अध्यक्ष संदीप चौधरी ने इस अभियान को 'एक वैश्विक क्रांति' करार दिया। उन्होंने कहा 'हम सिर्फ पेड़ नहीं, आशा बो रहे हैं। यह अभियान टोक्यो के स्कूलों से लेकर न्यूयॉर्क के पार्कों और हिमालय के गांवों से लेकर दुबई के रेगिस्तानों तक चलेगा। सेव अर्थ मिशन ने पहले भी एक घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। अब मिशन का लक्ष्य 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना है। इस लक्ष्य को पाने के लिए महाद्वीपों में फैले स्वयंसेवकों को सक्रिय किया जाएगा। कार्यक्रम में इंटरनेशनल एडवाइजर-कॉर्पोरेट अफेयर्स, डॉ. अजय देसाई ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यह अभियान न सिर्फ हरियाली बढ़ाएगा, बल्कि लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी लाएगा। सेव अर्थ मिशन का यह अभियान नेट जीरो भविष्य की ओर एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# कैथी लिपि के अभिलेखों का देवनागरी में होगा अनुवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की समृद्ध विरासत को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए एक ऐतिहासिक पहल की गई है। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन (डीआईबीडी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत एआई के माध्यम से कैथी लिपि में लिखे गए पुराने अभिलेखों का देवनागरी में लिप्यंतरण किया जाएगा। यह एमओयू डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन के सीईओ अमिताभ नाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह की ओर से हस्ताक्षरित किया गया। मुख्य सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि ये बेहद ही सराहनीय शुरुआत है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने अपने विभाग की समस्या को ध्यान में रखते हुए इस पर बड़ी पहल की है। ये भविष्य में सभी विभागों के लिए एक अच्छा कदम साबित होगा। सभी विभाग भाषिणी के माध्यम से कनेक्ट हो सकेंगे। इसके साथ ही शिक्षा, समाज कल्याण, पर्यटन विभाग को इस सुविधा का इस्तेमाल कर लाभान्वित होने का पूरा मौका है। मुख्य सचिव ने कहा कि भाषिणी के साथ सहयोग बिहार सरकार के कई विभागों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। प्रशासनिक एवं अन्य समस्याओं के लिए तकनीकी समाधान निकाले जा सकते हैं। कैथी लिपि में बहुत सारे रिकॉर्ड्स हैं जिसे पढ़ने के लिए काफी मुश्किलातों का सामना करना पड़ता है। रिटायर्ड कर्मियों पर विभागों की आज भी निर्भरता रहती है, लेकिन आशा है कि इस तकनीक के माध्यम से अब ये खत्म होगी और लोगों की क्षमता विकसित हो सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने पाली के स्क्रिप्ट को हिन्दी और अंग्रेजी में रुपांतरित करने पर भी जोर दिया। साथ ही बिहार स्पेसिफिक हैकथॉन लॉन्च कराने का भी निर्देश दिया।

वहीं, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि यह पहल विशेष सर्वेक्षण की वर्तमान प्रक्रिया में भी सहायक होगी क्योंकि अधिकतर पुराने कैडस्ट्रल एवं पुनरीक्षण सर्वे अभिलेख कैथी लिपि में हैं जिन्हें पढ़ने में काफी कठिनाई हो रही है। वहीं, डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन के सीईओ अमिताभ नाग ने कहा कि भाषा किसी भी चीज में बाधा न रहे, इस पर जोर दिया जा रहा है। सभी को अपनी भाषा में लिखना-पढ़ना और बोलना आना चाहिए। यह पहल न केवल ऐतिहासिक ज्ञान को बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण है बल्कि इसे आधुनिक तकनीक के माध्यम से अधिक सुलभ भी बनाएगी। बिहार का नेतृत्व प्रशंसनीय है। एमओयू कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेंदर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा समेत सभी विभागों के एसीएस/पीएस/सचिव सहित राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान में डीआईबीडी की तरफ से राज्यम कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न तकनीकी विशेषज्ञों, अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में ज्ञान साझा करने, क्षमता निर्माण और भाषिणी के भाषा प्रौद्योगिकी ढांचे को राज्य विभागों में एकीकृत करने की योजना पर चर्चा की गई। कार्यशाला में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि भाषिणी ने कैथी लिपि के अभिलेखों की देवनागरी में अनुवाद पर काम शुरू कर दिया है। हालांकि दूसरे विभाग भी इनका लाभ उठा सकते हैं। भाषिणी हमारी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने में भी काफी मददगार साबित हो सकती है। उन्होंने पाली के आलेखों को हिन्दी में रुपांतरित करने पर बल दिया। इस कार्यशाला में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह, सीआईडी के एडीजी पारसनाथ, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जे. प्रियदर्शिनी, विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह, डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन के सीईओ अमिताभ नाग समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

# प्रत्येक मतदाता को उपलब्ध करायें गणना प्रपत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेश का अर्हता तिथि 1.07.2025 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ किया गया है, जो राष्ट्रीय महत्व का है। इसके पूर्व बिहार में 01 जनवरी 2003 के आधार पर गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया था। उसके पश्चात शिक्षा, रोजगार आदि के दृष्टिगत वे अनेक सामाजिक परिवर्तन के आलोक में शुद्ध निर्वाचक सूची तैयार करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण संचालित करने की आवश्यकता आयोग द्वारा महसूस की गई। इसका प्रमुख उद्देश्य निर्वाचक सूची में सभी योग्य व्यक्तियों को पंजीकृत करना एवं पंजीकृत अयोग्य व्यक्तियों को निर्वाचक सूची से बाहर करना है। मतदाता होने के लिए भारतीय संविधान तथा लोक प्रतिनिधित्व 1950 में वर्णित किया गया है कि व्यक्ति का भारतीय नागरिक होना, 18 साल की उम्र धारित करना तथा मतदान केन्द्र क्षेत्र का सामान्य निवासी होना आवश्यक है। इसीलिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी नागरिकों को अपनी नागरिकता आयु तथा निवास की जानकारी लेना आवश्यक किया गया है। यह कार्यक्रम 25 जून से प्रारम्भ किया गया है तथा 26 जुलाई तक संचालित होगा। 01 अगस्त को निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशित होगा तथा दावा आपति प्राप्त करते हुए इस 30.09.2025 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। निर्वाचक सूची की शुद्धता हेतु संचालित इस वृहद कार्यक्रम में बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक निर्वाचक को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है तथा संलग्न किये जाने वाले कागजात की जानकारी दी जा रही है। फार्म भरने में सहयोग किया जा रहा है। बी0एल0ओ0 द्वारा राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त गये बी0एल0ए0 - 02 दूसरे से सम्पर्क किया जा रहा है। सभी मतदाताओं को फार्म भरने में जानकारी हेतु टॉल फ्री नम्बर 1950 प्रातः 07:00 पूर्वाह्न से अपराह्न 10.00 तक कार्यरत है जहां पर काल करके कोई भी जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही बी0एल0ओ0 द्वारा किया जा रहे है कार्यों के अनुश्रवण हेतु जिला स्तर पर अनुश्रवण कोषांग बनाया गया है जिसके वरीय पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी है तथा नोडल पदाधिकारी जिला पंचायत राज पदाधिकारी को बनाया गया। इस कोषांग में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, दीपचन्द्र जोशी, डायरेक्टर मनरेगा एन0ई0पी0, प्रमोद कुमार, जिला विकास पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका को सम्मिलित किया गया है। बी0एल0ओ0 द्वारा गणना प्रपत्र वितरण के साथ भरे हुए मतगणना प्रपत्र प्राप्त कर बी0एल0ओ एप में अपलोड करने की कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है। 210 - दिनारा विधान सभा के भाग संख्या - 297 के मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी सुरेश कुमार सिंह द्वारा सर्वाधिक 62 प्रपत्र बी0एल0ओ0 एप पर अपलोड किया गया है। इसी प्रकार 209 - करगहर विधान सभा के भाग संख्या - 188 भाग के बी0एल0ओ0 द्वारा 47 फार्म अपलोड करके दूसरा स्थान प्राप्त किया गया है तथा 213 - काराकाट विधान सभा के भाग संख्या - 18 के मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी द्वारा 47 फार्म अपलोड करके तीसरा स्थान प्राप्त किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा उक्त तीनों मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

# शारीरिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** डिहरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिआंव पंचायत के टड़वा स्थित खेल के मैदान में होमगार्ड की तैयारी कर रहे युवक-युवतियों के लिए शारीरिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। शारीरिक प्रतियोगिता का आयोजन पंचायत के मुखिया अनिल कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में होमगार्ड की बहाली के तर्ज पर ही इस खेल के मैदान में शारीरिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया है जिस तरह से होमगार्ड भर्ती के लिए दौड़ लांग जंप हाई जंप गोला फेंक आदि की परीक्षा होती है और अंक मिलता है। उसी तरह से इस खेल के मैदान पर भी शारीरिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य है कि होम गार्ड का शारीरिक परीक्षा का डर चल रहा है। अधिकतर ऐसा होता है कि प्रतिभागी अपने स्तर से अच्छे से तैयारी करते हैं और उनको उम्मीद भी रहता है कि हमारा चयन भी हो जाएगा, लेकिन जैसे ही प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचते है तो मनो वैज्ञानिक रूप से दबाव में आ जाते हैं जिसके कारण वे शारीरिक परीक्षा में अपना 100 प्रतिशत नहीं दे पाते हैं जिसके कारण चयन नहीं हो पाता है। शारीरिक परीक्षा में उसी दबाव से उभर कर बेहतर परिणाम लाने के लिए शारीरिक परीक्षा का आयोजन किया गया है। इस शारीरिक परीक्षा में पंचायत के सैकड़ों अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया जिसमें सभी अभ्यर्थियों में टॉप 9 युवकों को तथा टॉप 5 लड़कियों को फूल माला, गुलदस्ता, बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं होम गार्ड के भर्ती में हिस्सा लेकर और अच्छे अंक प्राप्त कर आय हुए तीन लड़कों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर उदय कांत चौधरी, दिल किशोर कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने डीडीयू-गढ़वा रोड रेलखंड का किया चल निरीक्षण

## बगहा बिशनपुर स्टेशन पर सुविधाओं एवं कार्यों का सूक्ष्मता से लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा आज शनिवार को मंडल के अंतर्गत डीडीयू -सोन नगर- गढ़वा रोड रेलखंड का निरीक्षण यान से चल निरीक्षण (विंडों ट्रेलिंग) किया गया। इस चल निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा इस रेल खंड में स्टेशन, रेलवे ट्रैक, छोटे-बड़े पुल- पुलिया आदि का जायजा लिया गया। इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा बगहा बिशुनपुर स्टेशन पर गहन निरीक्षण किया गया। स्टेशन पर यात्री सुविधा के अलावा स्टेशन भवन, सोलर पावर सिस्टम, रेलवे



ट्रैक आदि के साथ कामकाज का निरीक्षण किया गया। वहां मंडल रेल प्रबंधक द्वारा ट्रैक मेंटेनेंस और ट्रैक मेजरमेंट कार्य का सूक्ष्मता से जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा वहां कार्यरत रेल स्टाफ से सुविधा एवं कार्य प्रणाली को लेकर संवाद भी किया गया। डीडीयू - गढ़वा रोड रेल खंड के चल निरीक्षण के बाद मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना धनबाद मंडल के अंतर्गत बरवाडीह में स्थित रनिंग रूम पहुंचे। बड़ी संख्या में डीडीयू मंडल के रनिंग स्टाफ जैसे लोको पायलट और गार्ड कार्य के दौरान इस रनिंग रूम में ठहरते हैं। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा रनिंग रूम में रनिंग स्टाफ हेतु उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। साथ ही रनिंग रूम में मौजूद रनिंग स्टाफ से मेस और शयन कक्ष में जाकर परस्पर संवाद किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्वयं मेस में लोको पायलट और गार्ड के साथ बैठकर दोपहर का भोजन किया गया एवं कार्य के साथ रनिंग रूम में सुविधाओं को लेकर उनका फीडबैक प्राप्त किया गया। इसके बाद मंडल रेल प्रबंधक द्वारा बरवाडीह स्टेशन पर क्रू लॉबी का निरीक्षण किया गया। आज के पूरे निरीक्षण के दौरान मंडल के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर किया गया माल्यार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बाबू जगजीवन राम मानव कल्याण संस्थान के तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके स्मारक पर माल्यार्पण संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण स्वामी की अध्यक्षता एवं संस्थान के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पटना के जिला जज छेदी राम के द्वारा बाबूजी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने बाबूजी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। संस्थान के सचिव अरुण कुमार कौशल ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए बाबू जगजीवन राम के



व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबूजी अनेक विभागों के मंत्री के रूप में देश का कायाकल्प किया। देश में भीषण अकाल के समय बाबूजी को कृषि मंत्री बनाया गया था जिन्होंने कृषि के नए टेक्नोलॉजी को लाकर देश में हरित क्रांति एवं श्वेत क्रांति के द्वारा देश को आत्मनिर्भर बनाया। रक्षा मंत्री के रूप में भारत-पाकिस्तान युद्ध में पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश को आजाद कराया। बाबूजी सासाराम संसदीय क्षेत्र से आजीवन सांसद रह कर अपने क्षेत्र में विकास का एक कीर्तिमान स्थापित किया था। ऐसे महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भारत रत्न देने का मांग करता हूं। इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष जगरोपन सिंह, प्रवक्ता राकेश कुमार, सुमंत कुमार सिंह, रवींद्र प्रसाद सिंह अधिवक्ता, निर्भय कुमार सिंह अधिवक्ता, विधानसभा प्रत्याशी श्वेता देवी, शिवजी राम, नवल किशोर, जावेद अख्तर, सेवादार दशरथ राम, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र पासवान, बाबू चंद्र सिंह, दिलीप राम, गुरु प्रसाद प्रजापति, नित्यानंद शर्मा, दीपक कुशवाहा, पुनवासी राम, एलआईसी एडवाइजर मधुमिता कुमारी, रूबी कुमारी, रेणु कुमारी, पायल कुमारी, जानवी कुमारी, कुमारी समीक्षा, रानी राज, संध्या सिंह, जितेंद्र कुमार, अखिलेश्वर नाथ, वीरेंद्र प्रसाद, रवि कुमार, प्रमोद कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, उमेश कुमार, पायल श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुशवाहा सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बने आशुतोष सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** गौरक्षणी वार्ड नंबर 13, सासाराम के रहने वाले आशुतोष सिंह को पुनः दुबारा बिहार प्रदेश अध्यक्ष किसान बनाए गये आशुतोष सिंह, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी दिल्ली कार्यालय से राष्ट्रीय सचिव सह बिहार पर्यवेक्षक सच्चिदानंद सिंह ने पत्र जारी कर बताया कि गजरारह गौरक्षणी सासाराम के आशुतोष सिंह पुनः दोबारा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाए गये। यह पत्र दिल्ली कार्यालय से जारी किया गया है। आशुतोष सिंह सासाराम विधानसभा क्षेत्र से 2020 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सिंबल चुनाव चिन्ह से चुनाव भी लड़ चुके हैं तथा



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के रोहतास जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। साथ में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष के साथ-साथ बिहार प्रदेश मुख्य प्रवक्ता भी बनाए जा चुके हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सासाराम रोहतास सहित पूरे बिहार के लोग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हर्ष व्यक्त किए हैं। इस मौके पर नियुक्त किसान प्रदेश अध्यक्ष बिहार आशुतोष सिंह ने कहा कि जिस तरह महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री सह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने मुझ पर विश्वास करके किसान के प्रदेश अध्यक्ष बनाये है। मैं बिहार में पार्टी को बहुत ही मजबूत करने का काम करूंगा। मेरा मुख्य उद्देश्य आम जनता किसानों के हित में काम करना और किसानों के आवाज बनकर सरकार तक बात पहुंचाना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पूरे बिहार में मजबूती प्रदान करना है।

# तिलौथू के सरस्वती आईटीआई में स्वरोजगार को लेकर सराहनीय पहल

## दो छात्राओं को सिलाई मशीन, पांच को कैची प्रदान किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सरस्वती आईटीआई परिसर में शनिवार को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आईटीआई द्वारा संचालित सिलाई-कटाई प्रशिक्षण केंद्र की दो कुशल छात्राओं को सिलाई मशीन और पांच अन्य छात्राओं को कैची प्रदान कर सम्मानित किया गया। सिलाई मशीन प्राप्त करने वाली छात्राएं ममता कुमारी (नवारा निवासी) एवं निशा कुमारी (बाबूगंज निवासी) हैं



जिन्होंने प्रशिक्षण केंद्र से सिलाई-कटाई का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने दोनों प्रतिभाशाली छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उन्हें स्वरोजगार के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विशेष रूप से पटना से पधारे गौरव राय ने जानकारी दी कि उनके बड़े भाई अरुण मरोड़िया एवं साले साहब के सहयोग से ये दोनों सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आगे भी प्रत्येक बैच में सफल छात्राओं को स्वरोजगार हेतु सहायता प्रदान की जाएगी जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्राचार्य विष्णु कुमार ने किया। मौके पर सरस्वती आईटीआई के अध्यक्ष एवं बिहार बाल संरक्षण आयोग के सदस्य सुशील कुमार तथा सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य विष्णु कुमार ने जानकारी दी कि गौरव राय पहले भी इस प्रशिक्षण संस्थान को सिलाई मशीनें उपलब्ध करा चुके हैं। इस बार उन्होंने न केवल सिलाई मशीनें दीं, बल्कि अपने निजी खर्च पर पासआउट तीन महिलाओं को ब्यूटीशियन कोर्स दिलवाने का भी वादा किया। ताकि वे रोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही जिनमें उत्साह एवं प्रेरणा की झलक स्पष्ट दिखाई दी। यह पहल न सिर्फ ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दे रही है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम भी सिद्ध हो रही है।

# शैक्षणिक सत्र के लिए पांच विषयों में शिक्षा प्रदान करने हेतु अनुमोदन पत्र जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सूचना प्रौद्योगिकी संकाय एवं अभियांत्रिकी विभाग को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पांच विषयों में शिक्षा प्रदान करने हेतु अनुमोदन पत्र जारी कर दिया है। संस्थान द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी संकाय एवं अभियांत्रिकी विभाग में कंप्यूटर साइंस एवं अभियांत्रिकी



जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग दो विषय होंगे इसके लिए 60 सीटों पर नामांकन लेने का अनुमोदन प्राप्त हुआ है जबकि कंप्यूटर साइंस एवं अभियांत्रिकी में 120, कृषि अभियांत्रिकी में 60 तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन अभियांत्रिकी में 60 सीटों पर नामांकन हेतु अनुमोदन प्राप्त हुआ है। इसके लिए संस्थान के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह, प्रतिकुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह के साथ ही संस्थान के सभी उच्चाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी संकाय एवं अभियांत्रिकी विभाग को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि ए आई सी टी ई की स्थाई संख्या प्राप्त संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। साथ ही यहां शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र देश के विभिन्न संस्थाओं में प्लेसमेंट प्राप्त कर रहे हैं।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भारत की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाली प्रखर राष्ट्रवादी नेता, महान चिंतक और जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती डिहरी कुशवाहा भवन में उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। पूर्व विधायक इं. सत्यनारायण यादव ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि



उनके द्वारा एक देश में दो विधान, दो प्रधान एवं दो निशान नहीं चलेगा। आज उसका अक्षरशः देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी, नगर उपाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, महामंत्री ग्रामीण मंडल अनिल सिंह, शकुंतला सिंह, सोनी देवी, पतंजलि जिला प्रभारी सरोज देवी, शोभा देवी, हेमंती देवी, किरण देवी, रमा देवी, मिंटू देवी, सुनीता देवी, अंजू लता देवी, अनीता देवी, सरोज अग्रवाल अन्य सामाजिक महिला एवं कार्यकर्ता ने उनके मार्गों पर चल देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# हरित क्रांति के जन्मदाता थे बाबू जगजीवन राम : अशोक राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा पटना स्थित पार्टी कैंप कार्यालय में पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में श्रद्धेय बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत अशोक राम ने कहा बाबू जगजीवन राम के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कई विभागों का मंत्री पद का जिम्मेवारी संभाले वे हरित क्रांति के जन्मदाता थे। उन्होंने पूरा जीवन देश एवं प्रदेश के सेवा में लगाया। पार्टी के नेता रितेश रंजन, मुन्ना चौधरी, मनोज कुमार, पटना महानगर अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, विनोद पप्पू एवं अन्य पदाधिकारीगण ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



# जयंती पर याद किए गए रामविलास पासवान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड क्षेत्र के चिलबिला गांव में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने पार्टी के आदर्श, संस्थापक पद्मभूषण रामविलास पासवान की 79 वीं जन्मदिवस के अवसर पर सच्ची श्रद्धा के साथ रामविलास पासवान के तैल्य चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही उनके कार्यों और समाज के प्रति उनके योगदानों को याद किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों पेड़ पौधे लगाए गए और अन्य लोगों से भी प्रकृति के सुंदरता और संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण करने की बात की गई। वही इस मौके पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के डिहरी प्रखंड अध्यक्ष सह बरांव-कला पंचायत के मुखिया ददन पासवान, विनय कुमार सिंह किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव, रणविजय सिंह डिहरी विधानसभा प्रभारी, रामायण राम सरपंच बरांव कला, रामसुभग सिंह, गुड्डू सिंह, नीलू सिंह, जग्गू सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# सेकंड रोहतास जिला भारोत्तोलन चैंपियनशिप संपन्न, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** स्थानीय सत्यम प्लेस सासाराम में खेल भावना और युवाओं के उत्साह को नई उड़ान देने वाला 'सेकंड रोहतास जिला भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025' का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस प्रतियोगिता में कैडेट, यूथ, जूनियर और सीनियर वर्ग के कुल 56 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और शक्ति व संतुलन के संगम से भरी इस प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉक्टर सचिन कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भारतीय जनता पार्टी, बिहार रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और नशामुक्त स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।




विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार सत्यानंद कुमार की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रोहतास जैसे जिलों से निकलने वाली प्रतिभाएं राज्य और देश का नाम रौशन करेंगी। कार्यक्रम में भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष कुमार शशि रंजन, सचिन सुधाकर कुमार उर्फ रितेश मिश्रा और कोषाध्यक्ष अमरजीत दूबे भी उपस्थित रहे जिनके नेतृत्व और सहयोग से इस आयोजन को सफल बनाया गया।

**विजेता खिलाड़ियों का जलवा:**

प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। **54 किलोग्राम वर्ग:** रोहित कुमार ने बेहतरीन लिफ्ट के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। 71 किलोग्राम वर्ग: मिकी कुमार ने दमदार प्रयासों के साथ स्वर्ण पदक जीता। 90 किलोग्राम वर्ग: आदित्य कुमार ने जबरदस्त प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**बालिका वर्ग में भी दिखा जोश:**

55 किग्रा वर्ग: शालू सिंह ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। 47 किग्रा वर्ग: अंजली कुमारी ने दमदार प्रदर्शन से गोल्ड मेडल अपने नाम किया। पायल कुमारी ने 55 किग्रा वर्ग में दूसरा स्थान, जबकि साक्षी कुमारी ने भी शानदार प्रयास करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्पष्ट हुआ कि रोहतास जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। युवाओं में बढ़ती खेल भावना और प्रतियोगिताओं में भागीदारी जिले को खेल मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

**SHAHABAD DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.**
**शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0**
COMFED
आरा डेयरी, आरा, कतीरा, आरा–802301, ई–मेल–aradairyara@gmail.com

शादुसं:अभि0:2817 | **निविदा सूचना** | दिनांक:–05.07.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए वैसे संवेदक जिनका निबंधन बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/जल संसाधन विभाग या कॉम्फेड के समुचित श्रेणी में है, से मुहरबन्द निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कॉम्फेड को छोड़कर अन्य विभागों में निबंधित संवेदकों को परिमाण विपत्र के क्रय के समय यह साक्ष्य जमा करना होगा कि उनके द्वारा विगत चार वर्षों में नीचे उल्लिखित कार्यों के लागत का जिसके लिए निविदा दे रहे है या उससे अधिक का कम से कम दो अलग–अलग समान प्रकृति का कार्य अवश्य पूरा किया गया हो। इस साक्ष्य के आभाव में परिमाण विपत्र निर्गत नही किया जाएगा।

परिमाण विपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय/शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा के वेब साइट (www.smusudhaara.com) से दिनांक 28.07.2025 के 3.00 बजे अपराह्न तक क्रय किया जा सकता है। वेब साइट से डाउनलोड किये गए परिमाण विपत्र का मूल्य डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा के नाम से देय होगा। निविदा निबंधित डाक या कुरियर द्वारा भेजे जाने पर ही स्वीकार की जाएगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 30.07.2025 के 3.00 बजे अपराह्न तक होगी। प्राप्त निविदाएँ निविदादाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 30.07.2025 को 3.30 बजे अपराह्न मे खोली जाएगी। विलम्ब से प्राप्त निविदा के लिए शाहाबाद जिम्मेवार नहीं होगा। कॉम्फेड के संवेदकों को छोड़कर अन्य संवेदको को निविदा प्रपत्र के साथ सभी कागजात यथा जी0एस0टी0, पैन निबंधन, भुगतान प्रमाण–पत्र, राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा अन्यथा इसके अभाव में निविदा पर विचार नही किया जाएगा। निविदा की तिथि बढ़ाने या रद्द करने का अधिकार शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा को सुरक्षित रहेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का (मूल्य रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Boring 200/100 mm, 150 mtr depth at Milk Chilling Centre Dumraon. | 3,02,482.00 | 6,050.00 | 750.00 | 01 (One) Month |

प्रबंध निदेशक

# पचौरी में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कई योजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

## नीतीश सरकार ने बदल दी बिहार की तस्वीर: श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्रवण कुमार ने शनिवार को ग्राम पंचायत राज पचौरी में कई विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार के नेतृत्व में बिहार आज रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना के क्षेत्र में देशभर में मिसाल बन चुका है। कार्यक्रम के दौरान दीपनगर से ओकनावां होते हुए मौलानगर तक पक्की सड़क की मरम्मत कार्य का शुभारंभ किया गया। वहीं ग्राम नवीनगर में 5.20 लाख की लागत से निर्मित आरसीसी पुलिया और पैन उडाही का लोकार्पण भी किया गया। इसके अलावा ओकनावां से कुंडलपुर रोड तक 5.19 लाख की लागत से बनी मिट्टी भराई, ईंट सोलिंग एवं पेवर ब्लॉक सड़क का उद्घाटन किया गया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा, आज बिहार सबसे अधिक सरकारी नौकरी देने वाला राज्य बन गया है। राज्य में जो तेज गति से विकास हो रहा है, उसकी तुलना किसी भी राज्य से नहीं की जा सकती। यह सब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। कार्यक्रम में जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, किशोर महतो, प्रदीप मुखिया, गुलशन कुशवाहा, सुबोध पंडित, मुन्ना पासवान, निरंजना गुप्ता, रविंद्र कुशवाहा, संतोष मेहता, सुरेश कुशवाहा, शशिभूषण प्रसाद, संजय पटेल, मोहन महतो, मुन्ना मांझी, धर्मेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# नालंदा को मिलेगा 'अटल कला भवन', 620 सीटों वाला आधुनिक ऑडिटोरियम होगा तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा जिले में कला, संस्कृति और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए एक नई पहल की शुरुआत होने जा रही है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार के प्रयास से मौजा-लखरावां में दो एकड़ भूमि पर 'अटल कला भवन' का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए कला, संस्कृति एवं युवा विभाग को भूमि हस्तांतरित कर दी गई है। यह भव्य ऑडिटोरियम 620 लोगों की बैठने की क्षमता वाला होगा, जिसमें नाट्यशाला, संगीत कक्ष, सांस्कृतिक मंच सहित कला से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। भवन का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने की संभावना है।




**कला और रोजगार का मिलेगा मंच**

इस परियोजना से थिएटर, फिल्म, धारावाहिक और मनोरंजन उद्योग में रुचि रखने वाले युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। यह भवन नालंदा जिले का पहला और सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र होगा, जो स्थानीय कलाकारों और कला प्रेमियों के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराएगा। स्थानीय कलाकारों और सांस्कृतिक संगठनों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे जिले को नई सांस्कृतिक पहचान मिलेगी और युवा प्रतिभाओं को स्थानीय स्तर पर मंच मिलेगा, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।जिला प्रशासन की यह पहल नालंदा को सांस्कृतिक समृद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मनरेगा से बने पशु शेड पर दबंगों का कब्जा पीड़ित ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के बेन थाना क्षेत्र अंतर्गत ईनायतपुर गांव में मनरेगा योजना के तहत बने एक पशु शेड पर जबरन कब्जा कर लेने का मामला सामने आया है। पीड़ित मो. मिनहाज आलम ने इस संबंध में जिलाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित के अनुसार, वर्ष 2020-21 में मनरेगा योजना संख्या 34 के अंतर्गत उन्हें निजी जमीन पर पशु शेड की स्वीकृति मिली थी, जिसका वे 15 मई 2025 तक नियमित उपयोग कर रहे थे। लेकिन 16 मई की रात गांव के ही मो. जाहिद और अन्य लोगों ने शेड का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया।

**धमकी और चोरी का आरोप**



पीड़ित ने आरोप लगाया कि दबंगों ने शेड में रखा जरूरी सामान बाहर फेंक दिया और कुछ सामान चोरी भी कर लिया। जब उनके भाई आबिद हुसैन ने विरोध किया, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। दबंगों ने कहा–हल्ला मत करो, नहीं तो गोली मार देंगे। इससे पीड़ित परिवार डर और दहशत में जी रहा है। पीड़ित ने 22 मई को बेन थाना में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। दूसरी ओर, मो. जाहिद ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि पशु शेड उनकी जमीन पर बनाया गया है।

**पुलिस ने बताया भूमि विवाद**

बेन थाना अध्यक्ष रवि कुमार ने मामले को आपसी भूमि विवाद बताया है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को थाना बुलाकर समझाया गया है और वरिष्ठ अधिकारियों को दिए गए आवेदन की जांच प्रक्रिया जारी है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी गंभीरता से कार्रवाई करता है और पीड़ित को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# 23 नवम्बर को पेंशनर समाज का त्रिवार्षिक चुनाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड पेंशनर समाज नारदीगंज का पांच वर्षीय चुनाव होने के बजाय अब बिहार राज्य पटना पेंशनर समाज पटना के निर्गत अभिसूचना के अनुसार त्रिवार्षिक चुनाव होना है। प्रखंड पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से कहा नारदीगंज पेंशनर समाज का त्रिवार्षिक चुनाव आगामी 23 नवम्बर 2025 (बुधवार) को 12 बजे होगी । यह चुनाव पेंशनर भवन नारदीगंज में आयोजित किया जाएगा। पेंशनर समाज के सदस्यों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करें।

# पावापुरी महादलित टोला स्थित बूथ संख्या 260 का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र के गिरियक प्रखंड अंतर्गत पावापुरी महादलित टोला स्थित बूथ संख्या 260 का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने शुक्रवार को किया। यह निरीक्षण मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के तहत हो रहे कार्यों की स्थलीय प्रगति की समीक्षा के लिए किया गया।

**घर-घर सर्वे और ऐप पर अपलोडिंग जारी**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं तथा भरे हुए प्रपत्र बीएलओ ऐप पर अपलोड किए जा रहे हैं।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित बीएलओ को निर्देश दिया कि वे प्रति दिन न्यूनतम 200 प्रपत्रों को ऐप पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाना आवश्यक है, जिसके लिए प्रशासनिक टीमवर्क बेहद जरूरी है।

**सुपरवाइज़रों को सख्त निर्देश**

डीएम ने सुपरवाइज़रों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ बीएलओ की नियमित निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि 100 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण एवं प्राप्ति समय पर हो। सभी भरे हुए प्रपत्रों को त्वरित रूप से ऐप पर डिजिटल अपलोडिंग करें ताकि अद्यतन डाटा समय से उपलब्ध हो सके।

**मतदाताओं से किया संवाद**

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महादलित टोला के मतदाताओं से सीधे संवाद कर अभियान की जमीनी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ के कार्य की सराहना करते हुए बेहतर समन्वय और समर्पण के लिए सभी को प्रेरित किया। इस मौके पर नगर आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सुपरवाइजर, बीएलओ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अभियान को सफल बनाने हेतु प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया।


# भारी बारिश को लेकर सतर्क नालंदा प्रशासन, लोकाईन नदी तटबंध की सुरक्षा के लिए व्यापक तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** झारखंड में हो रही भारी बारिश के प्रभाव को देखते हुए नालंदा जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए लोकाईन नदी सहित अन्य तटबंधों की सुरक्षा को लेकर बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं।

**तटबंधों की निगरानी और आपात सामग्री की व्यवस्था**

बाढ़ नियंत्रण विभाग की ओर से रात्रि में भी तटबंधों की सतत निगरानी की जा रही है। आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु श्रमिक, बालू भरे बोरे, बांस, बल्ला, फ्लड लाइट आदि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी क्षति की तात्कालिक मरम्मत सुनिश्चित की जा सके।




**जमींदारी बांधों पर फोकस, संवेदनशील स्थलों पर भंडारण**

कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण बिहारशरीफ के अनुसार, बाढ़ वर्ष 2025 की तैयारियों के तहत देकपुरा, कुल्टी, जीराईनपुरी, सिद्धीविगहा, कटौना, इतासंग जैसे अतिसंवेदनशील स्थलों पर पहले से ही बालू भरे बोरे का भंडारण किया गया है। इसके अतिरिक्त बिन्द, नौरंगा, जाना, छापन खंधा और सैनिक स्कूल के पास भी राहत सामग्री उपलब्ध रखी गई है।

**पंचाने नदी की सफाई तेज**

शहर में जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए पंचाने नदी की सफाई जोरों पर है। इसके लिए 8 एक्सकैवेटर मशीनें, 32 ट्रैक्टर और बड़ी संख्या में मजदूर लगाए गए हैं। हवनपुरा, रहुई, फतेहली, भदाई और अस्थावां जैसे क्षेत्रों में बांस और आरी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। आपदा में राहत हेतु मोबाइल एंबुलेंस तैयार संभावित आपदा की स्थिति में त्वरित राहत पहुंचाने के लिए दो मोबाइल एंबुलेंस (ट्रैक्टर) को तैयार रखा गया है। इनमें फ्लड लाइट, जनरेटर, मजदूर दल, बालू, गिट्टी, बोरे और बांस समेत सभी आवश्यक संसाधन मौजूद हैं।

**जिला प्रशासन सतर्क, लोगों से की सहयोग की अपील**

जिला प्रशासन ने नदी किनारे बसे लोगों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन से तुरंत संपर्क करें। बाढ़ से सुरक्षा के इन पुख्ता इंतजामों के ज़रिए प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि जन-धन की हानि से बचा जा सके और किसी भी आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों में कोई बाधा न आए।

# पढ़ाई में 'आइकन गर्ल' प्रीति ने रचा इतिहास संसाधनों की कमी को नहीं बनने दिया बाधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ (कतरीसराय)। कठिन परिस्थितियों में भी सपनों को हकीकत में बदलने वाली छात्रा प्रीति कुमारी ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जो न सिर्फ उसके विद्यालय बल्कि पूरे अस्थावां प्रखंड के लिए प्रेरणा बन गया है।




+2 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालती में बारहवीं कक्षा की छात्रा प्रीति कुमारी ने बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड (उएक्एक) के तहत पैरामेडिकल एवं पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 2025 में 1663वीं रैंक हासिल कर मिसाल कायम की है। गरीबी, संसाधनों की कमी और सामाजिक बंदिशें भी प्रीति के हौसले को रोक नहीं सकीं। मजदूर माता-पिता की इस होनहार बेटी ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से पढ़ाई को ही अपना जीवन लक्ष्य बना लिया है। वह छह भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर है और लगातार प्रतिभा सम्मान प्राप्त कर चुकी है। कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भी प्रीति की प्रतिभा को सम्मानित किया है। विद्यालय के शिक्षक नेता सूर्यकांत सिंह और शिक्षक रितेश कुमार ने कहा कि प्रीति ने सरकारी स्कूल की छवि को एक नई ऊंचाई दी है। वह आज विद्यालय की पहचान बन चुकी है। वहीं शिक्षिका माला सिन्हा ने हर कठिन परिस्थिति में प्रीति को मातृत्व की छांव और सहयोग देकर आगे बढ़ने का हौसला दिया है। प्रीति की इस उपलब्धि पर शिक्षक समाज को पूरा भरोसा है कि वह भविष्य में और भी ऊंचाइयां हासिल करेगी। आज वह अस्थावां प्रखंड की 'आइकन गर्ल' बनकर उभरी है, और हजारों छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है।

# दलाई लामा का 90वां जन्मोत्सव धूमधाम से मना, तिब्बती संघर्ष को किया याद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भारत-तिब्बत मैत्री संघ, नालंदा के तत्वावधान में एकंगरसराय प्रखंड के चकदह गांव में दलाई लामा का 90वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन संघ के संयोजक एडवोकेट कुमार राज मनोरंजन सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें केक काटकर और विचार गोष्ठी के माध्यम से उत्सव को यादगार बनाया गया।

इस अवसर पर कुमार राज मनोरंजन सिंह ने कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित दलाई लामा न केवल तिब्बती संस्कृति के संरक्षक हैं, बल्कि शांति, सहिष्णुता



और करुणा के प्रतीक भी हैं। उन्होंने कहा कि तिब्बत पर चीन की विस्तारवादी नीति के खिलाफ लाखों तिब्बती शरणार्थियों का संघर्ष आज भी जारी है। उन्होंने 1962 में चीन द्वारा हड़पे गए भारतीय भूभाग को वापस लाने की मांग को दोहराते हुए भारत सरकार से ठोस पहल की आवश्यकता बताई। साथ ही, भारत में रह रहे तिब्बती समुदाय की पीड़ा और उनकी स्वदेश वापसी की आकांक्षा का समर्थन किया गया।

कार्यक्रम में मदन प्रसाद, दिलीप कुमार टिंकू, अमिय कुमार, संदीप कुमार, अरुण कुमार, सुबोध कुमार और पंकज कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और दलाई लामा के शांति संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने तिब्बत की स्वतंत्रता और भारत-तिब्बत संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# आनंद राज विश्वकर्मा बने भाजपा नीति मंच के बिहार प्रदेश अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष फतेह उद्दीन खान कादरी एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हर्ष माहेश्वरी के निर्देश पर नवादा निवासी आनंद राज विश्वकर्मा उर्फ शंकर लोहार को मंच का बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। अपनी प्रतिक्रिया में आनंद राज ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन के माध्यम से वे भाजपा नीति मंच के हाथों को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

# बाबू जगजीवन राम की 39वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बाबू जगजीवन राम की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजेंद्र आश्रम, धनेश्वर घाट में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण दास ने की।

सभा की शुरुआत बाबूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण के साथ हुई, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कृष्ण दास ने कहा कि जगजीवन बाबू हमारे आदर्श हैं। उन्होंने देश के निर्माण में अपनी अमिट छाप छोड़ी है।



कांग्रेस नेता राजीव कुमार मुन्ना ने कहा कि बाबू जगजीवन राम एक साधारण परिवार से निकलकर स्वतंत्रता संग्राम से लेकर भारत सरकार में रेल मंत्री, रक्षा मंत्री और उप प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे। देश की जनता उन्हें 'बाबूजी' कहकर सम्मान देती थी। उनके आदर्श आज भी मीरा कुमार जी के रूप में हमारे बीच जीवित हैं, उन्होंने कहा।

मीडिया प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि बाबूजी के दाह संस्कार में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने भी भाग लिया था, जो उनके योगदान की महत्ता को दर्शाता है।

मोहम्मद हैदर आलम और प्रदेश प्रतिनिधि संजय पासवान ने कहा कि बाबूजी का जीवन सादगी और शालीनता का प्रतीक था। युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पासवान ने भी उन्हें अपना आदर्श बताया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नंदू पासवान, मंजू कुमारी, सरफराज मलिक, किशोर कुमार, अखिलेश्वर प्रसाद कुशवाहा, दिलीप मंडल, दीपक कुमार, असगर भारती, नवीन कुमार सिंह, मोहम्मद टीपू, अजीत कुमार, उस्मान गनी, अनिल चंद्रवंशी, मुकेश कुमार, सनी गुप्ता और राहुल कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# जदयू की बैठक सम्पन्न, 8 जुलाई को साइकिल रैली को लेकर बनी रणनीति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जनता दल (यूनाइटेड) की एक अहम बैठक रविवार को नवादा जिला कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने की, जिसमें जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में 8 जुलाई को प्रस्तावित साइकिल रैली की रूपरेखा पर विशेष चर्चा की गई। मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि यह रैली गांव, टोला, बसावट और शहर के मोहल्लों में निकालकर लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिए प्रेरित



करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संदेश को दोहराते हुए कहा– संकल्प हमारा टूटे नहीं, एक भी मतदाता छूटे नहीं।

हर घर तक हम जाएंगे, मतदाता को जगायेंगे।

जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा ने सभी प्रखंडों से रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विगत 20 वर्षों में किए गए विकास कार्यों की जानकारी मतदाताओं को दी जाए। नीतीश सरकार ने बिना भेदभाव के हर वर्ग और समुदाय के लिए योजनाएं चलाई हैं, जिन्हें साइकिल रैली के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना है।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी, जिला अभियान प्रभारी सतीश कुशवाहा, नवादा विधानसभा प्रभारी मो. महमूद बखो, वारिसलीगंज प्रभारी मो. सादिक अख्तर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शोभा देवी, शोभा कुमारी, प्रिंस प्रभात डांगी, डॉ. कौशल किशोर, धर्मेंद्र कुशवाहा, विनोद वर्मा, प्रदीप यादव, नवलेश राकेश, संजय वर्मा, उपेंद्र चौहान सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक पंचायत में रैली सुनिश्चित की जाएगी और मतदाता जागरूकता के साथ-साथ जदयू की नीतियों को भी जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# भगवानपुर में संदिग्ध चेचक से महिला की मौत, गांव में दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा)।** पकरीबरावां प्रखंड के भगवानपुर गांव में शनिवार को एक महिला की मौत के बाद क्षेत्र में चेचक फैलने की आशंका ने लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। मृतका की पहचान 50 वर्षीय विमला देवी, पति बूंदी यादव के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि महिला को चेचक के लक्षण दिखाई देने के बाद पहले स्थानीय अस्पताल, फिर नवादा होते हुए पावापुरी रेफर किया गया था। इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया, लेकिन शनिवार की सुबह उनकी मौत हो गई।

गांव के उदय उपाध्याय सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि दर्जनों लोग चेचक जैसे लक्षणों से



घरों में ही पीड़ित हैं, जिससे पूरे गांव में डर का माहौल है। मामले की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने तत्काल सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिन्हा से संपर्क कर मेडिकल टीम भेजने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर चेचक से पीड़ित लोगों का इलाज शुरू कर दिया है। प्रभारी डॉ. सिन्हा ने बताया कि चेचक से मौत की संभावना बहुत कम होती है, लेकिन वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मेडिकल टीम को लगातार गांव भेजा जाएगा और आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है कि वे पीड़ितों की जानकारी साझा करें और उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आने को प्रेरित करें। रविवार को भी मेडिकल टीम गांव का दौरा करेगी। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और ग्रामीणों से सावधानी बरतने और घबराने की बजाय इलाज कराने की अपील की गई है।

CMYK

# डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी गया आएंगे आज

## प्रियदर्शी सम्राट अशोक सम्मान समारोह कार्यक्रम में होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** 7 जुलाई को गया के मानपुर प्रखंड स्थित एक होटल सभागार में प्रियदर्शी सम्राट अशोक सामान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा के जिला मंत्री सह बांकेबाजार प्रखंड के जिला परिषद सदस्य कौशल कुमार वर्मा एवं भाजपा नेता विनय कुशवाहा के साथ भाजपा के कई नेता लोग



तैयारी में जुटे हैं। 7 जुलाई को आयोजित सम्मान समारोह को लेकर बीते कई दिनों से जिला परिषद सदस्य सह गुरुआ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप में दावेदारी पेश कर रहे कौशल कुमार वर्मा के नेतृत्व में गया जिला ही नहीं बल्कि मगध क्षेत्र के कुशवाहा समाज के लोगों को आमंत्रित करने का काम किया जा रहा है। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य कौशल वर्मा ने बताया कि आगामी 7 जुलाई को गया के मानपुर प्रखंड स्थित कार्निवल रिजॉर्ट में प्रियदर्शी सम्राट अशोक समान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं वायु पर्यावरण मंत्री डॉ सुनील कुशवाहा मुख्य रूप से शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर बीते कई दिनों से तैयारी करने में भाजपा के कई कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मगध प्रमंडल के चार जिले से लोग शामिल होंगे। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग 10 हजार लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कुशवाहा समाज में एक संदेश देना चाहते हैं कि कुशवाहा समाज भी एनडीए का एक अंग है जो हमेशा एनडीए को ही वोट करने का काम करता है और आगामी विधानसभा चुनाव में भी एनडीए को ही समर्थन देंगे। वहीं जिला परिषद सदस्य कौशल वर्मा ने मगध प्रमंडल के चार जिले के लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में अवश्य शामिल हो और अपने एकजुटता का परिचय दें। वही इस मौके पर भाजपा नेता विनय कुशवाहा ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कुशवाहा समाज को एक संदेश देना चाहते हैं कि जो लोग रास्ते से भटक गए हैं उनको एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का हाथ मजबूत हो सके। कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेता मनोज मेहता, गोरेलाल कुशवाहा, छोटू कुशवाहा, अनिल मेहता के अलावे भाजपा कार्यकर्ता एवं कुशवाहा समाज के लोग जुटे हुए हैं।

## वंश के दंश से बचने के लिए लालू जी आजीवन सुप्रीमो की कुर्सी से चिपके रहेंगे : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि वंश के दंश से बचने के लिए लालू जी आजीवन राजद सुप्रीमो की कुर्सी से चिपके रहेंगे। दरअसल राजद पर उत्तराधिकार और कब्जे को लेकर राजद परिवार के अंदरखाने में भीषण द्वंद्व और घात-प्रतिघात है। श्री पाण्डेय ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की यह स्वीकारोक्ति कि घर-घर में भाइयों के बीच लड़ाई है से लालू परिवार का अर्ध्य सत्य ही सामने आया है। बेटों के साथ पार्टी के उत्तराधिकार को लेकर लालू जी की बेटियां भी पीछे नहीं रहने वाली हैं। हकीकत है कि राजद किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह लालू परिवार की 'प्राइवेट प्रॉपर्टी' है। इसलिए अपने गठन के 29 वें वर्ष में भी उसे लालू जी के अलावा कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं मिल पाया है। भविष्य में भी कोई बाहरी राजद का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन पाएगा, इसकी उम्मीद न के बराबर है। श्री पाण्डेय ने कहा कि पिछले दिनों लालू जी के बड़े लाल के प्रेम प्रसंग को लेकर परिवार के अन्य सदस्यों की प्रतिक्रियाएं इसी ओर इशारा करती है। आने वाले दिनों में यह जंग और तीखा हो तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

## विश्व हिंदू परिषद ने की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मुरारपुर रोड स्थित श्री माधोलाल वर्णवाल सेवा सदन के सभागार में विश्व हिंदू परिषद,गयाजी महानगर की बैठक महानगर अध्यक्ष कृष्णकांत त्रिपाठी के अध्यक्षता में एवं संचालन महानगर मंत्री राजीव कुमार के द्वारा की गई। इस दौरान बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ नंदकिशोर गुप्ता,महेश प्रसाद सिन्हा की उपस्थित थे। मौके पर डॉ नंदकिशोर गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा आजकल लव जिहाद, धर्मान्तरण आदि विषय समाज में बढ़ रही है इसको रोकने के लिए विश्व हिंदू परिषद ग्राम स्तर तक संगठन विस्तार करके इसे लोगो को रोकने का कार्य करेगी हर साल की भांति इस बार विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला में विश्व हिंदू



परिषद के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु अपना सेवा शिविर लगाएगी।जिससे देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत होने पर उनकी सहायता के लिए हमारे कार्यकर्ता लगे रहेंगे।प्रान्त उपाध्यक्ष महेश सिन्हा के द्वारा कई नवींन कार्यकर्ताओं को दायित्व की घोषणा कीगई,सामाजिक कार्य सेवा के लिए संगठन विस्तार किया गया साथ ही आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई।इस दौरान बैठक में सह प्रान्त प्रवर्तन प्रमुख प्रेमनाथ टाइयां,विभाग संगठन मंत्री सूरज प्रताप,विभाग संयोजक प्रकाश कुमार गुप्ता,महानगर उपाध्यक्ष शिवशरण जी,महानगर सहमंत्री विक्रम गुर्दा,मातृशक्ति दुर्गावाहिनी से,मंजूषा वैश्यिकार,सुनीता अग्रवाल,शिल्पा भदानी, कविता कुमारी, प्रतिमा लोहानी,सुषमा लोहानी,राखी सेठ,बजरंग दल से गोलू कुमार,दीपक पाण्डेय,सन्नी कुमार,शुभम भगवा,सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुहर्रम पर धूमधाम से निकला ताजिया जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड में मुहर्रम के पवित्र अवसर पर आंती, काबर, देवरा सहित अन्य स्थानों पर ताजिया जुलूस रविवार को निकाला गया। इस दौरान हजरत इमाम हुसैन की याद में अखाड़ा का आयोजन भी किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जुलूस के साथ-साथ मेले का भी आयोजन किया गया, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने मिलजुलकर



जुलूस निकाला और शांति बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने भी जुलूस के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े इंतजाम किए थे। ताजिया जुलूस की परंपरा सदियों पुरानी है, जो हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करती है। इस जुलूस में शामिल होने वाले लोग इमाम हुसैन की शहादत को श्रद्धांजलि देते हैं और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हैं। जुलूस के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए थे। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने संयुक्त रूप से जुलूस की निगरानी की और शांति बनाए रखने की अपील की। मौके पर एसडीओ प्रवीण कुंदन, डीएसपी सुशांत कुमार चंचल, पुलिस निरीक्षक अर्जुन कुमार, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार, आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, मो आकिब आलम, मो इंतेशाब, दारा सिंह, जमीलू रहमान, डॉ रामाशीष कुमार, मोहन यादव, पुण्यदेव यादव, सुभाष चंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ब्रह्म सरोवर एवं लाइटिंग सिस्टम काफी दिनों से शोभा की वस्तु : संजू साव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गया जी विश्व प्रसिद्ध स्थल होने के नाते भी नगर निगम प्रशासन द्वारा सिर्फ खानापूर्ति किया गया है। लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं दी जा रही है। यह कहना वरिष्ठ समाजसेवी सह तैलिक साहु सभा के जिलाध्यक्ष संजू लाल साव ने बताया कि एक तरफ तीर्थयात्रियों को आकर्षित और मनमोहक लाइटिंग सिस्टम किया गया था गया जी शहर के दक्षिण छोर पर प्राचीन ब्रह्म सरोवर में लाइट एंड साउंड सिस्टम लगाया गया था, लेकिन नगर निगम प्रशासन के अनदेखी, रखरखाव में अनदेखी करने कारण यह शो काफी समय पिछले दो सालों से बंद है। दो पितृपक्ष मेला भी बित गया लेकिन आज तक कोई सुध लेने वाला नहीं है। इसका निर्माण दिल्ली



के एक कंपनी द्वारा किया गया था, लेकिन अब यह सिर्फ शोभा की वस्तु बन कर रह गयी है जहां भारत सरकार गया जी को विश्व के मानचित्र पर लाना चाहती है जिसके कारण गया जी कोरिडोर का जल्द निर्माण शुरू होगा, वही नगर निगम प्रशासन के अनदेखी के कारण ब्रह्म सरोवर आज भी रात के समय सुनसान दिखाई देती है। पानी के अंदर की मशीन सिर्फ शोभा का वस्तु बन गई है। इस लाइट एंड साउंड सिस्टम में 4.50 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण नगर निगम द्वारा किया गया था। इसे चालू करने के लिए नगर निगम के दोनों बोर्ड में प्रस्ताव रखा गया है । इसे चालू करने के लिए 66 लाख की राशि पारित की गई है जनता के पैसे का दुरुपयोग कब रुकेगा जनता जानना चाहती है। वही गया जी के कयी मोड़ पर सौंदर्यीकरण के लिए झरणा लगाया गया उसका भी यही ब्रह्म सरोवर की हालत है इसमें भी लाइट लगी जो कभी जलती है कभी नहीं। नगर निगम द्वारा जनता पर बोझ डालने का काम किया गया है टैक्स और वर्गीकरण के नाम से जनता और गरीब लोगों को बोझ डालने का काम किया गया है, लेकिन जनता के राजस्व नगर निगम को मिलती है उस रोड पर जाम की समस्यायों से मुक्त नहीं हुआ आज तक, रोड के दोनों किनारों पर ठेला और फल विक्रेता आदि का कब्जा होता है जब स्कूल के बस के समय में पूरी तरह यातयात व्यवस्था पूरी तरह गया जी शहर की चरमाई देखने को मिलती है वह आनंदी मां मोड़ हो या कचहरी, केदारनाथ मोड़, जी बी रोड, गोल पत्थर, चौक हो हर तरफ काफी जाम की समस्या बनी रहती है। सिर्फ हटाने के नाम पर खानापूर्ति किया जा रहा है, लेकिन यातायात प्रशासन द्वारा हेलमैट एवं प्रदूषण के नाम से जनता को परेशान किया जा रहा है और हैलमेट रहने पर भी लोगों को चलान काटा जा रहा है जिससे लोगों को काफी दिक्कत हो रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सभी चीजें होने पर भी कभी पॉल्युशन के नाम पर कभी कुछ के नाम पर जनता का शोषण किया जा रहा है जिससे लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। कोई विधायक, सांसद को गया जी के कठिनाई से लेना देना नहीं है। अतिक्रमण फिर दो घंटे बाद वही स्थिति रहेती है सिर्फ एक ही रोड पर सिर्फ ध्यान दिया जाता है जिससे आम जनमानस और समाजसेवी लोग नगर निगम प्रशासन और यातयात प्रशासन से पूछ रही है कि गया शहर के लोगों को जाम से कब निजात मिलेगी।

## पठारी क्षेत्र के एससी/एसटी किसानों को मछली पालन पर 80 प्रतिशत अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने पठारी क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जाति/जनजाति (एससी/एसटी) के किसानों के लिए तालाब निर्माण आधारित मत्स्य पालन की योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ दक्षिणी बिहार के आठ पठार बाहुल्य जिलों यथा बांका, औरंगाबाद, गया, कैमूर, नवादा, जमुई, मुंगेर और रोहतास में रहने वाले अनुसूचित जाति/जनजाति के मत्स्य कृषकों को मिलेगा। योजना का लाभ उठाने के लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। योजना के तहत 0.4 से 1 एकड़ तक के तालाब निर्माण के लिए प्रति एकड़ 16.70 लाख रूपये की लागत पर 80 प्रतिशत दी जाएगी। इसमें तालाब निर्माण, ट्यूबवेल, सोलर पंप, उन्नत इनपुट और तालाब पर शेड का निर्माण शामिल है।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2025/08 दिनांक- 06.07.2025**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2025 BCECE (LE)–2025 [(Engg.) Degree Course] के Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2025/06 दिनांक- 01.07.2025 के क्रम में बिहार राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के अभियंत्रण संस्थानों में स्नातक अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित की जानेवाली Online Counselling के लिए BCECE(LE)-2025 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice Filline / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE[LE])-2025/07 दिनांक 06.07.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।** Choice Filling की प्रक्रिया दिनांक 10.07.2025 से प्रारम्भ होगा।

**उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branch भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी 1st Round में अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे अभ्यर्थी को दोबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

**परीक्षा नियंत्रक**


## बिहार अब खुद ही नहीं, दूसरे राज्यों को भी देगा वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। एक समय था जब बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को निष्क्रिय, जर्जर और उपेक्षित माना जाता था। सीमित संसाधनों और डॉक्टरों के कारण इलाज के लिए राज्य से बाहर जाना आम बात थी, लेकिन 2005 के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो बदलाव शुरू हुए उसके दम पर सूबे की स्वास्थ्य सेवाएं अब एक नई ऊंचाई पर पहुंच चुकी हैं। अब बिहार केवल यहां की जनता को ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए तैयार हो रहा है। बिहार में वर्ल्ड क्लास सुविधाओं की तैयारी चल रही है।

मेडिकल कॉलेजों का तेजी से विस्तार

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों की माने तो 2005 तक केवल 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे, लेकिन मौजूदा समय में सरकार के प्रयास से लगभग 20 सालों में 11 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। चार अन्य मेडिकल कॉलेज पर काम हो रहा है। बहुत जल्द ही बिहार में मेडिकल कॉलेज की संख्या 15 हो जाएगी। बताते चलें, बिहार सरकार का लक्ष्य लगभग हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का रखा गया है। राज्य सरकार ने 9 जिलों में मेडिकल कॉलेज निर्माण की योजना तैयार की है। बिहार में बड़ी संख्या में डॉक्टरों की पोस्टिंग की गई है जिससे प्राथमिक से लेकर उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएं सुगम हुई हैं। ग्रामीण इलाकों में भी विशेषज्ञ सेवा उपलब्ध हो सकेगी। बिहार सरकार की ओर से इसी साल 1431 डॉक्टर्स की बहाली की गई। 31 मई को 228 डॉक्टर्स नियुक्त किए गए। वहीं, 10 जून को ही 694 पीजी डिग्रीधारी वरीय चिकित्सक बहाल किए गए। इनमें से पीजी डिग्रीधारी चिकित्सकों की बॉन्ड पोस्टिंग की गई। बहाली के दौरान 7468 नर्स की नियुक्ति की जा चुकी है। ये मेडिकल स्टाफ और डॉक्टर सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग की स्थिति सुधारने में मील का पत्थर साबित होंगे। बताते चलें कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग में 4200 पदों पर नियुक्ति होनी है जिसकी प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा दंत चिकित्सकों की बहाली की तैयारी जारी है। वहीं मेडिकल कॉलेज में 1800 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी पाइप लाइन में है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2019 में 6200 डॉक्टर्स की नियुक्ति की गई थी। राजधानी में एआइआइएमएस बनने से स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहतर हुई है। यह अस्पताल 2003 में स्वीकृत किया गया था जो अब पूरी तरह विकसित और क्रियाशील है। इसके अलावा एम्स दरभंगा का भी निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

## तैलिक साहू समाज के उत्थान पर हुई चर्चा, बनाएंगे छात्रावास और लाइब्रेरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** तैलिक साहू समाज की बैठक रविवार को बाटा मोड़ स्थित सूर्यगढ़ा निवास में संपन्न हुई है जिसमें संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई है। बैठक की अध्यक्षता तैलिक साहू समाज के जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार ने की है। बैठक में साहू समाज के जिला अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी संजू साव ने कहा कि बैठक का उद्देश्य समाज को एकजुट करना था। समाज के लोगों को एकजुट किया जा रहा है ताकि संगठन को और मजबूती मिल सके। समाज के लोगों को एकजुट होने के लिए आपस में मेल मिलाप होना जरूरी है जब तक हम लोग संगठित नहीं होंगे तब तक अधिकार की बात नहीं कर सकते। समाज में एकता, उत्थान और प्रगति के लिए एक दूसरे के प्रति ईर्ष्या और द्वेष की भावना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तैलिक साहू समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है जिसमें त्याग, तपस्या और दानशीलता जैसे गुण शामिल हैं। साहू समाज में माता कर्मा



को एक महत्वपूर्ण देवी के रूप में पूजा-अर्चना किया जाता है। जिन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और अपने भक्ति से समाज को प्रसन्न किया। राष्ट्र के निर्माण में साहू समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे समाज में जन्म लेने पर हम लोगों को गर्व महसूस होना चाहिए। इस बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें शहर के टिल्हा धर्मशाला के पास एक बड़ा सा छात्रावास एवं पुस्तकालय का निर्माण कराया जाएगा। जहां पर पढ़ने वाली छात्राओं को आवासन की बेहतर सुविधा दी जाएगी। पुस्तकालय का निर्माण कर प्रतियोगी एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों का एक विशाल संग्रह रहेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्हें आर्थिक सहयोग देकर कॉलेज में नामांकन कराया जाएगा।3 अगस्त को सावन महोत्सव के अंतर्गत महिलाओं और लड़कियों के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिले के 24 प्रखंडों में संगठन की मजबूती के लिए समाज का विस्तार आदि शामिल है। बैठक में संरक्षक मोहन प्रसाद, नारायण साव,संगठन मंत्री सुरेश साव, कोषाध्यक्ष अर्जुन साव,मंत्री सुनील कुमार,करण गुप्ता, रंजीत साहू, विनोद साव, जितेंद्र कुमार एवं कुड़वा पंचायत के पूर्व मुखिया रंजीत प्रसाद साव समेत कई लोग शामिल थे।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2025/08 दिनांक- 06.07.2025**

**डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2025 [D.E.C.E. (L.E.)-2025] के Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धी आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2025/06 दिनांक- 02.07.2025 के क्रम में बिहार राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में डिलोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित की जानेवाली Online Choice filline / Counselling के लिए DECE(LE)-2025 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice Filline / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(DECE[LE])-2025/07 दिनांक 06.07.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।** Choice Filling की प्रक्रिया दिनांक 08.07.2025 से प्रारम्भ होगा।

**उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branch भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी 1st Round में अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे अभ्यर्थी को दोबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

**परीक्षा नियंत्रक**



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/07 दिनांक- 06.07.2025**

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025 [पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) पाठ्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- BCECEB(DCECE)-2025/06 दिनांक 23.06.2025 के क्रम में DCECE(PE)-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / संस्थानों / सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेधा-सह-विकल्प के आधार पर दिनांक 08.07.2025 को पर्षद के website पर 1st Round Provisional Seat Allotment Result प्रकाशित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थी अपना Choice अनुसार Seat Allotment Result देख लें तथा इस सम्बन्ध में अगर अभ्यर्थी को कोई आपत्ति है तो निम्नवत् दिये गये कार्यक्रम अनुसार पर्षद के website पर उपलब्ध कॉउन्सेलिंग का objection proforma को download कर प्रिंट निकाल लेंगे एवं उस proforma में दिये गये सूचनाओं के साथ अपना आपत्ति (objection) को भरकर उसकी Scanned प्रति को .pdf में अपने पंजीकृत email के माध्यम से पर्षद के email ID: objection.bceceboard@gmail.com पर attach कर भेजेंगे। साथ ही अभ्यर्थी email भेजते समय email का Subject line "Objection Regarding DCECE(PE)-2025 Provisional Seat Allotment Result" दर्ज करेंगे। अगर अभ्यर्थी विहित प्रपत्र में निर्धारित अवधि में अपना Objection नहीं भेजते हैं तो उनका Objection स्वीकार्य नहीं होगा;

i. 1st Round Provisional Seat Allotment Result publication date ......... : 08.07.2025
ii. Receiving of Objection from candidate on Round-1 Provisional Seat Allotment Result and filling of objection through their registered email on **email ID: objection.bceceboard@gmail.com** .......................... : 09.07.2025
iii. **Publication of Round-1 Final Seat Allotment Result .................. : 11.07.2025**
iv. Downloading of Allotment order (1st Round) ................................ : 11.07.2025 to 15.07.2025
v. **Documents Verification and Admission (1st Round) ..................** : **12.07.2025 to 15.07.2025**
vi. 2nd Round Provisional Seat Allotment Result publication date ...... : 20.07.2025
vii. Receiving of Objection from candidate on Round-2 Provisional Seat Allotment Resultand filling of objection through their registered email email on **email ID: objection.bceceboard@gmail.com** ................ : 21.07.2025
viii. **Publication of Round-2 Final Seat Allotment Result .................. : 23.07.2025**
ix. Downloading of Allotment order (2nd Round) ................................ : 23.07.2025 to 26.07.2025
x. **Documents Verification and Admission (2nd Round)..................** : **24.07.2025 to 26.07.2025**

(2) विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/06 दिनांक-23.06.2025 की शेष शर्तें एवं नियम यथावत् रहेंगी।

**परीक्षा नियंत्रक**

संपादकीय

# रूस का बड़ा कदम

भारत के दोस्त रूस ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देकर बड़ा कदम उठाया है। इसका सीधा प्रभाव मध्य एशिया की भू राजनीतिक स्थिति पर पड़ेगा। गुरुवार को मॉस्को ने तालिबान सरकार द्वारा नियुक्त नए अफगान राजदूत गुल हसन की नियुक्ति को स्वीकार कर दुनिया को अलग संदेश दिया। तालिबान प्रशासन ने रूस के कदम को साहसिक फैसला बताया है। तालिबान ने अगस्त 2021 में काबुल पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद से वह देश पर शासन कर रहा है। हालांकि, उसे अभी तक किसी देश ने उसकी सरकार को मान्यता नहीं दी थी। वैसे तालिबान ने रूस के साथ चीन और संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपना राजदूत नियुक्त किया है, लेकिन चीन ने भी उसे अधिकृत तौर पर स्वीकार नहीं किया है। जहां तक भारत की बात है तो यह एक महत्वपूर्ण पहल है। सवाल यह उठ रहा है कि जब रूस अफगानिस्तान को मान्यता दे सकता है तो भारत ऐसा क्यों नहीं कर रहा, खास कर तब जबकि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार का रवैया भारत के प्रति मैत्रीपूर्ण रहा है और भारत ने वहां काफी निवेश किया हुआ है। हालांकि भारत ने अनाधिकारिक रूप से तालिबान सरकार से तार जोड़े हुए हैं। बहरहाल रूस ने जो हिम्मत दिखाई है, वह तो पाकिस्तान भी नहीं दिखा सका है। इसका मुख्य कारण यह है कि कट्टरपंथी तालिबान शासन को लेकर सभी के मन में संशय रहा है। खासकर महिलाओं को लेकर तालिबान सरकार के विचारों से शायद ही कोई सहमत रहा हो। लेकिन यह भी सच्चाई है कि लगभग चार साल से तालिबान का समूचे अफगानिस्तान पर नियंत्रण है। इस बीच रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हमारा मानना है कि अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात की सरकार को आधिकारिक मान्यता देने से विभिन्न क्षेत्रों में हमारे देशों के बीच उत्पादक द्विपक्षीय सहयोग के विकास को गति देगा। उधर मॉस्को स्थित अफगान दूतावास में तालिबान का सफेद झंडा फहराया गया, जिसने पूर्व सरकार के झंडे की जगह ले ली। रूसी समाचार एजेंसी ञ्रस्स ने इन तस्वीरों को जारी किया है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के साथ काबुल में बैठक की। मुत्ताकी ने कहा, यह साहसी निर्णय दूसरों के लिए उदाहरण होगा...। यह हमारे संबंधों के इतिहास में एक बड़ा मील का पत्थर है। रूस ने इस साल अप्रैल में ही तालिबान सरकार पर से सारे प्रतिबंध हटा लिए थे। हालांकि रूस की मान्यता के बावजूद तालिबान पर अपने मानवाधिकार रिकॉर्ड को सुधारने का दबाव है। अलबत्ता रूस का फैसला भविष्य में अन्य देशों को अपने रुख पर पुनर्विचार करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। दिलचस्प बात है कि एक समय रूस समर्थित अफगानिस्तान सरकार को तालिबान ने ही बेदखल किया था। अब रूस ने उसी तालिबान से दोस्ती कर ली है। हालांकि भारत भी मध्य एशिया की भू राजनीति में सक्रिय है, लेकिन उसकी गति धीमी है। हाल में चीन में सम्पन्न एससीओ की मीटिंग में भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए भारत का समर्थन दोहराया। रक्षामंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान में हमारी तत्काल प्राथमिकताओं में अफगान लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करना और उसकी समग्र विकासात्मक आवश्यकताओं में योगदान देना शामिल है। दरअसल भारत के लिए अफगानिस्तान सेंट्रल एशिया में दाखिल होने का रास्ता है। भारत ईरान और अफगानिस्तान होते हुए सेंट्रल एशिया में प्रवेश का रूट तैयार कर रहा है। कुछ महीने पहले भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने तालिबान सरकार के वरिष्ठ नेताओं संग बातचीत की थी। अब देखना यह है कि भारत सरकार तालिबान सरकार को अधिकृत तौर पर मान्यता कब देती है।

# मानवाधिकार संरक्षण के लिए सेविया प्रतिबद्धता ऐतिहासिक

**सेविया प्रतिबद्धता तो विकास को पुनर्जीवित करने और उसे गतिमान बनाने के लिए हुई है। इस सम्मेलन से विश्व में चल रहे सतत विकास लक्ष्य आन्दोलन को हो सकता है बल मिल जाए। हो सकता है इस सम्मेलन से राज्य अपनी नींद से जाग जाएँ और एसडीजी-2030 के लक्ष्य हासिल करने के लिए आगे बढ़ें। एक गहरी बात इस महाबैठक की यह उभरकर आई है कि सभी देश 4 ट्रिलियन डॉलर का निवेश करके सतत विकास लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश हो सकती है। महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने बहुत भावुक होकर कहा कि 2015 में जिन महत्वाकांक्षी सतत विकास लक्ष्यों-एसडीजी पर सहमति हुई थी, उनमें से लगभग दो-तिहाई लक्ष्य, गम्भीर रूप से पिछड़ चुके हैं। और उन्हें फिर से पटरी पर लाने के लिए अभूतपूर्व 4 ट्रिलियन डॉलर के निवेश की आवश्यकता पड़ेगी। इस भावुक अपील को देश गंभीरता से लें तब तो ठीक। वरना सच तो यही है कि युद्ध व संघर्ष में धन की अकूत खर्च ने सभी सतत विकास लक्ष्य के निवेश को लगभग रोक दिया है और सतत विकास लक्ष्य देशों की प्राथमिकता बन ही नहीं सका। सेविया सम्मेलन की प्रतिबद्धताएं मानवाधिकार संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण मानी जा सकती है लेकिन यदि देश अमल करेंगे तब।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

बेहतर कानून बड़े दिल वाले लोग बनाते हैं, यह शब्द हैं राफेल लेमकिन के, जो राज्यों से यह उम्मीद करते थे कि वे मनुष्य को केंद्र में रखकर अनुशासित न्याय व्यवस्था का सूत्रपात करें। आज़ 21वीं सदी में राज्यों की स्थिति बहुत ही चिंताजनक हैं। विश्व के न्याय ही सबसे महंगे हो गए हैं। ऐसा लगता है कि विश्व में अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य अब तैयार नहीं हैं। वे अपनी मनमानी कर रहे हैं। वे निरंकुश हो रहे हैं। वे विश्व के हैपीनेस इंडेक्स को बर्बाद करने पर तुले हैं। ऐसे मानव अधिकारों का संरक्षण होना तो संभव नहीं है।

स्पेन के सेविया में विकास के लिए वित्त पर चौथा अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ है, जहाँ विश्व के 150 देशों के प्रतिनिधि एकत्रित हुए और इस बात पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि हम अपना भविष्य किस प्रकार सुरक्षित करें। इस सम्मलेन में एक खास रिपोर्ट पेश हुई है जिसका नाम है- ऋण संकट से निपटना: सतत वित्तपोषण को सक्रिय बनाने 11 कार्रवाइयाँ। आमिना मोहम्मद, जो कि संयुक्त राष्ट्र की उप महासचिव हैं, ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा है कि उधार लेना विकास के लिए महत्वपूर्ण है, मगर आज, अनेक विकासशील देशों के लिए उधार लेना फ़ायदे का सौदा साबित नहीं हो रहा है। कम आय वाले दो-तिहाई से अधिक देश या तो ऋण संकट में हैं, या इसके उच्च जोखिम में दबे हुए हैं। हाल ही में, ऑपरेशन सिंदूर कका समय स्मरण करें। संघर्ष के बीच आइएमएफ ने पकिस्तान को क़र्ज़ दिया। इसके पहले पाकिस्तान पर बहुत क़र्ज़ है। ऐसे बहुत से देश हैं जिन पर क़र्ज़ है। इसी की बात अमीना जे। मोहम्मद कह रही हैं। साम्राज्यवादी देश धनाड्य हैं। वे ऐसे मौके की खोज में रहते हैं कि कैसे विकासशील देश किसी जोखिम का सामना करें, और हम उनकी मदद के बहाने बनकर ज़रूरत बनें। कैसे कोई देश संघर्ष की स्थिति में आएं, और हमसे वे मदद की गुहार करे। इसमें उनकी अपनी विशिष्टता भी दर्शानी होती है और संबंधित देश पर उपकार भी जताना होता है। इसलिए अब




ऋण संकट से निपटारे हेतु विविध कार्रवाइयों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है, जबकि इसका हल इससे निकलने वाला नहीं है।

बहुपक्षीय स्तर पर, अन्तरराष्ट्रीय स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर स्तर पर किये जाने वाले प्रयास से यह उम्मीद की जा रही है कि कम आय वाले देशों के लिए लक्षित समर्थन के साथ, व्यवस्था में धन के प्रवाह को बढ़ाया जाए। क़र्ज़दारों और क़र्ज़ देने वालों के लिए सीधे जुड़ने के लिए एक मंच स्थापित किया जाए। संस्थागत क्षमता को मज़बूत हो साथ ही नीति समन्वय में सुधार भी अवश्य हो, ब्याज़ दरों का प्रबन्धन ज़रूरी है इसके साथ जोखिम प्रबंधन को मजबूत किया जाए। इन ग्यारह प्रस्तावों, जिन पर कार्रवाई के लिए सभी पक्षकारों की इच्छाशक्ति यदि साथ देगी तो कर्ज़दार देश राहत पा सकेंगे। सेविया की प्रतिबद्धता-पत्र में तो सभी देश एक दूसरे की ओर देख रहे हैं और सभी लक्ष्य को हासिल करने की हामी भी भर रहे हैं। सफलता कितनी मिलेगी, यह तो आने वाला समय तय करेगा।

विकास के अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र के स्वतंत्र मानवाधिकार विशेषज्ञ सूर्य देव का मानना है एक समृद्ध जीवन के लिए हमें बहुत से संसाधनों, अधिकारों और स्वतंत्रताओं की ज़रूरत होती है। मगर दुनिया में करोड़ों लोग अब भी विकास प्रक्रिया के भागीदार बनने और उसका लाभ उठाने से वंचित हैं। यह वंचित होने की प्रक्रिया के कुछ आधारभूत पहलू हैं जिसे राज्य बिलकुल ध्यान नहीं देते। यदि वे क़र्ज़ में आकंठ डूबे न हों तो निश्चय ही अपने नागरिकों के लिए कार्य कर सकें और उनके मानव अधिकारों की सुरक्षा कर सकें। लेकिन दुर्भाग्य से विश्व के बहुत से देश खासकर अफ्रीकी क्षेत्र में अपने नागरिकों के हितों पर ज्यादा कार्य नहीं कर पा रहे हैं। अफ़ग़ानिस्तान में क़रीब 80 प्रतिशत महिलाएँ ग़रीबी रेखा के नीचे जीवन जी रही हैं। उनके आर्थिक बहिष्कार से न सिर्फ़ ग़रीबी बढ़ी है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था के उबरने और समृद्धि की दिशा में बाधा उत्पन्न हुई है। एफएफडी-4 हुई बहस में खुद यह स्वीकार किया गया कि अगर सार्वजनिक और निजी वित्तीय संसाधनों तक महिलाओं की पहुँच को बढ़ाया जाए, ऋण की गारंटी दी जाए, अन्तरराष्ट्रीय बाज़ारों में बेहतर शर्तें उपलब्ध कराई जाएँ, और सहायता नैटवर्क को मज़बूत किया जाए, तो वे न केवल अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकती हैं बल्कि अफ़ग़ानिस्तान, इक्वाडोर या किसी भी देश में एक बेहतर भविष्य की राह बना सकती है। लेकिन सवाल यह है कि अफगानिस्तान जैसे देश, जो अपने यहाँ की महिलाओं को आत्मनिर्भर होने की पहल ही करने को तैयार नहीं हैं, तो ऐसे में व्यापक परिवर्तन कैसे होंगे? सेविया सम्मेलन ने माना कि भूख को ख़त्म करना, लैंगिक समानता बढ़ाना, पर्यावरण की रक्षा करना, जलवायु परिवर्तन से लड़ना और महासागरों को बचाना, ये कोई कट्टरपंथी विचार नहीं हैं। इसके साथ शिक्षा से वंचित होने की बात अगर सेविया सम्मेलन करता तो और अच्छा होता।

सेविया प्रतिबद्धता तो विकास को पुनर्जीवित करने और उसे गतिमान बनाने के लिए हुई है। इस सम्मेलन से विश्व में चल रहे सतत विकास लक्ष्य आन्दोलन को हो सकता है बल मिल जाए। हो सकता है इस सम्मेलन से राज्य अपनी नींद से जाग जाएँ और एसडीजी-2030 के लक्ष्य हासिल करने के लिए आगे बढ़ें। एक गहरी बात इस महाबैठक की यह उभरकर आई है कि सभी देश 4 ट्रिलियन डॉलर का निवेश करके सतत विकास लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश हो सकती है। महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने बहुत भावुक होकर कहा कि 2015 में जिन महत्वाकांक्षी सतत विकास लक्ष्यों-एसडीजी पर सहमति हुई थी, उनमें से लगभग दो-तिहाई लक्ष्य, गम्भीर रूप से पिछड़ चुके हैं। और उन्हें फिर से पटरी पर लाने के लिए अभूतपूर्व 4 ट्रिलियन डॉलर के निवेश की आवश्यकता पड़ेगी। इस भावुक अपील को देश गंभीरता से लें तब तो ठीक। वरना सच तो यही है कि युद्ध व संघर्ष में धन की अकूत खर्च ने सभी सतत विकास लक्ष्य के निवेश को लगभग रोक दिया है और सतत विकास लक्ष्य देशों की प्राथमिकता बन ही नहीं सका। सेविया सम्मेलन की प्रतिबद्धताएं मानवाधिकार संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण मानी जा सकती है लेकिन यदि देश अमल करेंगे तब। वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों के लिए सेविया अगर योगदान दे सका तो निश्चय ही मनुष्यता की यह बहुत बड़ी जीत होगी। वैसे तो संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने यह कह दिया था कि यह सम्मेलन केवल धन के बारे में नहीं है। यह उस साझा भविष्य में निवेश का अवसर है, जिसका निर्माण हम सब मिलकर करना चाहते हैं। यह न्याय की पुर्नस्थापना का प्रयास है, ताकि हर व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने का अधिकार और अवसर मिल सके। मानवाधिकारवादियों, गरिमा के हितधारकों व मनुष्यता के लिए निवेश करने वाले राज्य अगर यह बात समझ सके तो सेविया से एक ऐसे युग की शुरुआत होगी, जो बहुत ही परिवर्तनकारी परिणाम की अपेक्षा संपूर्ण विश्व लंबे समय से कर रहा है।

अध्यात्म

## क्रोध और घमंड जैसी बुराइयां हमारे मन को शांत नहीं होने देती हैं, इनसे बचना चाहिए



एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक व्यापारी के पास बहुत धन-संपत्ति और सभी तरह की सुख-सुविधाएं थीं, लेकिन उसका मन हमेशा अशांत ही रहता था। हर समय वह तनाव में रहता था। व्यापार के लिए एक गांव से दूसरे गांव यात्रा करता था। एक दिन यात्रा करते समय उसे एक आश्रम दिखाई दिया। वह आश्रम में गया। वहां एक संत अकेले रहते थे। व्यापारी ने संत को प्रणाम किया और अपनी परेशानियां बताईं।

संत ने कहा कि तुम्हें शांति चाहिए तो तुम कुछ देर यहां बैठकर ध्यान करो। व्यक्ति ने ध्यान लगाने कि कोशिश की, लेकिन वह ध्यान नहीं लगा पा रहा था। उसके मन में इधर-उधर की बातें घूम रही थीं। बहुत कोशिश के बाद भी वह ध्यान नहीं लगा सका। तब उसने संत से कहा कि वह ध्यान नहीं लगा सकता।

संत ने उससे कहा कि ठीक है चलो मेरे साथ, कुछ देर आश्रम में घूमते हैं। व्यापारी संत के साथ चल दिया। आश्रम में वह एक पेड़ को हाथ लगा रहा था, तभी उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया। कांटे की चुभन की वजह से उसे दर्द हो रहा था। संत तुरंत ही आश्रम से एक लेप लेकर आए और उन्होंने व्यक्ति के हाथ पर लगा दिया।

संत ने व्यापारी से कहा कि जिस तरह कांटा चुभने से दर्द हो रहा है, ठीक उसी तरह तुम्हारे मन में भी क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या, लालच जैसे कांटे चुभे हुए हैं। जब तक इन कांटों को निकालेगे नहीं, तुम्हें शांति नहीं मिल पाएगी।

व्यापारी को संत की बात समझ आ गई और वह उनका शिष्य बन गया। इसके बाद उसने धीरे-धीरे अपनी इन बुराइयों को दूर कर लिया। अपने धन का उपयोग उसने समाज कल्याण में करना शुरू कर दिया। कुछ ही दिनों में उसकी अशांति दूर हो गई।

# जाति विमर्श में वर्तमान होती घटनाएं

**अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश के इटावा से 35 किलोमीटर दूर दादरपुरा में कथावाचक मुकुटमणि यादव और उनके साथियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। धर्म, जाति और जेंडर आधारित भेदभाव की पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं घटती होती रही हैं जिनसे हम सभी वाकिफ हैं। लेकिन क्या इन घटित होती सभी घटनाओं को हम सामान्य मान बैठे हैं? या ये सभी कृत्य हमारे अधिक सभ्य और सुसंस्कारी होने की निशानी है? इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो हमारी चिंताओं से नदारद है। धर्म के आधार पर बहुसंख्यक हिंदू समाज को अन्य धर्मों के प्रति असहिष्णु बनाने की प्रक्रिया जारी है।**

**डॉ. चित्रा माली**

धर्म में हिंदू वर्सेज अन्य की अवधारणा को लगातार पुष्ट किया जा रहा है जो आवाम को एक दूसरे के बरक्स खड़ा कर रही है। इसका और संकीर्ण रूप जाति आधारित भेदभाव में देखा जा सकता है। स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी जाति का बने रहना या कहें जाति के आधार पर भेदभाव का बने रहना इसकी जड़ों को तलाशने पर मजबूर करता है। जाति जिसे अंग्रेजी में कास्ट कहा जाता है जो पुर्तगाली भाषा के शब्द कास्टा से लिया गया है,जिसका तात्पर्य नस्ल,वंशानुक्रम या शुद्धवंश था जो लैटिन भाषा के शब्द कास्टस से लिया गया है जिसका मतलब शुद्ध और पवित्र है। कास्ट या जाति का मूल विचार भारतीय समाज के सामाजिक स्तरीकरण की और संकेत करता है। यह संभवतः द्वितीय या प्रथम ईसापूर्व में आया और पांचवी सदी तक काफी स्थापित हो गया। पुर्तगाली जब भारत आए तो उन्होंने भारतीय समाज में अलग अलग व्यवस्थाओं,नियमों क़ायदों और विविधताओं को देखा जो हर भारतीय के लिए सामान्य थीं पर उनके लिए नई और असामान्य थी। इस भारतीय समाज की संरचना को जानने समझने की कोशिश अवलोकन पद्धति के द्वारा की गई जो अत्यंत सूक्ष्म अध्ययन की पद्धति है। भारतीय समाज संरचना की अंतर व्यवस्था को जानने समझने के क्रम में जाति और समाज में उसके महत्व को जाना गया। जाति शब्द पुर्तगालियों की देन है जो महज 500 वर्ष पुराना है जिसे मालाबार के तट पर उनके द्वारा दिया गया था। इसके बाद से जाति शब्द का इस्तेमाल होने लगा। इस नाम से इस व्यवस्था में अंतर्निहित विभिन्न नियमों, प्रथाओं और अलग अलग इकाईयों को अभिव्यक्ति मिली। पुर्तगालियों ने जाति की खोज ही नहीं की बल्कि उन्होंने वर्ण -जाति व्यवस्था के संचालन का विस्तृत वर्णन भी पहली बार पेश किया,इसका श्रेय भी उन्हें ही जाता है। पुर्तगाली दुआरते बारबोसा ने ही जाति के पांच तत्वों की खोज की जिसमें उन्होंने बताया कि जाति एक श्रेणीबद्ध व्यवस्था है जिसके शीर्ष पर ब्राह्मण और सबसे नीचे अछूत थे। अस्पृश्यता को अपवित्रीकरण के विचार से जोड़कर देखा। जातियों के बीच में भिन्नता की पहचान सजातीय और सगोत्रीय विवाह,व्यवसाय और सहभोज के आधार पर की। जातियों द्वारा अपने रीति रिवाजों और नियम कायदों को कायम रखने के लिए कई तरह की पाबंदियां लगाने का जिक्र भी बारबोसा ने किया,साथ ही जाति के राजनीतिक संगठन को भी देखा। जाति के इन तत्वों में एक तरह के श्रेणीक्रम,वंशानुक्रम, शुद्ध-अशुद्ध,रक्त संबंधों,नातेदारी,और विवाह के नियमों को देखा जा सकता है जो आज भी विद्यमान है। जाति को एक श्रेणीबद्ध,बंद और अंतरविवाही समूह के रूप में देखा जा सकता है,साथ ही इसमें सदस्यता पूर्व निर्धारित होती है। जातियों में विभिन्न रोजगारों के कारण उनमें आर्थिक स्तर में असमानताएं है लेकिन जाति स्तरीकरण पूरी तरह से आर्थिक स्थिति पर आधारित नहीं है। यही कारण है कि आज भी आर्थिक रूप से संपन्न निम्न जातियों के लोगों के साथ भेदभाव जारी है और यही हाल उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों का भी है। थोड़ा सा स्मृति पर जोर डालने से याद आ जाएगा कि किन किन व्यक्तियों के साथ वर्तमान समय में भेदभाव परक घटनाएं घटित हुई हैं। निम्न जातियों व वर्गों के लोगों के साथ इस तरह के भेदभाव या हिंसात्मक घटनाओं का प्रतिदिन घटित होना उच्च वर्गों के लिए साधारण बात है लेकिन यह पूरी भारतीय व्यवस्था के लिए एक अभिशाप की तरह है। इन निम्न जातियों में भी एक तरह का श्रेणीक्रम है जो लगातार अपने से निम्न जातियों के साथ वैसा ही भेदभाव करती हैं जैसा इनके साथ होता है और वे लगातार अपने से उच्च जाति का अनुसरण भी करती हैं जिससे वे भी प्रिविलेज तबके में शामिल हो सकें। एम.एन.श्रीनिवास ने अपनी किताब 'रिलिजन एंड सोसाइटी अमंग द कूर्ग्स ऑफ़ साउथ इंडिया' में स्थानीय निम्न जातियों द्वारा ब्राह्मणों का सांस्कृतिक अनुसरण करने के संदर्भ में जाति गतिशीलता का वर्णन किया है। इसके बाद वे अपनी दूसरी किताब 'सोशल चेंज इन मॉडर्न इंडिया' में संस्कृतिकरण की परिभाषा देते हुए बताते है कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक निम्न हिंदू जाति अथवा जनजाति या अन्य समूह किसी उच्च एवं द्विज जाति का अनुसरण करते हुए अपने रीति रिवाजों,कर्मकांडों,आचरण, विचारधारा एवं जीवन पद्धति में परिवर्तन करते हैं। इस प्रकार के परिवर्तन द्वारा वे आगे चलकर जाति पदानुक्रम व्यवस्था में अपेक्षाकृत उच्च स्तर प्राप्त करने की कोशिश करते हैं,जो पारंपरिक रूप से स्थानीय समुदाय द्वारा उन्हें प्रदान किए गए सामाजिक स्तर से निश्चित रूप से अलग अर्थ रखता हो। समाज में हो रहे परिवर्तनों को समझने के लिए यह दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी के साथ हर जाति में चाहे वह निम्न हो या द्विज,सभी में एक प्रकार के इलीट वर्ग का उदय हुआ है, जिसमें इन परिवर्तनों को लगातार देखा जा सकता है। इन परिवर्तनों से समाज में हो रही हिंसक घटनाओं में भी वृद्धि को देखा जा सकता है। जबकि इन परिवर्तनों के सकारात्मक परिणाम भी आ सकते थे, लेकिन बुराईयों को ग्रहण करने की क्षमता का अधिक होना इसमें बाधक बन गया है।

ज्योतिबा फुले की तरह ही पेरियार भी भारत में जाति आधारित सामाजिक विषमता के विरोधी थे। पेरियार को गैर ब्राह्मणवादी विमर्श और राजनीति के प्रणेता के रूप में भी जाना जाता है। पेरियार ने वंचित वर्ग में धर्म और जाति आधारित परिवर्तनों की कटु आलोचना की है,वे कहते हैं कि 'वंचितों में से कुछ लोग सोचते हैं कि वे नहाएंगे,अपने माथे पर वैष्णव या शैव पहचान वाला तिलक लगाएंगे, वैदिकों की तरह कपड़े पहनेंगे,शराब या मांस का सेवन नहीं करेंगे और सामी जैसे नाम रखेंगे तो उनकी स्थिति सुधर जाएगी और अस्पृश्यता नष्ट हो जाएगी'। यह अजीब बात है खुद को यह सोचते हुए धोखा देना कि दूसरों को धोखा दिया जा सकता है। गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि मैंने चार वर्ण बनाए। जाति व्यवस्था धर्म की देन है। मनु स्मृति में चांडाल जाति और अन्य जातियों की उत्पत्ति की कहानी कही गई है। ऐसे में अगर ईश्वर,धर्म,गीता और मनु स्मृति समाज में विद्यमान है और उनके पक्ष में समर्थन जुट रहा है तो सोचिए शूद्र और निचली जातियों का ठप्पा हटाना कितना मुश्किल है। जाति जनित भेदभाव और धार्मिक पाखंड के विरुद्ध पेरियार ने आत्मसम्मान आंदोलन (सेल्फ रेस्पेक्ट मूवमेंट) चलाया जिसने पूरे दक्षिण भारत खासकर तमिलनाडु को हिलाकर रख दिया था। आत्मसम्मान आंदोलन चलाते हुए पेरियार ने समाज की बुद्धिवादी पुनर्रचना का प्रस्ताव भी पेश किया था। पेरियार का मानना था कि जातिप्रथा और ब्राह्मण वर्चस्व ने जो व्यवस्था कायम की है, वह समाज के बाकी अधिकांश हिस्से के लिए घोर अन्यायपूर्ण और दमनकारी है और इस व्यवस्था को बदलने की आवश्यकता है। इसी व्यवस्था परिवर्तन के लिए पेरियार ने ईश्वरवाद,धार्मिक अंधविश्वासों,पूजा-पाठ,जातिगत ऊंच-नीच और स्त्री-पुरुष भेदभाव के विरुद्ध आक्रामक अभियान भी चलाए। पेरियार द्वारा लागू की गयी विवाह की आत्मसम्मान पद्धति बहुत हद तक ज्योतिबा फुले द्वारा सत्यशोधक समाज की विवाह पद्धति से मेल खाती है। परंपरागत विवाह पद्धति में ब्राह्मणों पुरोहितों के मंत्रोच्चार और अग्नि की सप्तपदी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। फुले और पेरियार द्वारा चलायी गयी विवाह पद्धतियों में ब्राह्मण पुरोहितों के लिए कोई स्थान नहीं था। विवाह समारोह का पूरा आयोजन साधारण और परिजनों की उपस्थिति में सम्पन्न हो जाता था। पेरियार के पूर्व ज्योतिबा फुले ने भी सत्यशोधक समाज की स्थापना की जिसका उद्देश्य शूद्रों-अतिशूद्रों को पुजारी, पुरोहित,सूदखोर आदि की सामाजिक-सांस्कृतिक दासता से मुक्ति दिलाना, धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यों में पुरोहितों की अनिवार्यता को खत्म करना, शूद्रों-अतिशूद्रों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना, ताकि वे उन धर्मग्रंथों को स्वयं पढ़-समझ सकें,जिन्हें उनके शोषण के लिए ही रचा गया है, सामूहिक हितों की प्राप्ति के लिए उनमें एकजुटता का भाव पैदा करना,धार्मिक एवं जाति-आधारित उत्पीड़न से मुक्ति दिलाना,व वंचित वर्ग में चेतना उत्पन्न करना था। लेकिन आज भी उत्तर भारत में ज्योतिबा फुले के सत्यशोधक समाज की अवधारणा से और पेरियार के आत्मसम्मान आंदोलन से लोग वाकिफ़ नहीं है।

## आज का कार्टून

पीएम मोदी ने घाना में कहा-लोकतंत्र हमारा सिस्टम नहीं संस्कार




## राशिफल

**मेष**
करियर को लेकर किसी से अधिक सलाह लेना उचित नहीं है। लवमेट के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे।

**वृषभ**
परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नयी योजना बना सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी। कोर्ट केस में विजय मिल सकती है।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार के साथ बैठकर गम्भीर विषयों पर चिन्तन करेंगे।

**कर्क**
व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है।

**सिंह**
आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। बाहरी लोगों के ऊपर अपना समय बर्बाद न करें। बड़े अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या**
आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों से व्यवहार अच्छा रखें। मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं।

**तुला**
अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाये रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। सन्तान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में भावुकता में आकर निर्णय नहीं लें। समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पायेंगे। शाम के समय बाहर डिनर के लिये जा सकते हैं।

**धनु**
आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाये रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। मन में अज्ञात भय पनप सकता है।

**मकर**
ऑफिस में आपके कार्यों की लोग आलोचना कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिये। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें।

**कुंभ**
जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। परिवार के सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। किसी सरकारी मामले में विजय होने की सम्भावना है। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असन्तुष्ट रहेंगे। किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनायेंगे। नये अनुभवों के लिये तैयार रहना चाहिये।

# बेगूसराय, गोपालगंज में हवाई अड्डे के लिए शीघ्र होगा स्थल का अध्ययन : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि बिहार के छोटे शहरों में हवाई अड्डा निर्माण योजना के प्रारंभिक अध्ययन के पहले चरण में बेगूसराय जिले के उलाव हवाई अड्डा तथा गोपालगंज जिले के सबैया सैन्य हवाई अड्डा का अध्ययन कराया जाएगा। इस पर कुल 81.05 लाख रुपये खर्च करने की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि अध्ययन-व्यय की यह राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजटीय प्रावधान के अंतर्गत वहन की जाएगी। श्री चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार ने मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मीकीनगर, भागलपुर एवं सहरसा में हवाई अड्डा निर्माण की संभावनाओं का आकलन करने के लिए पूर्व-व्यवहार्यता यानि प्रारंभिक अध्ययन कराने का निर्णय लिया है। इस कार्य के लिए विशेषज्ञ संस्था भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को नामांकन के आधार पर चुना गया है। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया वित्त विभाग की अधिसूचना एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई है। क्योंकि इस क्षेत्र में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ही एकमात्र विशेषज्ञ संस्था है। प्रस्ताव के अनुसार, प्रति स्थल 40.52 लाख की दर से दोनों स्थलों के लिए राशि निर्धारित की गई है। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को धन्यवाद देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के साथ मिलकर राज्य में हवाई यात्रा को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा निरंतर प्रयास जारी है। हवाई सेवा के विस्तार से जहां यात्रियों को सुविधाजनक हवाई सफर का लाभ मिलेगा। वहीं इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। जिला अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री सह सांसद गिरिराज सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि सांसद लगातार बेगूसराय में हवाई अड्डे की मांग को लेकर प्रयासरत रहे हैं। आज उनका यह प्रयास रंग लाया और बेगूसराय वासियों के बहु प्रतीक्षित मांग फलीभूत होता नजर आ रहा है।

# प्रखंडों में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मुहर्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में शांतिपूर्ण मुहर्रम संपन्न हो गया। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने सभी अखाड़े पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की थी। अकीदत मंदो के द्वारा मुहर्रम के अवसर पर परंपरागत खेल तमाशा एवं ताजिया जुलूस निकाला गया। इस क्रम मेंदेवपुरा, सैदपुर, विष्णुपुर, वृंदावन, छतौना, नावकोठी, हसनपुर बागर, पहसारा, पीरनगर, रजाकपुर, मोहीउद्दीनपुर पीरनगर, शेखपुरा, समसा, खैरवन, अकहा इत्यादि गांव में खेल प्रदर्शन एवं अखाड़ा निकाली गयी। मोहर्रम के 10वीं तारीख को परंपरागत तौर पर मुस्लिम अकीदतमंदों के द्वारा विभिन्न अखाड़े पर खेल तमाशा एवं विभिन्न प्रकार के युद्ध कला कौशल तथा ताजिया का प्रदर्शन किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस खेल में लाठी, बाना, बनेठी के खेल में हिस्सा लिया। सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था किए गए थे। इस साल जुलूस में घातक हथियार, भाला फरसा एवं तलवार के प्रदर्शन पर रोक थी। ताजिया जुलूस को देखने के लिए दूर दराज के महिला पुरुष एवं युवाओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी थी। सीओ सूरज कुमार, बीडीओ चिरंजीव पांडेय थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर आनंद कुमार, सब इंस्पेक्टर मनोज प्रसाद, विश्वजीत कुमार, उमाशंकर झा, अबोध कुमार सिंह सहित विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में ताजिया का कर्बला में पहलाम कराया गया। मौके पर मुखिया राष्ट्रपति कुमार, दिनेश यादव, रंजीत कुमार पमपम, मुकेश कुमार, नंदकिशोर पासवान, अजय साहनी आदि शामिल थे।

## एक नजर

### मुहर्रम को लेकर मजिस्ट्रेट व पुलिस बलों की तैनाती

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत एवं रोसड़ा प्रखंड छेत्र में हजरत इमाम हुसैन की शहादत के याद में ताजिया जुलूस निकाल मोहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाया गया। इस दौरान शिवाजीनगर प्रखंड के रहटौली, परशुराम, गीदरगंज, बल्लीपुर, पूरा, हबका एवं रोसड़ा प्रखंड के मोतीपुर, एरौत, मुरादपुर, मब्बी सहित दोनों प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर मोहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाया गया। सभी चयनित जगहों पर अलग अलग अखाड़े के समिति सदस्यों द्वारा लाठी, डंडा, तलवार आदि के सहयोग से पारंपरिक तरीके से प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी अखाड़ा व चौक चौराहो के पास मजिस्ट्रेट एवं काफी संख्या में पुलिस बल के जवान को तैनात किया गया था। रोसड़ा एसडीओ संदीप कुमार, रोसड़ा डीएसपी सोनल कुमारी, शिवाजीनगर बीडीओ आलोक कुमार सिंह, सीओ वीणा भारती, हथौड़ी थाना अध्यक्ष नागेंद्र कुमार, शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष छोटेलाल सिंह, हथौड़ी अपर थाना अध्यक्ष मुखराम सिंह सहित अन्य पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में उपस्थित दिख रहे थे। मौके पर पंचायत के जनप्रतिनिधि लोग मौजूद थे।

### भारतीय जनसंघ के संस्थापक को दी गई श्रद्धांजलि

**अंबा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को मंडल कार्यालय में प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई और उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक दक्ष राजनीतिज्ञ, विद्वान और समाजवादी के रूप में अपने समर्थकों एवं विरोधियों के बीच समान रुप से सम्मानित थे। उनके उसूल और विचार अनुकरणीय हैं। मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की मजबूती के लिए पंचायतवार अध्यक्ष और प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जयप्रकाश सिंह को रिसियप पंचायत का अध्यक्ष और सुजीत सिंह को प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं राजेश चौधरी को ग्राम पंचायत भरौंधा का अध्यक्ष, अनुज सिंह को प्रभारी, पंकज सिंह को कर्मा बसंतपुर पंचायत का अध्यक्ष, पंकज सिंह को प्रभारी, संतन सिंह को तेलहारा का अध्यक्ष, प्रवीण कुमार को प्रभारी, गौतम वर्मा को अंबा का अध्यक्ष, नवल किशोर पाठक को प्रभारी, शिव शंकर पासवान को घेउरा का अध्यक्ष, अमरेंद्र सिंह को प्रभारी तथा हरेंद्र सिंह को बैरांव का अध्यक्ष और अभय पासवान को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, महामंत्री अभय पासवान, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष चंदन तिवारी, शिव शंकर पासवान, अरविंद सिंह, गुड्डू गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रतिभा खोज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार को बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिभा खोज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन दो केंद्रों पर हुआ।आयोजन कर्ता और परीक्षा नियंत्रक शिक्षक सह एंकर गौरव कुमार पाठक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 1050 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में तीन ग्रुप बनाए गए थे।वर्ग 6 से लेकर के वर्ग 8 तक के बच्चे ग्रुप । में शामिल हुए। वर्ग 9 और 10 के बच्चे ग्रुप बी में शामिल हुए। 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए ग्रुप सी था। इस प्रतियोगिता में वीरपुर और भगवानपुर प्रखंड के 2 दर्जनों से अधिक गांव के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए दो केंद्र बनाए गए थे। मध्य विद्यालय मुनीचक वीरपुर और संत जेवियर्स अकादमी सूर्यपुरा भगवानपुर. मध्य विद्यालय मुनीचक में 500 बच्चें इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। वही संत जेवियर्स अकादमी में लगभग 550 बच्चें इस प्रतियोगिता में भाग लिए। गौरव कुमार पाठक ने बताया कि तीनों ग्रुप से मेधा सूची के आधार पर बच्चों को चयनित कर एक विशेष सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। बता दें कि स्थानीय ग्रामीण और अभिभावकों ने बताया कि प्रतिवर्ष इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन कर क्षेत्र के बच्चों में उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने और उन्हें प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा के लिए एक मंच देने का काम गौरव कुमार पाठक के द्वारा किया जा रहा है जिसकी क्षेत्र में सभी सराहना कर रहे हैं।

### बंद घर से लाखों की चोरी

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सगुना मोड पुलिस चौकी से महज सौ गज की दूरी पर बीती रात बेखौफ चोरों ने थाना क्षेत्र के सगुना मोड़ निवासी व प्रभात इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप मालिक राम सुपल यादव के बंद घर का ताला तोडकर डेढ लाख नगद समेत 55 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ करने का मामला सामने आया है. चोरों ने आराम से सारे कमरे को खंगाला दिया है। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे के हार्डडिस्क भी तोड दिया है और सीसीटीवी कैमरे को भी तोड दिया है। इस संबंध में गृहस्वामी के पुत्र प्रभात कुमार यादव की पत्नी पल्लवी यादव ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत की है। पल्लवी यादव ने बताया कि घर बंद कर अपने बच्चों को स्टडी के लिए बंगलौर में पूरे परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 2 जुलाई को फोन कर अपने कर्मी को घर से जरूरी कागजात लाने के लिए कहा था जब कर्मी घर गया तो देखा कि दरवाजा का ताला टूटे हुए थे और कमरे का सारा सामान बिखरे पडे हुए थे। कर्मी ने फोन कर सूचना दिया कि घर में चोरी हो गई है. सूचना मिलने के बाद जब मैं बंगलौर से रविवार को घर आया तो देखा कि घर के दरवाजा का ताला टूटे हुए थे और कमरे में सारा सामान बिखरे पडे हुए थे।

# 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के लिए रितिका को किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अररिया।** स्थापना दिवस के अवसर पर रितिका झा पिता शशि भूषण झा को जिला पदाधिकारी अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार के समक्ष 12वीं की परीक्षा में विद्यालय की ओर से उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय द्वारा लैपटॉप, बैग व ममेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी भी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी एवं एसपी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रा रितिका ने डीएम एसपी के सम्मुख क्लेट परीक्षा पास करने व अंतराष्ट्रीय अधिवक्ता बन राष्ट्र का नाम ऊंचा करने की बातें कही। जैसा कि बता दें इस वर्ष रितिका झा मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल से 12वीं के कला संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया। 5 जुलाई स्थापना दिवस पर 10वीं व 12वीं के परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर कई छात्र एवं छात्रा को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल व अस्पताल के संचालक डॉक्टर संजय प्रधान, प्राचार्य डॉक्टर पाराशर त्यागी, अभिनंदन नौटियाल आदि के अलावे विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। विद्यालय स्थापना दिवस पर आर के रुंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर प्रसाद रूंगटा ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी एवं रितिका झा के विद्यालय द्वारा उत्कृष्ट परिणाम पाने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया मुहर्रम का जुलूस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अररिया।** अररिया जिला सहित सभी प्रखंडों में शोक का पर्व शांतिपूर्ण मनाया गया। नगर पंचायत जोकीहाट में रविवार को मुहर्रम का जुलूस अकीदत और शांति के साथ निकाला गया। सिसौना भेभरा करबोला ठेंगापुर धनपुरा अझवा आदि गांवों में सैकड़ों स्थानीय लोगों ने जुलूस में भाग लिया। जुलूस में युवा बच्चो की संख्या अधिक थी वही पीछे पीछे महिलाओं की सैकड़ों की संख्या में भीड़ थी। जुलूस अलग अलग टुकड़ियों में आकर हाईस्कूल चौक होते धनपुरा मोड़ पहुची जहां से लोगों ने मिल-जुलकर कर्बला तक पहुंची फिर वहां से हाईस्कूल मैदान पहुची जुलूस में या हुसैन के नारे से गूंज गया। जुलूस के लोगो ने धार्मिक परंपरा का पालन किया। जुलूस के साथ युवा, बुजुर्ग और बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। ढोल-ताशे और मातम के साथ लोगों ने धार्मिक अनुशासन का पालन किया। श्रद्धालुओं ने मुहर्रम की अहमियत को समझाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय लोगों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग किया। कहीं से कोई अव्यवस्था या विवाद की सूचना नहीं मिली। सुरक्षा के लिए प्रशासन ने पहले से उचित इंतजाम किए थे। पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। निगरानी के लिए विशेष स्थान बनाए गए। प्रशासन की सतर्कता और नागरिकों के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जगह जगह पुलिस की टुकड़ियों मजिस्ट्रेट के साथ तैनात थी।

स्थानीय विधायक शाहनवाज आलम व पूर्व सांसद सरफराज आलम जुलूस के आगे आगे चल रहे थे सभो को मोहर्रम पर्व की बधाई दी। जुलूस के लोगो ने बताया कि आज रविवार को हम लोग ननवी का पर्व मना रहे हैं सोमवार को दसमी का त्योहार मनाएंगे। वही जोकीहाट सहित सिकटिया बगडहरा गम्हरिया दर्शना उदा कामत मटियारी आदि जगहों से जुलूस शांतिपूर्ण निकली। छुटपुट घटना को छोड़ सफलतापूर्वक जुलूस संपन्न हुआ।

# नगर परिषद बरौनी में धूमधाम से निकाला गया मुहर्रम का जूलूस

## चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद दिखी फुलवरिया पुलिस, ड्रोन कैमरे से की जा रही थी अखाड़े की निगरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बरौनी।** मुहर्रम त्यौहार यानी उर्दू महीने की दसवीं तारीख मुसलमानों का माने तो यौमे आशूरा का दिन होता है। इस दिन ही इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को यजीद के द्वारा शहीद किया गया था। इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने अपना सर कलम करना मंजूर किया पर यजीद के सामने सर नही झुकाया। मुहर्रम महीने का कई इतिहास है। इमाम हुसैन के शहादत की याद में मुहर्रम त्यौहार को मनाया जाता हैं। मुहर्रम त्यौहार के अवसर पर रविवार को नगर परिषद बरौनी के विभिन्न क्षेत्रों से अखाड़ा निकाला गया। जिसमे मर्कजी मुहर्रम कमिटी फूलवाड़िया बाजार, अंजुमन इस्लाह कमिटी शोकहारा, समाजी इस्लाही कमिटी कैरीवारी, स्टार क्लब बिच मुहल्लाह पोखर मुहल्लाह, अमन क्लब गंज मुहल्लाह के उत्साहित युवाओं ने भाग लिया। अखाड़ा सुबह 8 बजे शोकहारा कलमबाग से शुरू फूलवाड़िया बाजार पहुंचा। जहां मर्कजी मुहर्रम कमिटी फूलवाड़िया के द्वारा अखाड़े का उद्घाटन मुहर्रम के मर्कजी मुहर्रम कमिटी फुलवाड़िया बाजार के खिलाफ मोहम्मद मन्नान और पूर्व सैनिक चंद्रप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर अखाड़ा को रवाना कियार। वही कमिटी के द्वारा पूर्व सैनिक चंद्र प्रकाश सिंह को मर्कजी मुहर्रम कमिटी के द्वारा पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। अखाड़े को अपने रूट की ओर रवाना किया। वहीं अखाड़े की अध्यक्षता डा. संजीव भारती ने की। इस अवसर पर मर्कजी मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष मोहम्मद मेराज कमिटी के सचिव मोहम्मद हैदर अली कोषाध्यक्ष मोहम्मद आरसू, अशफाक अशरफ, मोहम्मद जुनैद, गुड्डू पूर्व जिला पार्षद सिकंदर, सामाजिक कार्यकर्ता रूस्तम आजाद, सुबोध प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया मंजूर आलम सहित हजारों की संख्या में अखाड़े लोग शामिल हुए। फुलवाडिया में अखाड़ा कमिटी के खलीफा मोहम्मद मन्नान को पगड़ी बांध कर स्वागत किया गया। जूलूस में मनमोहक झांकियां, मिसाइल, इंडिया गेट, रंग बिरंग के घोड़े, ताजिया, सिफ्फर, बांदा बंगेठी, तलवार, बरछा, लाठी, भाला, आदि दर्जनों कई डिजाइन के प्रदर्शनी हथियार, का खेल के साथ या अली, या हुसैन, के नारे के साथ हिंदुस्तान जिंदाबाद, की आवाज से बुलंद हौसलों के साथ हाथ में तिरंगा लिए हजारों नौजवान, बुजुर्ग जनप्रतिनिधो ने नगर परिषद बरौनी के विभिन्न गलियों मुहल्लों से होते हुए अखाड़ा गंज दरगाह रोड होते हुए बरौनी चौक, सिंधिया चौक, फल मंडी, वाटिका चौक, राजेंद्र रोड होते हुए मिरचौया चौंक के रास्ते फूलवाड़िया बाजार में अखाड़े को समाप्त किया। इस दौरान जगह जगह खिलाड़ियों ने अपना अपना करतब दिखाया। अखाड़े में पुलिस प्रशासन के अलावे मर्कजी मुहर्रम कमिटी के नौजवान मुस्तैद दिखे। मुहर्रम त्यौहार को लेकर क्षेत्र हिन्दू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए शान्ति पूर्वज संपन्न कराया। वही अध्यक्षता कर रहे डा. संजीव भारती ने कहा की मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे का त्योहार है और फूलवाड़िया और शोकहारा में कभी को भाईचारा खत्म नही होगा। नगर परिषद बरौनी में हर साल इसी तरह से शांति पूर्वक ढंग से मुहर्रम जुलूस निकाला जाइएगा। पूर्व मुखिया मंजूर आलम ने कहा हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता है। हजरत इमाम हुसैन ने अन्याय एव जुल्म के खिलाफ अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। अखाड़े के दौरान फूलवाड़िया थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद सिंह ने खुद कमान संभालते हुए लगातार शांतिपूर्ण माहौल में अखाड़े निकलने के लिए अपील करते दिखे। इस अवसर पर उपस्थित मोहम्मद जुबैर, मोहम्मद, आजाद, मोहम्मद शकील, मोहम्मद राजा, विशाल कुमार, मोहम्मद रूस्तम आजाद, मोहम्मद भोला, वार्ड पार्षद पंकज कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद मुर्तुजा, मोहम्मद आविद, अनवर हैरान मोहम्मद खुर्शीद, मोहम्मद अबरार, आदि बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे।

# बीड़ी मजदूर के नेताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** बेगूसराय जिला के जाने-माने बीड़ी मजदूर के नेता, लड्डुआरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो ऐहतेशामुल हक ने जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता से त्यागपत्र देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रह्ण की। सदाकत आश्रम, पटना में उन्हें कांग्रेस की सदस्यता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बिहार इंटक के सम्मानित अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह ने ग्रह्ण कराया। साथ ही श्री ऐहतेशामुल हक को बिहार इंटक अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह के द्वारा बीड़ी मजदूर कांग्रेस (इंटक) का प्रदेश उपाध्यक्ष भी मनोनीत किया गया। श्रमिक नेता ऐहतेशामुल हक को बीड़ी मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह अध्यक्ष, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक), बेगूसराय चुनचुन राय ने खुशी जाहिर करते हुये कहा है श्री हक के कांग्रेस पार्टी और इंटक से जुड़ने से जिला में कांग्रेस एवं इंटक दोनो को मजबूती मिलेगी। मो ऐहतेशामुल हक बीड़ी श्रमिक के बड़े संघर्षशील नेता और अल्पसंख्यक समुदाय के बड़े नेता प्रभाव वाले नेता के रूप में स्थापित हैं। श्री राय ने मो ऐहतेशामुल हक जी को बीड़ी मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत करने के लिये इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश इंटक के सम्मानित अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है, साथ ही मो ऐहतेशामुल हक को भी बहुत-बहुत बधाई दी है। बधाई देने वालों में श्री राय के अतिरिक्त इंटक नेता डॉ के के राय, मो ऐहशान रिज्बी, टैंकर चालक उपचालक यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, मो जमालखान, मोकामिल खान, कांग्रेस नेता चन्द्रशेखर सिंह, ऐंबुलेंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) के नेता रामानंद, टैंकर चालक उपचालक यूनियन के चंदन पासवान, हरेराम पंडित, मोसारून, मो साबिर, रामभजन साह, अभ्यास सिंह आदि ने मो ऐहतेशामुल हक के मनोनयन पर उन्हें बधाई दी है।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य के विरूद्ध महागठबंधन की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार के अंदर गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ 9 जुलाई की ट्रेड यूनियन की हड़ताल को सफल बनाने के लिए रविवार को महागठबंधन के घटक दलों से जुड़े नेताओं की विशेष बैठक कार्यानंद भवन बेगूसराय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद के जिलाध्यक्ष मोहित यादव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सह सीपीआई जिला मंत्री अवधेश कुमार राय ने कहा कि बिहार के अंदर गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में दस्तावेज की मांग कर निर्वाचन आयोग ने दलित, अति पिछड़ा, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और सामान्य वर्ग के गरीब मतदाताओं को अधिकार से वंचित करने का उचित प्रयास किया है। इसके विरुद्ध महागठबंधन ने हड़ताल के समर्थन के साथ ही बिहार बंद का आह्वान किया है। हम लोग 9 जुलाई को 10 बजे दिन से सभी प्रखंडों में अलग-अलग संयुक्त रूप से विभिन्न सरकारी कार्यालय को बंद करते हुए सड़क पर उतरकर धरना देंगे। जिला मुख्यालय में सदर अंचल, महानगर, मटिहानी और बरौनी का पूर्वी भाग के साथी एकत्रित होकर जिला मुख्यालय के सभी सरकारी संस्थाओं को बंद करवाते हुए पावर हाउस एनएच पर धरना देंगे। हमलोग इस दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण पर रोक लगाई जाए। 2024 के मतदाता सूची में लघु सर्वेक्षण कर का चुनाव करवाया जाए, बरौनी कानपुर पाइपलाइन के स्थानांतरण पर रोक लगाई जाए इत्यादि मांग रहेंगे। बैठक के दौरान सीपीआई राज्य परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी, एआईएसएफ के राष्ट्रीय सचिव अमीन हमजा, एआईवाईएफ के राज्य अध्यक्ष शंभू देवा, राजद के त्रिभुवन कुमार पिंटू, शहजादनंद यादव, कैलाश यादव, महानगर जिला अध्यक्ष शिवजी महतो, महानगर प्रधान महासचिव अभिराम सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अभय कुमार सिंह सार्जन, कांग्रेस नेता रामविलास सिंह, सुबोध कुमार सिंह, मोहम्मद हारून रशीद, सीपीएम जिला मंत्री रत्नेश कुमार झा, राजेंद्र प्रसाद सिंह पूर्व विधायक, सुरेश यादव। माले जिला मंत्री दिवाकर प्रसाद, चंद्रदेव वर्मा, बैजू सिंह, वीआईपी जिला अध्यक्ष जय जय राम सहनी,आजाद सहनी, प्रदीप सहनी आदि उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं से अपील की गई है कि मटिहानी प्रखंड, बेगूसराय सदर प्रखंड, बरौनी प्रखंड के पूर्वी भाग, महानगर बेगूसराय के सभी साथी जिला परिषद मार्केट में सोमवार को 9:30 बजे एकत्रित होकर जुलूस के शक्ल में सभी सरकारी संस्थाओं को बंद कराते हुए पावर हाउस चौक पर धरना के माध्यम से चक्का जाम करेंगे।

# बेगूसराय में स्मैक कारोबारी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** नगर थाना पुलिस ने हेमरा से स्मेक तस्करी मामले में पिता पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने शराबबंदी के बीच स्मैक कारोबार का खुलासा करते हुए एक कारोबारी को करीब 800 ग्राम स्मैक, 102 ग्राम सोने के जेवरात और करीब 50 हजार रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर बाइक सवार मंसुरचक थाना क्षेत्र के नवटोल गांव निवासी आलोक कुमार को गिरफ्तार किया गया। आलोक के निशान देही पर उसके किराए के मकान में छापेमारी की गई। जहां से पुलिस ने 746 ग्राम स्मैक, 6 मोबाइल 46000 रुपये, करीब 100 ग्राम वजन का एक सोने का चैन, एक ब्रेसलेट, तीन सोने की अंगूठी को जब्त किया है। इस मामले में सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि स्मैक बिक्री की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर आलोक कुमार को गिरफ्तार किया है। आलोक कुमार शहर में किराए के मकान में रहकर स्मैक बेचने का काम करता था। पुलिस आलोक से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है कि आलोक कुमार के तार कहां-कहां से जुड़े हुए हैं।

# किसानों के बीच बांटे गये फलदार वृक्ष के पौधे




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** विश्व युवक केंद्र दिल्ली एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस माह के अंतर्गत किसानों के बीच फलदार आम, लीची, कटलह, जामुन, सीता फल, बेल का पौधा किसानों के बीच वितरण किया जा रहा है। फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने बताया कि साँसे हो रही है कम आओ पेड़ लगाये हम। आज जिस तरह से अंधाधुन्ध पेड़ो की कटाई हो रही है धरती वीरान होते जा रहा है। धरती की हरियाली में ही जीवन की खुशहाली है। हम सबों को हर यादगार पल पर पेड़ लगाना ही चाहिए। एक पेड़ सौ पुत्र के सम्मान है, पूरी दुनिया मे विकास के नाम पर हम विनाश की ओर बढ़ रहे है। एटम बम बनाने की होड़ लगी है हम सब कुछ भोग लेना चाहते है। पेड़ हमे सिर्फ फल ही नही छाया और ऑक्सीजन भी देता है फर्नीचर की लकड़ी भी। उन्होंने वताया बिहार के वन क्षेत्रों में लगातार कमी आ रही है। गंगा किनारे के गाँव पाँच हजार फ़लदार पेड़ लगाया जा रहा है। पेड़ो के देख रेख पर्यावरण प्रहरी करेंगे उन्हें फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया जायेगा। वहीं फाउंडेशन के संयोजक शिशुपाल ने लोगो से अपील किया कि आप पेड़ के लिए जगह उपलब्ध कराये पौधा हम उपलब्ध करायेगे। हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि पौधारोपण करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम जो अभियान चलाया है उसे हमलोग गांव-गांव तक ले जायेंगे। मौके किसान नेता अनिल कुमार सिंह, विपिन कुमार शर्मा, पत्रकार नीरज कुमार, मनोज कुमार सिंह ने भी अपना विचार प्रकट किये।

# थोक किराना व्यवसायी से छह लाख की लूट पिस्टल की नोक पर दिया वारदात को अंजाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** शहर के श्रीपुर रोड स्थित अमन ट्रेडर्स के मालिक श्रीभगवान केसरी से शनिवार रात करीब 9:30 बजे हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर लगभग छह लाख रुपये की लूट को अंजाम दिया। लुटेरे काली बुलेट बाइक से आए थे, जिसकी पहचान रेड पट्टी वाली बाइक के रूप में हुई है।

पीड़ित दुकानदार श्रीभगवान केसरी के अनुसार, घटना के समय दुकान के बाहर रोज़ की तरह माल की लोडिंग-अनलोडिंग चल रही थी। तभी चार की संख्या में नकाबपोश बदमाश दुकान में घुसे और पिस्टल दिखाकर काउंटर में रखे सारे रुपये देने की धमकी दी। अपराधी करीब छह लाख रुपये लूट कर मौके से फरार हो गए।

**व्यवसायी परिवार में दहशत का माहौल**

घटना के बाद श्री केसरी और उनका परिवार गहरे सदमे और दहशत में है। सूचना मिलते ही सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार ने रात में ही घटनास्थल पहुंचकर जांच-पड़ताल की और पीड़ित से जरूरी जानकारी ली। सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई और डीवीआर को जब्त कर लिया गया है।

**स्थानीय बदमाशों की संलिप्तता की आशंका**

थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडे ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान जारी है। कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि घटना में स्थानीय अपराधियों की भूमिका हो सकती है। टेक्निकल सेल की टीम भी जांच में जुटी है। पुलिस ने कहा कि अपराधियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

घटना की निंदा करते हुए घोड़ासहन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संतोष जायसवाल, रंजीत अग्रवाल, बबलू कुमार, जयंत कुमार आदि ने प्रशासन से शीघ्र उद्भेदन और गिरफ्तारी की मांग की है।

वहीं पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उदय जायसवाल ने भी पीड़ित व्यापारी श्रीभगवान केसरी एवं उनके भाई पवन केसरी से मिलकर घटना की जानकारी ली और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

# नई शिक्षा नीति व भारतीय ज्ञान परंपरा पर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** डॉ. श्रीकृष्ण सिंह महिला महाविद्यालय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नई शिक्षा नीति 2020 और भारतीय ज्ञान परंपरा विषयक कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. (डॉ.) दिनेशचंद्र राय और विधायक प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी कैडेट्स द्वारा 'गॉर्ड ऑफ ऑनर' के साथ हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार, राजेश्वर कुमार और प्रो. विजय कुमार सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए।



**'अटल भवन' का उद्घाटन**

इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में महेश्वर सिंह द्वारा निर्मित ओपन जिम, भारतीय ज्ञान परंपरा कक्ष, स्नातकोत्तर मनोविज्ञान एवं गृह विज्ञान भवन, सोलर प्लांट और कॉन्फ्रेंस हॉल का नाम बदलकर 'अटल भवन' किया गया, जिसका उद्घाटन कुलपति व विधायक द्वारा किया गया।

**मुख्य वक्ताओं का संबोधन**

कार्यशाला में डॉ. राजेश्वर कुमार, राष्ट्रीय सह-संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास (नई दिल्ली) ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका और भारतीय ज्ञान परंपरा की पुनर्स्थापना की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

प्रो. (डॉ.) विजय कुमार, क्षेत्रीय संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास और डीन, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची ने कहा कि भारत शिक्षा के क्षेत्र में पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों की महत्ता बताई और भारतीय शिक्षा के भारतीयकरण पर बल दिया।

**विधायक व कुलपति का वक्तव्य**

नगर विधायक प्रमोद कुमार ने शिक्षा को भारतीय परंपरा से जोड़ने की बात कही और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को याद करते हुए सर्व शिक्षा अभियान को भारतीय संस्कृति अनुरूप लागू करने की आवश्यकता जताई। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. (डॉ.) दिनेश चंद्र राय ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व में अपनी महत्ता के लिए जानी जाती है। हमें प्राकृतिक संसाधनों, सौर ऊर्जा, कृषि आधारित शिक्षा और बच्चों की रुचियों के अनुसार शिक्षण पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

पुस्तक विमोचन और राष्ट्रगान के साथ समापन कार्यक्रम के अंत में डॉ. विपिन दुबे द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया। डॉ. अभय कंत श्रीवास्तव, प्रांत सह-संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास (उत्तर बिहार) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यशाला का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**उपस्थिति व आयोजन में सहयोग**

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्राओं की उल्लेखनीय भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. किरण कुमारी, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. नीतू, डॉ. अर्पणा, लवली सिंह, अमित कुमार, प्रीति, रश्मि, संगीता, विभा आदि छात्राओं सहित अनेक लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# धर्म के आधार पर देश के विभाजन के कट्टर विरोधी थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : सांसद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के रुलही गांव में रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक और महान राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफस्सिल मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन अतुल दास ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री व सांसद राधामोहन सिंह ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी धर्म के आधार पर देश के विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि भारत एक संस्कृति, एक विरासत और एक चेतना से जुड़ा देश है—जिसमें कोई भेद नहीं है।

सांसद ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने 33 वर्ष की उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बनकर इतिहास रचा। वे एक विचारक, शिक्षाविद और सिद्धांतवादी राजनेता थे। उन्होंने बंगाल के विभाजन की कोशिशों को नाकाम किया और बाद में हिंदू महासभा में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्रवाद की राजनीति को नई दिशा दी। उनका सपना था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा बने और वहां धारा 370 जैसी विशेष व्यवस्था समाप्त हो। इसी संघर्ष के दौरान 1953 में उनकी रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। कार्यक्रम में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, जिला महामंत्री योगेन्द्र प्रसाद, अमित सेन, मैनेजर सिंह, मंडल अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, नवल कुशवाहा, कामेश्वर चौरसिया, राजेश सिंह, मदन मोहन दास मुखिया, सुनील सिंह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नेता, कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। जयंती समारोह में डॉ. मुखर्जी के विचारों को स्मरण करते हुए उनके बलिदान को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का अमिट अध्याय बताया गया।

# बुलेट सवार दोस्तों ने युवक के सीने में मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** कटिहार के नगर थाना क्षेत्र के फसिया टोला में शनिवार रात युवक को तीन बदमाशों ने गोली मार दी। घायल युवक की पहचान सोनू पासवान के रूप में हुई है। घटना रात करीब 9:30 बजे की है। सोनू पासवान ने पुलिस को बताया कि वह खाना खाकर सोने जा रहा था।

इसी दौरान घर के दरवाजे पर बुलेट पर सवार तीन युवक आए और उन्होंने सीने में गोली मार दी। घायल ने दो आरोपितों की पहचान करण यादव और आकाश यादव के रूप में की है। तीसरा आरोपित आकाश का दोस्त बताया जा रहा है।

**पुरानी रंजिश में फायरिंग**

स्थानीय लोगों की मदद से परिजन घायल को कटिहार मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार घटना का कारण पुरानी रंजिश है।

**आरोपितों की तलाश जारी**

नगर थाना और मुफस्सिल थाना अध्यक्ष शशि रंजन कुमार मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। पुलिस नामजद आरोपितों की तलाश कर रही है। बता दें कि एक सप्ताह के अंदर कटिहार में यह तीसरी गोलीबारी की घटना है। इससे पहले दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में आई तेजी, काको प्रखंड में बीएलओ कर रहे समेकित रूप से दस्तावेज अपलोड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के काको प्रखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में अब तेजी देखने को मिल रही है। काको प्रखंड परिसर में सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) समेकित रूप से मतदाताओं के दस्तावेज़ों की जांच व अपलोड का कार्य कर रहे हैं।



इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा डिजिटल प्रणाली को बढ़ावा देने के तहत सभी बीएलओ को वोटर हेल्पलाइन ऐप व ईआरओ नेट के माध्यम से काम करने का निर्देश दिया गया है। काको प्रखंड परिसर में बीएलओ वाई-फाई सुविधा का लाभ लेकर दस्तावेज़ों को तुरंत अपलोड कर रहे हैं, जिससे कार्य में पारदर्शिता और गति दोनों आ रही है।प्रखंड स्तर पर निर्वाचन कार्यालय द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है और जिन मतदाताओं के नाम अब तक सूची में नहीं हैं या जिनमें सुधार की आवश्यकता है, उनके फॉर्म भरवाए जा रहे हैं।एक बीएलओ ने बताया कि समेकित रूप से कार्य होने से उन्हें तकनीकी सहायता भी आसानी से मिल जा रही है और समय की भी बचत हो रही है।

# स्वामी सहजानंद पुस्तकालय में विचार गोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्वामी सहजानंद पुस्तकालय सभागार में रविवार को किसान आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम के परिप्रेक्ष्य में स्वामी सहजानंद सरस्वती की भूमिका विषय पर एक विचार गोष्ठी एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी सहजानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार ने किया।गोष्ठी में चिंतक, विचारक एवं लेखक राघव शरण शर्मा, संग्रहालय के कार्यकारी सचिव गिरिजा बाबू, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर डॉ. राहुल राज आर्यन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कार्यक्रम के मार्गदर्शक राजकिशोर शर्मा, रामकृष्ण परमहंस विद्यालय के निदेशक भोला बाबू तथा रामजीवन कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।




इस दौरान सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए स्वामी सहजानंद सरस्वती के किसान आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती न केवल एक आध्यात्मिक संत थे, बल्कि एक प्रखर समाज सुधारक और जनप्रिय नेता भी थे। उन्होंने किसानों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया और उनके नेतृत्व में अनेक किसान आंदोलन सफलतापूर्वक संचालित हुए। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और किसानों के हक एवं अधिकारों की लड़ाई में उनकी प्रेरणा बेहद जरूरी है। इस कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र सत्यप्रकाश, सामाजिक कार्यकर्ता बालाजी, जयप्रकाश, चितरंजन चैनपुरा, अनिल कुमार, रवि समेत कई गणमान्य नागरिक एवं श्रोता उपस्थित रहे।

# जन जागरूकता और रोकथाम ही पशुओं से मनुष्य के संक्रमण से बचाव का सर्वोत्तम उपाय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** मानव सभ्यता की शुरुआत से ही कृषि एवं पशुपालन हमारी जीवनशैली का अहम हिस्सा रहे हैं। आज पशुपालन न केवल आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है, बल्कि मानव स्वास्थ्य से भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रोगों को जोनोसिस कहा जाता है। रेबिज, ब्रुसेलोसिस, क्लासिकल स्वाईन फीवर एवं बर्ड फ्लू जैसे रोग अत्यंत घातक सिद्ध हो सकते हैं।विश्व जोनोसिस दिवस प्रत्येक वर्ष 6 जुलाई को मनाया जाता है, ताकि पशु जन्य रोगों की रोकथाम हेतु जन-जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस अवसर पर पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण एवं सूचना कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।



**प्रमुख जोनोसिस रोग एवं उनके रोकथाम के उपाय:**

रेबिजः यह रोग कुत्ता, सियार, लोमड़ी, बिल्ली, बंदर आदि जानवरों के काटने से फैलता है और यह जानलेवा होता है।

इससे रोकथाम के लिए पशुओं का रैबिज टीकाकरण जरुरी है।यदि इसके बावजूद रैबीज टीकाकरण रहित आवारा पशुओं द्वारा काटने की घटना हो जाए तो एंटी रेबीज टीकाकरण निर्धारित तिथि पर जरूर लेना चाहिए। रेबीज का टीका सभी प्रखंड स्तरीय पशु चिकित्सालयों में उपलब्ध है।

इसके अलावा जानवरों से मानव में फैलने वाला एक अन्य बीमारी ब्रुसेलोसिस के रूप में जाना जाता है।यह रोग गाय-भैंस में गर्भपात का कारण बनता है और संक्रमित पशुओं के संपर्क से मनुष्यों में भी फैलता है। इसके रोकथाम के लिए व्यक्ति को संक्रमित द्रवों और दूध के सीधे संपर्क से बचना चाहिए। साथ ही 4 से 8 माह के बछड़े एवं पाड़ी बछियों का जीवन में एक बार टीकाकरण जरूर कराना चाहिए।यह टीका राज्य सरकार द्वारा पशु चिकित्सालयों में निःशुल्क लगाया जाता है।

**क्लासिकल स्वाईन फीवर :**

यह सूकरों में पाया जाने वाला एक संक्रामक विषाणु रोग है जो अप्रत्यक्ष रूप से मनुष्यों को प्रभावित कर सकता है।

इस बीमारी से रोकथाम के लिए जरूरी उपायों में सभी सूकरों का वार्षिक टीकाकरण आवश्यक है।यह टीका भी पशु चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध है।

**बर्ड फ्लू :** यह एक घातक विषाणु जनित रोग है जो पक्षियों, विशेषकर मुर्गियों के माध्यम से मनुष्यों में फैल सकता है। इसके रोकथाम के लिए संक्रमित मुर्गियों का तुरंत निस्तारण किया जाना जरूरी है। इसके अलावा जागरूकता भी जरूरी है जिसमें फार्म की स्वच्छता एवं नियंत्रण व्यवस्था ,प्रभावित क्षेत्रों में मानवीय संपर्क पर रोक जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। आइए, हम सभी मिलकर टीकाकरण, स्वच्छता, सुरक्षित पशुपालन एवं जनजागरूकता को अपनाते हुए जोनोसिस रोगों से स्वयं एवं समाज को सुरक्षित रखें। एक स्वस्थ पशु - एक स्वस्थ मानव - एक स्वस्थ समाज की दिशा में यह हमारा सामूहिक प्रयास हो।

# मिशन निपुण को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रारंभ मिशन निपुण बिहार के चार सफल वर्षों की पूर्णता के उपलक्ष्य में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में निपुण दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरुल होदा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत निपुण बिहार के लोगो के प्रदर्शन से की गई, जिसके माध्यम से छात्रों को मिशन के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। इसके पश्चात बच्चों को निपुण गीत सुनाया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार हुआ। विद्यालय परिसर में शिक्षकों द्वारा बुनियादी भाषा और



गणितीय कौशल की महत्ता पर चर्चा की गई और बच्चों के कार्यों की सराहना की गई। श्री होदा ने कहा कि निपुण बिहार का लक्ष्य है कक्षा 1 से 3 तक के सभी बच्चों को ऐसी शैक्षिक बुनियाद देना जो उन्हें आजीवन सीखने के लिए सक्षम बना सके। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय में गतिविधि आधारित शिक्षण, समूह कार्य और नवाचारों के माध्यम से बच्चों में सीखने की रुचि को लगातार बढ़ाया जा रहा है। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों की उपस्थिति से कार्यक्रम और भी गरिमामय हो गया। बच्चों में भी विशेष उत्साह देखा गया। अंत में विद्यालय द्वारा यह संकल्प लिया गया कि सभी बच्चों को बुनियादी शिक्षा में निपुण बनाने के लिए मिशन की भावना के अनुरूप कार्य करते रहेंगे।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मना मोहर्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिले में मोहर्रम पर्व परंपरागत श्रद्धा, उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर ताजिया की स्थापना की गई है, जहां लोग एक-दूसरे को पर्व की मुबारकबाद दे रहे हैं। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती जिले के प्रमुख स्थलों, जुलूस मार्गों और संवेदनशील इलाकों में की गई है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने जिलेवासियों से अपील की है कि मोहर्रम को शांति, सौहार्द और आपसी सद्भाव के साथ मनाएं।

# अज्ञात बदमाशों ने की किराना व्यवसायी की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** दुकान में सो रहे एक किराना व्यवसायी की अज्ञात बदमाशों ने गमछे से गला घोंट कर हत्या कर दी है। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान शिकारगंज थाना क्षेत्र के सिरौना गांव निवासी स्व. हरदेव साह के पुत्र विश्वनाथ साह (64 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक का शिकारगंज बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के समीप किराने की दुकान है। घटना की रात वह दुकान में ही सो रहे थे। रविवार को सुबह सात बजे जब उनका भतीजा दुकान पर गया तो देखा कि वह मरे पड़े थे। जिसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहां आस पास के लोगों की काफी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर शिकारगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया है। परिजन आशंका जता रहे है कि दुकान के पीछे की दिवाल के सहारे बदमाश छत पर चढ़े होगे तथा सीढ़ी से दुकान में घुस कर घटना को अंजाम दिया है। वही परिजन डॉग स्क्वायड बुलाकर घटना की छानबीन की मांग कर रहे है।

भतीजा बोला- चाचा जी दुकान पर ही सोते थे, दुकान खोलने गया तो देखा उनकी गला घोंट कर हत्या कर दी गई। मृतक के भतीजे संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि चाचा जी दुकान में ही सोते थे। सुबह जब मैं दुकान खोलने गया तो पाया कि दुकान का ग्रिल अंदर से बंद था। अंदर झांकने पर देखा तो उनके गले में लाल रंग का गमछा बंधा हुआ था और उनके कान से काफी खून निकल रहा था और वह जमीन पर मरे पड़े थे। जिसके बाद लोगों की मदद से दरवाजा खोला गया। उन्होंने कहा कि संभवतः गला घोंट कर उनकी हत्या कर दी गई है।

**दुकान के दराज से 85 हजार रुपए साथ ले गए बदमाश**

आशंका जताई जा रही है कि बदमाश लूटपाट की नीयत से ही दुकान में घुसे होगे। मृतक के भतीजे संजय ने कहा कि ऐसी संभावना है कि चाचाजी की हत्या लूटपाट का विरोध करने पर कर दी गई है। क्योंकि उनके शरीर पर दो तीन जगह चाकू या किसी नुकीली चीज से वार करने के निशान भी पाए गए है। वही दुकान के दराज में रखे 85 हजार रुपए भी गायब थे और बाकी दुकान के सभी सामान जस के तस पड़े थे। इधर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों का सौंप दिया है। परिजन मृतक के इकलौते बेटे संतोष कुमार जायसवाल के आने की प्रतीक्षा कर रहे है। जो नेपाल की राजधानी काठमांडू में रहकर वहां जीविकोपार्जन करते है।

# अमर शहीद अकलु तुरहा विचार मंच के राष्ट्रीय सचिव बने जितेंद्र साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** अमर शहीद अकलु तुरहा विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार ने घोड़ासहन शहर निवासी जितेंद्र साह उर्फ जीतू तुरहा को मंच का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव जीतू तुरहा ने कहा कि जो जिम्मेवारी मुझे दी गई है उस पर मै खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा और समाज को आगे बढ़ाने के लिए जो भी प्रयास होगा उसे इमानदारी पूर्वक निभाऊंगा। इनके राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र साह, अजय तुरहा, मगन देव साह



तुरहा, शिवहर से सुनील कुमार, सीतामढ़ी से मोतीलाल साह, नंदकिशोर तुरहा, पश्चिम बंगाल से श्रीकांत तुरहा, अशोक तुरहा, श्याम तुरहा समेत सैकड़ों तुरहा समाज के लोगों ने बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# सवेरा हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन, एक ही छत के नीचे मिलेगी इलाज की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** शहर के अस्पताल चौक पर शनिवार को आधुनिक सुविधाओं से लैस सवेरा हॉस्पिटल का उद्घाटन नगर निगम की मेयर प्रीति कुमारी द्वारा किया गया। यह मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त है, जहां एक ही छत के नीचे समस्त इलाज की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर डॉ. जैद रहमान ने बताया कि बीते चार वर्षों से वे स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्यरत हैं और अब सवेरा हॉस्पिटल के रूप में इस सेवा को एक नई ऊंचाई पर ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में



सर्जिकल, नॉन-सर्जिकल, ओपीडी, आईपीडी, स्त्री एवं प्रसूति विभाग के साथ-साथ एनआईसीयू की सुविधा भी उपलब्ध है। डॉ. रहमान ने कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार और संपूर्ण संतुष्टि देना ही उनका लक्ष्य है, जिसके लिए कुशल चिकित्सकों की टीम हमेशा तत्पर रहती है। उद्घाटन समारोह में डॉ. बुशरा रहमान, डॉ. शाकिर सबा, डॉ. पंकज कुमार सहित कई चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# दरभंगा में रंगदारी नहीं देने पर तलवार से किया हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** दरभंगा के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के पोहद्दी बेला गांव में रंगदारी की मांग को लेकर एक युवक पर हमला किया गया। गुलशन कुमार देव और आनंद कुमार देव ने अनिल कुमार देव के बेटे राहुल से 10 हजार रुपये की रंगदारी मांगी। राहुल द्वारा मना करने पर दोनों ने तलवार से हमला कर दिया। हमले में राहुल के जांघ, कोहनी, हाथ की उंगली और घुटने पर चोटें आईं। इस दौरान राधाकृष्ण लाल देव और सीतीया देवी भी लाठी लेकर वहां पहुंचे। उन्होंने भी राहुल की पिटाई की। आरोपियों ने घर का सामान भी तोड़ा और बाइक को भी तोड़ने की कोशिश करने लगे।



चारों आरोपितों ने परिवार को पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों के जमा होने पर चारों मौके से फरार हो गए। घायल राहुल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घनश्यामपुर ले जाया गया। हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया।

थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य का जिलाधिकारी ने लिया फीडबैक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत कोईलवर प्रखंड कार्यालय परिसर में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत उन्होंने कायमनगर मध्य विद्यालय स्थित मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ एवं अधिकारियों को बीएलओ के साथ अधिकतम संख्या में वॉलंटियर्स को टैग कर घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रहण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत की एवं विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में फीडबैक लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी,



बीपीआरओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## भारत बंद को सफल बनाने की रणनीति पर किया चर्चा

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट जिला कार्यालय आरा में एक्टू और कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के संयुक्त बैनर तले बैठक किया गया। अध्यक्षता बाल मुकुंद चौधरी एवं संचालन रामानंद सिंह ने किया। विषय प्रवेश केंद्रीय श्रमिक संगठनों, सेवा एवं स्वतन्त्र फेडरेशन के आह्वान पर 9 जुलाई 2025 को देशव्यापी भारत बन्द को सफल बनाने की रणनीति पर विचार विमर्श हुआ। वक्ताओं ने कहा कि चार श्रम कोड को निरस्त करो, देश विरोधी, जनविरोधी, नीतियों के खिलाफ रोजगार की गारंटी, स्थाई नियुक्ति, पुराना पेंशन सहित अन्य मांगों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# कड़ी सुरक्षा के बीच मुहर्रम संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। ताजिया जुलूस को लेकर प्रखंड में सुरक्षा का चाकचौबंद व्यवस्था किया गया था। प्रखंड में 22 गांवों में 39 स्थानों पर ताजिया रखा गया है। वहीं अमझरशरीफ में सभी जगहों के ताजिया पहुंचा जहां गदका, लाठी, माला, तलवार व घोड़े के साथ जुलूस में करतब दिखाया, जिसमें हसपुरा प्रखंड के अलावे दाउदनगर व अरवल जिले के कई अखाड़ों के ताजिया दफन किया जाता है। प्रखंड के पिरु, गहना, हसपुरा, तेतरही, परनपुरा, हलीमचक, सलेमपुर, इटवां, खुटहन, चाहूँटा, बड़ोखर, नरसन सहित अन्य स्थानों पर ताजिया रखा गया। सुरक्षा की कमान डीएसपी कुमार ऋषिराज संभाल रखे थे। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार सहित सभी स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल नियुक्त किया गया था। अमझर शरीफ बड़ी अखाड़े में



भारी सुरक्षा के बीच सभी ताजिया अखाड़े में मिलन के बाद देर शाम हसपुरा ब्लॉक के पूर्वी छोर स्थित कर्बला में ताजिया में रखा गया मिट्टी को दफन किया गया। ताजिया जुलूस के लिए समाजसेवियों द्वारा जगह- जगह पेयजल का व्यवस्था किया गया था। हसपुरा बाजार में शांति समिति जुड़े लोग व जनप्रतिनिधि शांति व्यवस्था बनाये रखने पर नजर बनाए हुए थे। जिप प्रतिनिधि मो. एकलाख खान, डॉ ब्रह्मदेव प्रसाद, लोजपा नेता विजय अकेला, भाजपा नेता अनिल आर्य,मो.मुन्ना,सुरेश आर्य, मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार, गुंजन पटेल,गया प्रसाद सहित दर्जनों शांति समिति सदस्य उपस्थित थे।

# मारपीट के आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के मदरसा रोड के समीप एक कॉम्प्लेक्स में बीते 3 जुलाई को मारपीट मामले में 72 घंटे बाद भी नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में आक्रोश हैं। इस घटना में दुकानदार मृत्युंजय सिंह, मनोज सिंह, कृष्ण सिंह एवं बिट्टू सिंह गंभीर रूप से घायल हुए थे। रविवार को शहर के सत्येंद्र नगर में लोगों ने आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सत्येंद्र नगर निवासी घायल मृत्युंजय सिंह ने बताया कि घटना के बाद से शहर में गुस्सा है। पुलिस की लापरवाही से यह गुस्सा कभी भी हिंसक रूप ले सकता है। घटना का मास्टर माइंड अमीर राजा, जो बनारसी ऑटो का बेटा है, रोज घटना में शामिल लोगों से संपर्क में है। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने दुकानदारों की सुरक्षा की मांग जिला प्रशासन से की है। मुखिया संघ के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि कुछ लोग इस घटना को दूसरा रंग देने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन



उन्हें रोक दिया गया। पुलिस की उदासीनता से सत्येंद्र नगर समेत कई मोहल्लों में गुस्सा है। रामनवमी समिति के संयोजक और युवा नेता शशांक शेखर उर्फ आशु ने कहा कि हिन्दू समाज के लोग भावुक है। सवाल यह है कि घटना के वक्त दूसरे समुदाय के किसी व्यक्ति ने घायल दुकानदारों की मदद क्यों नहीं की। पुलिस से मांग की कि सभी दुकानदारों को सुरक्षा दी जाए। घटना की जानकारी मिलने पर डाल्टेनगंज से आए प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन सहनशीलता की परीक्षा नहीं ले। आरोपितों की गिरफ्तारी जल्द करें, नहीं तो यह मामला जनांदोलन का रूप ले लेगा। ये हत्या की साजिश थी। प्रशासन की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रशासन चाहता है कि वे लोग शहर छोड़ दें। उन्होंने कहा कि यह समाज इतना हिम्मती है कि रेतीली जमीन पर भी खुशहाल देश बना सकता है। बता दें कि 3 दिन पहले कार्टून हटाने को लेकर विवाद हुआ था। इसके एक गुट के 40 से 50 की संख्या में लोग वहां पहुंचे और एक समुदाय के दुकानदारों पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। चार दुकानदार गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया था। दुकानदारों ने नगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन, घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद भी मारपीट का मुख्य आरोपित अपना दुकान चल रहा है।

# मतदाता पुनरीक्षण : अफवाहों पर न दें ध्यान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** प्रखण्ड सुगौली के छपवा, श्रीपुर क्षेत्रों में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश में हो रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की सफलता को लेकर पारा विधिक स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मतदाता सूची पुनरीक्षण के सम्बन्ध में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा कि इस जागरूकता का मुख्य उद्देश्य, विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम से लोगों को अवगत कराना व उन्हें इसके सम्बन्ध में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता सूची को अपडेट किया जा रहा है। इससे घबराने कि आवश्यकता नहीं है और ना ही किसी अफवाह पर ध्यान देना है। क्योंकि स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित जिला प्रशासन, आपके सहयोग के लिए हमेशा आपके साथ है। स्वयंसेवक गुप्ता ने कहा कि हर नागरिक जरुरी कागजात के साथ अपने बीएलओ से सम्पर्क कर अपने नाम की पुष्टि अवश्य करा लें। ताकि कोई भी नागरिक चुनाव के समय मतदान करने से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि हार और जीत एक वोट से तय होती है, इसलिए हमसब को जागरूक बनने कि आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अगर आपके परिवार के योग्य सदस्य अठारह वर्ष कि आयु के हो चुके है, उनका नाम हर हाल में मतदाता सूची में जोड़वा ले। ताकि वे भी चुनाव के समय अपने मताधिकार का प्रयोग कर अच्छी सरकार का चुनाव कर सके। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, टेली लॉ कानूनी सहायता योजना, स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, किसान सम्मान निधि योजना, बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, राष्ट्रीय लोक अदालत, पशुपालन सहित योजनाओं की जानकारी दी।

## कांग्रेस ने दी आंदोलन करने की चेतावनी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस ने 9 जुलाई को चक्का जाम का ऐलान किया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि 9 तारीख को हम लोग बहुत जोरों से चक्का जाम करेंगे। वह धीरे से नहीं होगा। इस दिन हम लोग चक्का जाम करेंगे। यदि इसमें सफलता मिली तो बड़ा आंदोलन करेंगे।उन्होंने कहा कि,'वोटर लिस्ट पुनरीक्षण को लेकर लगता है विपक्ष पार्टी हमलावर है। कांग्रेस का आरोप है कि एनडीए सरकार हमारे लोकतांत्रिक अधिकार छीन रही है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा, 'हम लोगों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग से मिलने का काम किया था। बिहार की जनता के साथ अन्याय, धोखा, षड्यंत्र हो रहा है। इसी षड्यंत्र को उजागर करने के लिए हम लोग लगातार इलेक्शन कमीशन से मुलाकात कर रहे थे।

# ग्रामीण चिकित्सकों की बैठक में कैंसर पर हुई महत्वपूर्ण परिचर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के कासमा में मुस्कान सेवा सदन में ग्रामीण चिकित्सकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डा रंजन कुमार ने किया। आगत अतिथियो को डॉ. रंजन कुमार ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। महावीर कैसर संस्थान के कैसर विशेषज्ञ डॉ नवीन कुमार ने उपस्थित ग्रामीण चिकित्सक को कैंसर रोग से बचाव, उपाय एवं लक्षण को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि कैंसर छुआछूत की बीमारी नही है। जागरुकता से बचाव एवं शीघ्र ही अच्छी जांच




एवं उपचार जरूरी है। उन्होने कैंसर से बचाव एवं लक्षण पर विस्तृत जानकारियां दी। कहा कि तम्बाकू, गुटखा, मिलावटी भोजन, प्रदूषण आदि कैंसर के कारण है। खासकर महिलाओ को 50 वर्ष होने पर जांच कराने की सलाह दिया। उन्होंने कहा कि कैंसर का इलाज अब संभव हो गया है। इलाज के लिये आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री राहत कोष, प्रधानमंत्री राहत कोष एवं अन्य सरकारी सुविधायें भी है। शिविर मे कैंसर रोगी एवं सैकडो लोगो को निःशुल्क जांच किया गया। प्रशिक्षण मे शामिल ग्रामीण चिकित्सकों को पटना कैंसर सेन्टर एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा सम्मान पत्र दिया गया। इस अवसर पर चिकित्सक संघ के जिलाध्यक्ष डा अरूण कुमार, डा कैलाश यादव, डा विरेन्द्र कुमार, डा मुकेश कुमार गुप्ता, बिनय कुमार सिंह, अरविन्द भगत, प्रमोद सिह, मधूसूदन पाठक, राम जी यादव, चित्रसेन मिश्र, राजू कुमार, प्रदीप सिंह, शिशू कुमार, सूबेदार यादव, सुरेन्द्र मिश्र, सूजीत कुमार, डा गौतम कुमार, अरविद कुमार, संतोष कुमार, डा नरेश सिंह, प्रदीप कुमार, निरंजन कुमार, उदय सिंह, पवन कुमार, रूपेश कुमार, लाल जी, मंजू कुमारी, राजेश पाल, धनंजय विश्वकर्मा, शोभा कुमारी, लवकुश कुमार, डा पंकज कुमार, मनीष कुमार, परशूराम, रंजीत कुमार, मनोज कुमार, शोभा कुमारी, मंजू कुमारी, आरती कुमारी, सुधा कुमारी, सविता कुमारी सहित सैकडो ग्रामीण चिकित्सक मौजूद थे।

# शांतिपूर्ण निकाला गया मोहर्रम का जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से अखाड़े के खलिफाओं के नेतृत्व में निकाला गया। मोहल्ला महाराजगंज मो सैफ, मो शाहनवाज, मोहल्ला राजा बागीचा से वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद ख़ां, महावीरगंज मो एहसान, खैरा मो जावेद खान, किया खाप मरगुबुल हसन सहित विभिन्न मोहल्लों का जुलूस थाना में पहुंचा। सभी अखाड़े के लोगों ने अपने अपने अंदाज में खेल का कर्तव्य दिखाया। ग्रामीण क्षेत्रों में काजीचक, अमरपुरा, सोनबरसा, नीमा वाजिद, दरमियां, मखदुमपुर, औरवां, चरकावा, चन्द्रहटा, सिहुली दरगाह, चौबड़ा, मौलागंज, बहादुरपुर, भादवा बाजार, गौसपुर , सैलोपुर, गेवाल बिगहा, मंझखड़, केराप, हाजीपुर, इमादपुर, तेंदुआ, हाजीपुर गोला, रुकुमचक समेत विभिन्न गाँव के ख़लीफ़ाओं ने अपने अपने अखाड़े का नृतत्व किया। इस मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी ज्योति कुमारी, सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद, थानाध्यक्ष शंभू कुमार, सीओ भारतेंदु कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी मो शहाब यहया, अपर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार, एसआई कुशो कुमार, मिथिलेश कुमार, ध्रुव कुमार, मोहर्रम कमिटी के अध्यक्ष नुरूल होदा खां, तजम्मुल खां, लक्खू खां, मो सईद अनवर, पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष रणविजय यादव, मो सुहैल आरजू समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खुटहन गांव में बना अभूतपूर्व ताजिया बना चर्चा का विषय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** मुहर्रम को लेकर इस बार दाउदनगर अनुमंडल क्षेत्र के खुटहन गांव में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। गांव में तैयार किया गया भव्य ताजिया न केवल अपनी भव्यता और कलात्मकता के लिए बल्कि सामाजिक सौहार्द और समरसता के प्रतीक रूप में भी चर्चित हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक न खुटहन गांव में और न ही पूरे प्रखंड क्षेत्र में इतना सुंदर, शानदार और भावपूर्ण ताजिया कभी बना था। करीब 10 फीट ऊंचा और 6 फीट चौड़ा यह ताजिया पूरी तरह गोल्डन कांच से सजाया गया है, जिसकी छटा दूर से ही लोगों को आकर्षित कर रही है। इसकी डिजाइन, रंग संयोजन और शिल्पकला ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इसे देखने के लिए दूर-दराज के गांवों से लोग आ रहे हैं और हर कोई इसकी भव्यता की चर्चा कर रहा है। विशेष बात यह रही कि इस ताजिए को किसी



मुस्लिम कलाकार ने नहीं बल्कि खुटहन गांव निवासी जो झारखंड के पतरातू में काम करता है। जो हिंदू समुदाय के विकास कुमार है, जो लगातार 30 दिनों तक कड़ी मेहनत के बदौलत गोल्डन कांच से नक्काशी सज्जा यह ताजिया न केवल कला का अद्भुत नमूना है, बल्कि आस्था और सौंदर्य का भी संगम बन गया है। जो पिछले 16 वर्षों से ताजिया निर्माण में पारंगत है। कुल मिलाकर यह ताजिया श्रद्धा, समर्पण और सामूहिक सहयोग का अनूठा उदाहरण बन गया है। इतना सुंदर ताजिया बनवाने का ख्वाब खुटहन गांव के ही मो महताब आलम का था। इनका जुनून था कि मेरा ताजिया बेहतर बने, इसके इन्होंने करीब 2 लाख रुपए की लागत से ताजिया बनवाया। उन्होंने बताया कि रविवार की दोपहर 2:00 बजे इस ताजिए को खुटहन चौक से रवाना किया गया। जुलूस इटवां के रास्ते अमझर शरीफ पहुंचा, जहां इटवां के ताजिया से इसका मिलान किया गया। अमझर शरीफ अखाड़ा पर लोगों ने इस ताजिए का भव्य स्वागत किया और वहां कला प्रदर्शन भी हुआ। इसके बाद यह ताजिया हसपुरा स्थित कर्बला शरीफ लाया गया, जहां सामूहिक रूप से फातिहा पढ़ा गया और देश-राज्य में शांति, विकास व भाईचारे की कामना की गई।

# सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला ताजिया जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल (नवादा)।** कौआकोल में हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर मनाए जाने वाला गम का पर्व मुहर्रम रविवार को प्रखण्ड के ग्रामीण इलाके में शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के कई लोगों ने रोजा भी रखा। इस अवसर पर जगह-जगह ताजिए की जुलूस निकाला गया। अखाड़ों में परम्परागत ढंग से लाठी से खिलाड़ियों ने करतब दिखाया। प्रखण्ड के विभिन्न कर्बला मैदान में शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का जुलूस संपन्न कराया। प्रखण्ड के महुडर, लालपुर, करमाटांड, भलुआही,भंडारी समेत अन्य स्थानों पर तजिया को लेकर भीड़ लगी रही। वहीं शांतिपूर्ण ढंग से ताजिया के पहलाम को लेकर प्रखण्ड के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी विधि व्यवस्था को लेकर तत्पर दिखे। मुहर्रम को लेकर प्रखण्ड के सभी संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस बल तैनात रहे। वहीं एसटीएफ जवानों के अलावे पुलिस बल के जवान सड़कों पर गश्ती करते दिखे।

## दुकान में तोड़-फोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में रामनगर से आई मोहर्रम के जुलूस के दौरान एक पूजा की दुकान पर हंगामा कर तोड़ फोड़ किया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एएसपी संजय पांडे व एसडीओ दिलीप कुमार बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंचकर मामला को शांत कराया। मामला नगर थाना क्षेत्र के मारवाड़ी बाजार का है। दुकानदारों ने कहा कि जिस वक्त जुलूस मारवाड़ी बाजार से गुजर रहे थे, उसी वक्त तो उन लोगों ने शटर गिरा दिया। बावजूद इसके उन्होंने दुकान के शटर पर पहले लाठी चलाया। फिर उठाकर तोड़फोड़ की।

# बाइक चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

- **पूर्व में भी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है जेल**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चोरी की बाइक बिक्री करने वाले गिरोह के एक सदस्य को खुदवां थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के गोरतरा निवासी पंकज कुमार के रूप में की गई हैं। दरअसल बाइक चोरी मामले में 21 जून 2025 को एक प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी जिसमें छानबीन के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि बाइक चोरी के एक गिरोह का उद्भेदन किया गया गया था जिसमें पूर्व में गिरोह के तीन सदस्यों को जेल भेजा जा चुका है। वहीं आज एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि ये सूनसान क्षेत्र में खड़ी बाईकों को निशाना बनाते थे और चोरी करने के बाद पहचान बदलने के लिए गाड़ी की नंबर प्लेट बदल देते थे। साथ ही इंजन व चेचिस नंबर मिटा देते थे। इसके बाद वे अलग-अलग जगहों पर जाकर पैसे की जरूरत बताकर लोगों को बाइक बेच देते थे। कुछ बाईकों को वे अपने उपयोग के लिए भी रखते थे। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# बीएड कोर्स कर युवा संवार सकते हैं अपना भविष्य : अभिषेक

- **15 जुलाई तक इच्छुक छात्र-छात्राएं करा सकते हैं नामांकन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बीएड कोर्स के जरिए युवा अपना भविष्य शिक्षक बनकर संवार सकते हैं। बीएड सत्र 2025-27 में नामांकन लेने के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं 5 जुलाई से 15 जुलाई तक अपना आवेदन भर सकते हैं। ज्ञात हो कि सत्र 2025-27 में नामांकन के लिए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा द्वारा आयोजित बीएड सीईटी 2025 के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। यह बातें उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में सुमार ओबरा के देवकली स्थित महामाया कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि नामांकन 5 जुलाई से 16 जुलाई के बीच होगी। युवक-युवतियां समय का सदुपयोग कर अपने भविष्य को एक आदर्श अध्यापक के रूप में स्थापित कर सकते हैं। शिक्षक राष्ट्र निर्माता और समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। उन्होंने बताया कि महामाया कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान



बिहार के सर्वोत्तम महाविद्यालयों में से एक है जिसमें बीएड एवं डीएलएड का कोर्स संचालन किया जाता है। यहां सभी सुविधाओं से युक्त कैंपस जैसे शुद्ध पेयजल, वाई-फाई, आवागमन की सुविधा, सूचना एवं संग्रह, तकनीकी शिक्षा, स्मार्ट क्लास, सुसज्जित प्रयोगशाला, नवीनतम पाठ्य पुस्तकों से लैस डिजिटल लाइब्रेरी, इको फ्रेंडली कैंपस, इंडोर आउटडोर खेल का मैदान, सेमिनार रुम, मल्टीपरपस हॉल आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्री कुमार ने कहा कि इस संस्थान में छात्र-छात्राओं का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक विकास किया जाता है। इस महाविद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान किया जाता है। विदित हो कि पूर्व के सभी छात्रों का सफल संचालन करते हुए महाविद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है तथा यहां के प्रशिक्षणार्थियों ने अपने प्रतिभा के दम पर अपना लोहा मनवाया है। विगत वर्षों में बीपीएससी के जरिए 40 शिक्षकों का चयन हुआ है जिन्होंने महामाया कॉलेज से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी बहुत से छात्र-छात्राएं कार्यरत हैं जिन्हें समय-समय पर महाविद्यालय परिवार कार्यक्रमों के माध्यम से सम्मानित करता रहता है।

# पटना में बैठक कर सांख्यिकी स्वयं सेवक लेंगे बड़ा फैसला : पंकज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** मान्यता प्राप्त सांख्यिकी स्वयं सेवक संघ के प्रदेश प्रवक्ता पंकज पोद्दार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी 10 जुलाई को गांधी मैदान पटना में सभी सांख्यिकी स्वयं सेवक उपस्थित होकर अपनी चट्टानी एकता का प्रदर्शन करेंगे और अपनी मांगों के पक्ष में आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में 2012-13 में सरकारी परीक्षा पास कर सांख्यिकी स्वयं सेवक का नौकरी पाया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर सभी सांख्यिकी स्वयं सेवक को



विभिन्न प्रकार के काम दिया गया, जिसका शत-प्रतिशत निर्वहन स्वंय सेवकों ने किया। लेकिन अचानक नीतीश कुमार ने सभी सांख्यिकी स्वयं सेवकों को काम से हटा दिया और आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभागीय काम को कराना शुरू कर किया। श्री पोद्दार ने कहा कि आज सांख्यिकी कर्मियों की दैनिक जीवन काफी कष्टमय है। इस आलोक में अब गांधी मैदान में बैठक कर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा। पंकज पोद्दार ने कहा कि जिस तरह से तिरहुत स्नातक के चुनाव में बंशीधर बृजवासी ने निर्दलीय चुनाव लड़े और जीत कर सदन में शिक्षक एवं स्नातकों का मजबूती से बात मनवाने और काम करवाते हैं उसी तरह सांख्यिकी स्वयं सेवक भी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगा एवं सदन में जाकर अपनी मांगों को पूरा करवाएगा।

# पौधारोपण कर दिया पर्यावरण से प्रेम करने का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** वन महोत्सव के छठे दिन भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड के बड़कागांव स्थित पयहारीजी आश्रम और देव चंदा गांव में पौधारोपण किया गया। नेतृत्व पेड़ उपक्रम के सह प्रमुख नित्यानंद ओझा ने किया। इस अवसर पर पर्यावरणविद रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि मानसून सत्र में पौधारोपण करने का उत्सव है वन महोत्सव। उन्होंने कहा कि भारत का अतीत प्रकृति से प्रेम करने वाला रहा है लेकिन वर्तमान समय में इसकी दुर्दशा प्रकृति से छेड़छाड़ वाली हो गई है। जिसका परिणाम है समय पर बारिश नहीं होना। असमय बारिश होना, दिनों दिन आवश्यकता से अधिक तापमान का बढ़ना, ये सभी बातें ग्लोबल वार्मिंग चेतावनी दे रही है। इसलिए स्वच्छ हवा, स्वच्छ जल, स्वच्छ जमीन बनाने के लिए प्राचीन भारत की ओर लौटने का स्वप्न लेकर कार्य करना होगा।

# बीईओ के सेवानिवृति पर सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल (नवादा)।** कौआकोल प्रखण्ड में जुलाई 2019 में योगदान के पश्चात 30 जून 2025 को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हुए बीईओ सुशील कुमार के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रखण्ड के गायत्री प्रोजेक्ट बालिका इंटर विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में शिक्षकों ने सेवानिवृत्त बीईओ को फूल मालाओं से लादकर उन्हें बुके, अंगवस्त्र, उपहार आदि भेंटकर उनके लंबी आयु की कामना किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तिरहुत से एमएलसी व शिक्षक नेता वंशीधर व्रजवासी मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अनूप प्रसाद यादव ने किया। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित गोविंदपुर के सेवानिवृत्त शिक्षक अलखदेव प्रसाद यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रभारी बीईओ बिंदु कुमारी, बीपीआरओ शमा बानो आदि मौजूद रहे। विदाई समारोह में मौजूद सैकड़ों शिक्षकों ने प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक नेकदिल इंसान व शिक्षा के लिए समर्पित पदाधिकारी बताया। बीईओ की विदाई समारोह में उपस्थित हर लोगों की आंखों से अविरल धारा बह निकली। हर कोई उनकी इस विदाई के गम को सह नहीं पा रहे थे। इस अवसर पर एमएलसी वंशीधर व्रजवासी ने कहा कि विदाई एक ऐसा शब्द है, जो जिसे सुनते ही लोगों के दिलों में करूणा भर जाती है। परंतु नियम के आगे सभी बेबश हैं।

# मसौढ़ी में अकीदत के साथ मना मुहर्रम

## गाजे-बाजे के साथ निकाला जुलूस व ताजिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में मुहर्रम अकीदत के साथ मनाया गया, जहां मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 46 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी, तकरीबन 200 से अधिक पुलिस लाठी बल, एवं ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई थी, मसौढ़ी शहर में आठ जगहों से जुलूस निकाला गया। जहाँ पूरे अनुमंडल मे कुल सात जगहों को अतिसंवेदनशील क्षेत्र घोषित किया गया। बहरहाल मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड में जोश खरोश के साथ या हुसैन के नारों के साथ ताजिया जुलूस में भारी भरकम भीड़ देखी गई, सबसे ज्यादा भीड़ मसौढ़ी शहर में देखी गई जहां पर विभिन्न मोहल्ले से 8 ताजिया जुलूस निकाला गया। मसौढ़ी के नौजवान पुरानी बाजार सदर अखाड़े की ओर से ताजिया जुलूस आकर्षण का केंद्र रहा, जहां अखाड़े कमेटी की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया मौके पर एसडीएम अभिषेक कुमार और डीएसपी नभ वैभव को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद शंभू सिंह, वार्ड पार्षद गुलाब एवं उज्जवल कुमार, उपेंद्र बिंद, पालटन सिंह लालमोहन सिंह, मुन्ना मांझी, नूतन पासवान को सम्मानित किया गया। ताजिया जुलूस के दौरान कई चौक चौराहे पर लाठी खेल कर करतब भी दिखाए गए, पुरानी बाजार सदर अखाड़ा के खलिफा छोटू एराकी, निसार अहमद मो. आरफराज साहिल, मंजर शादाब, शहनवाज ने कहा कि हजरत हुसैन की शहादत की याद ताजा करते हैं और अपने जीवन में सत्य को उतारने का अहद करते हैं.वहीं मुहर्रम पूरी मानवता के लिए एक आदर्श कायम करता है, जहां भी अत्याचार, नाइंसाफी, हकतल्फी होती है, इसके अलावा मालिकाना सदर अखाड़ा के खलीफा मोहम्मद कैसर खान, शौकत आलम, मलिकाना अखाड़ा के खलीफा मो. सागर साहब, मो. जीशान, दानिश, मलिकाना हुसैनाबाद के खलीफा मो. खुर्दिश आलम, शमशेर, तारेगना के खलीफा मो. खालिद शाह, कैलूचक के खलीफा मो. फरीद आदी शामिल रहे। मौके पर एसडीएम अभिषेक कुमार, डीएसपी नभ वैभव बीडीओ, सीओ समेत सभी दंडाधिकारी सड़कों पर निगरानी करते दिखे। एसडीएम ने कहा कि हर चौक चौराहे पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अलावा डीएसपी ने कहा कि शांति सौहार्द के साथ मोहर्रम पर्व मनाने की अपील की गई है।




### मुहर्रम को लेकर अस्पताल ने लगाया मेडिकल कैंप

**मसौढ़ी।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में रविवार को मसौढ़ी में मोहर्रम मनाया गया। जहां पर मसौढ़ी शहर के आठ मोहल्लों से ताजिया जुलूस निकाली गई। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से रेलवे गुमटी चौराहा के पास मेडिकल स्टॉल भी लगाये गये। जिसका विधिवत उद्घाटन मसौढ़ी बीडीओ प्रभाकर कुमार, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, डॉ सुधीर, राहुल चंद्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया की ताजिया जुलूस के दौरान किसी तरह की चोट जख्मी बेहोशी थकान आदी तरह की चीजे देखने को मिलती है। जिसको लेकर मसौढ़ी प्राथमिक अस्पताल की ओर से मेडिकल स्टाल लगाए गए थे। जहां विभिन्न प्रकार की दवाइयां भी रखी गई थी। ताकि आपात स्थिति में उन्हें प्राथमिक उपचार कर सकें।

## एक नजर

### मृतक के परिजनों से मिले पूर्व एमएलसी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व विधान पार्षद रामबली सिंह चंद्रवंशी के परिजनों से मिलकर ढढांस बंधाया और यथासंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। दरअसल बिते 5 जुलाई को कोरियामा गढ़ गांव में नाइट क्रिकेट मैच खेलने के दौरान हुए अंपायर विवाद में सत्येंद्र चंद्रवंशी को सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, रामबली सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि फील्ड पर रात्रि में क्रिकेट मैच में पराजित टीम ने गाँव के बग़ल के अपराधिओं के द्वारा निर्दोष व्यक्ति को गोली मारकर नींद की गोद सुला दिया। इस घटना से गाँव में काफ़ी आक्रोश है और इस घटना में जो भी लिप्त है उन्हें जल्दी गिरफ़्तार कर कठोर सजा देनी चाहिए। इस आशय की सूचना एक प्रतिनिधिमण्डल के साथ मैं बिहार के डीजीपी से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराऊँगा।

### शनिदेव मंदिर ट्रस्ट की गठित होगी नई कमिटी

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रो रणवीर नंदन ने सुलतानपुर शनिचरा स्थान स्थित प्राचीन शनि देव मंदिर ट्रस्ट की नयी कमेटी गठन जल्द किया जायेगा. प्रो नंदन ने आश्वासन दिया है कि मंदिर ट्रस्ट की नयी कमिटि गठित करने के लिए पूर्व में भी न्यास पर्षद द्वारा एसडीओ को पत्र भेजा गया था. परंतु आज तक नई कमिटी गठित नही किया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर ट्रस्ट की नई कमिटि के लिए 11 स्वच्छ छवि के लोगों को चयनित कर कमिटि गठित करने का प्रक्रिया जल्द शुरू किया जायेगा. मंदिर का दान व चढाव का भी जांच कराया जायेगा. बता दे कि मंदिर ट्रस्ट की नई कमिटि के लिए तत्कालीन दो एसडीओ के आदेश पर सीओ द्वारा जांच रिपोर्ट के बाद भी आज तक कमेटी का गठन नही किया गया है। जिससे मंदिर का दान व चढाव का राशि फर्जी कमिटी बनाकर गबन किया जा रहा है।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत लौटाया मोबाइल

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम और चोरी हुए मोबाइल धारकों के चेहरे पर मुस्कान ला दिया। रविवार को धनरूआ पुलिस ने मोबाइल फोन उसके वास्तविक मोबाइल धारकों को दिया। मोबाइल लेने के बाद मोबाइल धारक ने इस मुस्कान कार्यक्रम की तारीफ करते हुए पुलिस को धन्यवाद दिया। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया की ऑपरेशन मुस्कान के तहत मूंगा लाल पासवान पिता सूरत पासवान बरनी थाना धनरूआ, का मोबाइल बरामद कर सौंपा गया। बताया जाता है कि कुछ महीने पहले मोबाइल गुम या चोरी हो चुका था। जिसको लेकर मोबाइल धारक ने थाने में मोबाइल गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसको लेकर धनरूआ पुलिस और टेक्निकल सेल की टीम वैज्ञानिक तरीके से कार्रवाई में जुट गई थी।

### स्वागत समारोह सह वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार को रूपसपुर के सौभाग्य शर्मा पथ में बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की ओर से सावन स्वागत समारोह सह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शीला प्रजापति व पूर्व प्रदेश महिला के सचिव माया देवी प्रजापति ने किया. इस अवसर पर गीता ने कहा कि सावन माह को देखते हुए प्रजापति महिला समाज के लोग ने वृक्षा रोपण कर सावन स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज की महिलाओं को शिक्षा के साथ व्यवहारिक व समाजिक कार्य के माध्यम से समाज को प्रेरित किया है. उन्होंने कहा कि समाज को संगठित होकर ही उत्थान और विकास किया जा सकता है. मौके पर देखा देवी, अधिवक्ता नीलम देवर, अर्चना कुमारी, संजू देवी, अधिवक्ता सुनिल कुमार प्रजापति, शशिभूषण प्रजापति, विष्णु पंडित, उमाकांत पंडित, भेष नारायण प्रजापति, दयानंद पंडित व नीरज पंडित समेत गणमान्य लोग मौजूद थे।

### स्वच्छता का दिया गया संदेश

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वाल्मी में सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ''जल जमाव से रहे सचेत'' के ज़रिए कलाकारों ने आम लोगों को बारिश के मौसम में होने वाली समस्याओं से सतर्क रहने का संदेश दिया. महेश चौधरी द्वारा लिखित और मिथिलेश कुमार पांडे के निर्देशन में हुए इस नाटक की शुरुआत सौरभ राज के स्वरबद्ध गीत ''गंदगी से भैया बच के रहिअ, सुनअ बतिया हमार...'' से हुई. जिसमें यह दिखाया गया कि शहरी इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था होते हुए भी कुछ लोगों की लापरवाही, जैसे पॉलिथीन और कचरा नालों में फेंकना, किस तरह से जल जमाव और बीमारियों का कारण बनता है, और कैसे साफ-सफाई, उबला पानी, ओ आर एस, हैलोजन टैबलेट, हाथ धोने और ब्लीचिंग पाउडर जैसी छोटी-छोटी सतर्कताएं बड़े खतरे को टाल सकती हैं, नाटक के माध्यम से खुले में शौच से परहेज़, मरे हुए जानवरों को गड्ढे में दफनाने और स्वास्थ्यकर्मियों से समय पर संपर्क की अहमियत को भी दर्शाया गया, इस प्रभावशाली प्रस्तुति में महेश चौधरी, सौरभ राज, करण कुमार, अंजनी कुमार वर्मा, आमिर, प्रमोद कुमार और देव दर्शन जैसे कलाकारों ने दमदार अभिनय से दर्शकों को न सिर्फ मनोरंजन दिया बल्कि सोचने पर मजबूर भी कर दिया।

# मुहर्रम पर दिखी गंगा-जमुनी तहजीब की झलक

## मुस्लिम समुदाय के लोगों को हिन्दुओं ने पिलाया शरबत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में मोहर्रम पर ताजिया जुलूस निकाला जा रहा है। ऐसे में गंगा जमुनी तहजीब की अनोखी तस्वीर भी देखने को मिली. जहां मसौढ़ी के रेलवे गुमटी चौराहा के पास हिंदू भाइयों ने जुलूस में शामिल लोगों के लिए नींबू पानी का स्टाल लगा रखा था. इसका उद्घाटन एसडीएम अभिषेक कुमार, डीएसपी नभ वैभव, बीडीओ, सीओ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मोहर्रम के ताजिया जुलूस में भारी संख्या में भीड़ जुटी थी। इस मौके पर मसौढ़ी के तमाम बुद्धिजीवी और समाजसेवी और मुस्लिम भाई शामिल रहे। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि यह गंगा जमुनी तहजीब का उदाहरण है, जिस जगह पर हिंदू और मुस्लिम भाई मिलकर रहते हैं। वहां पर प्रशासन का बोझ हल्का हो जाता है। विधि व्यवस्था का संधारण करना आसान हो जाता है। त्योहार में ऐसे ही मिल जुल कर रहते हुए काम करें और सद्भावपूर्ण समाज का निर्माण करें। डीएसपी ने कहा की यहां पर हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों के लिए नींबू पानी का स्टाल लगाया है यह एक बेहद सुखद है और आने वाले दिनो के लिए समाज के लिए कि अच्छा संदेश है। मोहर्रम को लेकर पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 47 जगहों पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। इस मौके पर पीएनबी बैंक मैनेजर संतोष कुमार, राहुल चंद्रा,मकसूद रजा, छोटे ठाकुर, कृष्णा सिंह, डॉ रामजयपाल, डॉ सुधीर, डॉ गौतम, नवल भारती, संतोष अनमोल, नुतन पासवान, रंजु यादव, अधिवक्ता महेंद्र सिंह अशोक, मुन्ना पासवान आदि शामिल रहे।



# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के संघत पर मोहल्ले में बिते देर रात को एक घर में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, दरअसल पीड़िता रानी देवी पति गोपाल साव ने बताया कि की देर रात को शॉर्ट सर्किट लगने से घर में आग लग गया है, इस आग लगी की घटना में घर के अंदर रखा हुआ सारा सामान जिसमें फ्रिज, कूलर, बर्तन, कपड़ा के साथ खाद्यान सामग्री चावल दाल सब जल गया है, इस घटना में उत्कर्ष फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से लिया हुआ 61 हजार नगद भी जलकर राख हो गया है, इस पूरे आग लगी में लगभग डेढ़ लाख का आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसको लेकर अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग की है, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना मांझी ने बताया कि रात को 10:30 बजे के आसपास रानी देवी के घर पर अचानक आग लग गया उसमें अफरा तफरी का माहौल हो गया, इस आग लगी में बहुत सारा सामान घर का जल गया है, हालांकि जान माल का नुकसान नहीं हुआ है किसी तरह से लोग भाग कर जान बचा पाए हैं लेकिन घर का सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया है।

# भाकपा माले का 13वां जिला सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में भाकपा माले का 13वां जिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय सम्मेलन में विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी साथ ही नई जिला कमेटी का गठन किया जाएगा। उद्घाटन राज्य सचिव कुणाल ने की।मंच संचालन जिला सचिव कमलेश कुमार ने की। सभा को संबोधित करते हुए राज्य सचिव कुणाल ने कहा, 'जिला सम्मेलन पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। सम्मेलन के बाद नई जिला कमिटी का गठन होगा। आने वाले समय में देश, बिहार की चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। नई टीम संघर्ष की राह तय करेगी।वहीं 'चुनाव आयोग ने बिहार चुनाव से ठीक पहले एक नया परिपत्र जारी किया है। जिसमें गरीब मतदाताओं को वोट से वंचित करने की साजिश चल रही है, ताकि भाजपा को बिहार की सत्ता हथियाना का राह आसान हो जाए। सम्मेलन में मौजूद भाकपा माले विधायक गोपाल रविदास एवं विधायक संदिप सौरभ ने कहा कि पिछले 20 साल से बिहार ठहराव की स्थिति में है। शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो रही। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा, किसान-मजदूर परेशान हैं। बिहार में बदलाव के लिए सरकार बदलना जरूरी है। भाजपा भाकपा माले की इस बदलाव रैली से डर गई है। इसलिए बिहार चुनाव से पहले वोटबंदी लाकर गरीबों से का वोट का हक छीनकर बिहार की सत्ता हथियाना चाहती हैं। यह सीधे-सीधे लोकतंत्र को जड़ से खत्म करने की साजिश है। मौके पर विधान परिषद् शशि यादव, पूर्व सांसद रामेश्वर प्रसाद, केन्द्रीय कमेटी सदस्य सरोज चौबे, अखिल भारतीय वकिसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश सिंह, पालीगंज विधायक संदीप सरौभ, फुलावरी विधायक गोपाल रविदास, विहार राज्य कार्यालय सचिव प्रकाश, छत्रपाल आदी शामिल रहे।

# दानापुर में निकाला गया ताजिया जुलूस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** मुहर्रम की दसवीं तिथि को लेकर रविवार को शहीद-ए-आजम हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में ताजिया जुलूस निकाला गया। नगर के विभिन्न मोहल्लों से गाजे-बाजे के साथ ताजिया का जुलूस निकाला गया. ताजिया जुलूस देर रात तकियापर स्थित जमाल शाह कर्बला पहुंचा. ताजिया जुलूस को देखने के लिए सडकों पर अकीदतमंदों का हुजूम उमड पडा। जुलूस में या हसन या हुसैन के नारे लगाए गए। ताजिया आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान जुलूस में बच्चों, युवकों व बुजुर्गों की ओर से परंपरागत हथियारों के साथ कला का प्रदर्शन किया गया। जुलूस में शामिल युवकों ने नुमाइशी खेल का प्रदर्शन किया। युवकों का करतब देख लोगों की सांसे थम गई। हैरतअंगेज खेल के साथ विभिन्न मुहल्लों से शाम बाद जुलूस निकलना प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा। जुलूस में शामिल युवक व बुजुर्ग या हुसैन, या हुसैन की आवाज पर करतब दिखा रहे थे। कलाकारों ने ताजिया बनाने में कला का बेहतर नमूना पेश किया। कई ताजिया देखने को दर्शकों की भीड़ रही. ताजिया जुलूस तकिया पर स्थित जमाल शाह कर्बला में देर रात सुपुर्द ए खाक किया गया है। इंतेजामिया कमिटी तकिया जमालशाह के सचिव मौलवी हसन उर्फ मक्खन ने बताया कि पूरे नगर के ताजिया जमालशाह कर्बला में देर रात तक सुपुर्द ए खाक किया जायेगा. सारी व्यवस्था किया गया है। नगर के सुलतानुपर, लाल कोठी, मार्शल बाजार, शाह टोली, आनंद बाजार, सगुना, द्रवी लेन, आनंद बाजार, मैनपुरा, तकियापर, पठान टोली समेत आदि मोहल्ले में उत्साह रहा. जुलूस में दंडाधिकारी व पुलिस जवान तैनात दिखे। सिटीएसपी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि जुलूस में डीजे बजाने पर प्रतिबंध है। अगर कोई भी डीजे बजाते हुए पकडे जाने पर कानूनी कारवाई किया जायेगा। थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि ड्रोन से मुहर्रम का जुलूस का निरागनी किया जायेगा।

# पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की मनी पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## मंत्री पद पर रहते किये कई उत्कृष्ट कार्य

**मसौढ़ी।** मसौढी में डा. भीमराव अम्बेडकर अधिकार मंच ,मसौढ़ी के सौजन्य से बाबू जगजीवन राम जी की 39वी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित रंगकर्मी धर्मेन्द्र कुमार ने संचालन किया जिसकी अध्यक्षता प्रो0 सकलदेव प्रसाद ने करते हुए कहा कि दलितो /वंचितो और बहुजन के चिंतक बाबू जगजीवन राम जी ने सासाराम संसदीय क्षेत्र से आठवी बार चुनाव जीतकर कर केन्द्रीय मंत्री श्रम मंत्री, रेल मंत्री, संचार मंत्री, परिवहन मंत्री के पद पर रहकर देश हित में कार्य किया साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता सुदामा प्रसाद ने चर्चा करते हुए कहा कि बाबू जगजीवन राम 28वर्ष की उम्र यानी देश के सबसे उम्र में प्रतिनिधित्व कर सिविल अधिकार संरक्षण कानून को पारित कराया। साथ ही विरेश कुमार ने कहा कि जिस सम्मान के साथ बाबू जी उन्हे कहा करते है उसी तरह दलितो, वंचितो के बच्चो को शिक्षण के क्षेत्र में बढावा देना होगा, उनके आदर्शो को जनमानस में लाना होगा। इस कार्यक्रम में शामिल संजय कुमार, लालदेव दास, जैनेन्द्र कुमार, कौशल कुमार, धर्मेन्द्र दास आदि लोगो उनके पद चिह्नो पर चलने की शपथ एक मौन रखकर किया।

### शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया ताजिया जुलूस

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुहर्रम के अवसर पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरुआत सुबह पुरानी मस्जिद से हुई, जो मदरसा, पुरानी सराय रोड होते हुए नगर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण कर पुनः अपने-अपने स्थान पर लौट गया। इस्लामिक परंपराओं के अनुसार, यह जुलूस कर्बला की जंग में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकाला जाता है। शाम को अखाड़ा जुलूस भी निकाला गया, जिसमें लाठी खेल का प्रदर्शन करते हुए लोग पूरे बाजार में घूमे।

# दरधा नदी से मिट्टी काटने आए भारतमाला के ठेकेदारों का ग्रामीणों ने किया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** आमस दरभंगा से जयपुर तक बन रहे भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत धनरूआ के पभेडी मोड़ के पास चल रहे निर्माण कार्य के दौरान रविवार को धनरूआ के नंदपुरा और मझनपुरा गांव के सामने भारतमाला प्रोजेक्ट के लिए दरधा नदी से मिट्टी उड़ाही करने आए ठेकेदारों को ग्रामीणों ने जमकर विरोध जताया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिना परमिशन के डंफर और फोकलेन लेकर नदी से मिटाने मिट्टी काटने आए थे, जिनकी जानकारी ना स्थानीय पदाधिकारी को है ना जिला मुख्यालय में है ऐसे में किसी प्रोजेक्ट पर काम करने पर जल संसाधन के पदाधिकारी का पत्र होता है। मौके पर जेडीयू के प्रखंड अध्यक्ष वेदप्रकाश, किसान एकता मंच के उमेश शर्मा, श्यामनंदन ठाकुर, मुखिया नींबू पासवान के अलावा सैकड़ों ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया जहाँ कंपनी गाड़ियों को वापस जाना पड़ा।



# सुधा ने नाला रोड में लगाया उत्पाद प्रदर्शनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह 2025 के अवसर पर वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, पटना डेयरी प्रोजेक्ट (सुधा) की ओर से रविवार को नाला रोड पर उत्पाद प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया. इस मौके पर सुधा के नए और लोकप्रिय उत्पादों को लेकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। स्टॉल पर सुधा मिस्टि दही, थर्मोफॉर्मिंग पनीर और डिलाइट मिल्क जैसे उत्पादों को लोगों ने नज़दीक से देखा, चखा और उनकी गुणवत्ता के बारे में जाना। कार्यक्रम का उद्देश्य सहकारी व्यवस्था के तहत डेयरी क्षेत्र में सुधा के योगदान और उत्पादों की गुणवत्ता को सामने लाना था। सुधा एम डी रुपेश राज ने बताया कि सहकारिता भावना को जन-जन तक पहुंचाने और सुधा ब्रांड को और मजबूत करने के लिए यह प्रदर्शनी सहकारिता सप्ताह के दौरान विशेष महत्व रखती है। इस तरह के कार्यक्रमों से उपभोक्ताओं में भरोसा और जागरूकता दोनों बढ़ती है। इस अवसर पर प्रभारी विपणन संजय कुमार, राजेश रंजन, विक्रय पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार, मार्केटिंग टीम के सदस्य राहुल रंजन, निरज कुमार, आशीष कुमार, अनुपमा कुमारी और आरती कुमारी समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे।




# सत्येंद्र हत्याकांड में सात नामजद, पांच अज्ञात

## नाइट क्रिकेट मैच के दौरान हिंसक झड़प में गोली मारकर की गई थी हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के कोरियावां गढ सत्येंद्र हत्याकांड मामले में मृतक की पत्नी निर्मला देवी ने मसौढी थाने में 7 नामजद एवं पांच अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कराया है। नामजद आरोपियों में रोहित पटेल उम्र 21 वर्ष पिता सर्केंद्र सिंह, हैदर अली उम्र 20 वर्ष मुजफ्फर आलम उर्फ सुखू, शशि कुमार पिता उमेश ठाकुर, रवि कुमार पिता कृपाल राम, प्रियांशु कुमार पिता मुकेश कुमार, रोशन कुमार उम्र 20 वर्ष पिता निरंजन सिंह, विनीत कुमार उर्फ राजा पिता बबन केवट समेत 4-5 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कराया गया है। जहां एक युवक शशि कुमार पिता उमेश ठाकुर को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार किया है। दरअसल पूरी घटना के बारे में बताया जाता है कि मृतक सत्येंद्र कुमार हो रहे लड़ाई झगड़े को शांत करने के लिए गया था, उसी दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बीते चार जुलाई की रात 10:00 बजे क गांव में नाइट क्रिकेट मैच हो रहा था, जिसे देखने के लिए सत्येंद्र कुमार गया हुआ था। मैच कादिरगंज इमलिया और सोनकुकरा टीम के बीच हो रही थी। मैच के दूसरे इनिंग में सोनकुकरा के कप्तान प्रियांशु तथा अंपायर गोलू कुमार के बीच डिसीजन को लेकर झड़प हो गया और देखते ही देखे यह बढने लगा, इसी मारपीट को देखते हुए गांव की कुछ साथियों के साथ सत्येंद्र झगड़ा शांत करने गया था उसी में रोहित पटेल ने पिस्तौल निकाल कर गोली चला दी जो सत्येन्द्र के छाती मे लगी। दहशत बनाने के लिए तकरीबन 10 राउंड गोली चलाई, घटना स्थल पर कई खोखे बरामद किए गए थे। थानाअध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जप्त पीकअप के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को हुए सड़क दुर्घटना मौत मामले में मृत युवक के पिता इदरीश अंसारी वर्तमान पंचायत समिति सदस्य सेमरी ने थाना में आवेदन देकर जब्त बोलेरो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि घटना के दिन इनका पुत्र सैफ अली अंसारी अपनी मोटर साइकिल लेकर विशुनपुरवा से घर वापस लौट रहा था। कि बगहा मार्ग स्थित चटकल चौक के पास उक्त बोलोरो के चालक द्वारा तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सामने से जोरदार टक्कर मारी। जिससे सैफ अली अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया और घटना स्थल पर ही दम तोड दिया। वही सूचना पर पहुंची लौरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर दोनों वाहनों को जप्त कर थाना लाई। और शव को पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच बेतिया भेज दिया। जहां से पोस्टमार्टम पश्चात शव का अंतिम संस्कार कर रविवार के दिन थाना पहुंच आवेदन दिए है। जिसपर स्थानीय थाना ने प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है ।

### लौरिया प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष बने सौरभ



**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिम चंपारण के अध्यक्ष प्रमोद सिंह के द्वारा लौरिया प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा को बनाए जाने से कांग्रेस प्रेमियों में खुशी की लहर है। सौरभ मिश्रा के परिवार का कांग्रेस पार्टी में पुराना लगाव रहा है इनके पिता स्वर्गीय अलख कुमार मिश्रा पूर्व मुखिया सह लौरिया प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। यहां बता दे की वरिष्ठ कांग्रेस नेता नित्यानंद शुक्ला की आकस्मिक निधन से लौरिया प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष का पद रिक्त था। वही सौरभ मिश्रा की नियुक्ति से प्रखंड क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। वही नियुक्ति पत्र मिलने के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र के आम जनमानस के बीच आपसी भाईचारा प्रेम और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की पूर्ण कोशिश करने के साथ पार्टी का जो भी निर्देश होगा उसे पालन करूंगा।

### एटीएम बदलकर उच्चकों ने उड़ाए रुपये

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के तुमकड़िया निवासी रविन्द्र कुमार गुप्ता से उचक्कों ने एटीएम बदलकर 18,500 रुपये की निकासी कर ली है। मामले में रविन्द्र कुमार गुप्ता ने शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। एफआईआर में बताया है कि वह एसबीआई एटीएम में रुपए की निकासी करने गया था। एटीएम को उसने मशीन में डाला था। इसी बीच एक उचक्का आया और ओटीपी लेने के बहाने उसका एटीएम निकाल दिया। बाद में वह अपना एटीएम डालकर 18 हजार 500 रुपए की निकासी कर ली।उसके मोबाइल पर जब मैसेज आया तो उसे रुपए निकासी की जानकारी मिली। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्जकर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### ईंट सोलिंग निर्माण में शिकायत पर जांच का आदेश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के राजपुर तुमकड़िया पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 13 में सोलिंग निर्माण कार्य मे अनिमितता उजागर हुआ है। मठिया गाव से सोनासती जाने वाली कच्ची सड़क पर ईट सोलिंग के कार्य मानक के विपरीत इट सोलिंग का कार्य किया जा रहा है। इतना ही नही सोलिंग में घटिया क्वालिटी का इट एवं टुकड़ा इट लगाया जा रहा है। वही योजना स्थल पर योजना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। इट सोलिंग कार्य मे गड़बड़ी की सूचना पर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने कड़ा रूख इख्तियार किया है। बीडीओ ने इस संबंध ने तकनीकी सहायक एवं पंचायत सचिव को सख्त निर्देशित किया है। बीडीओ ने बताया कि ईट सोलिंग के कार्य में गड़बड़ी की शिकायत पर तकनीकी सहायक इम्तियाज अहमद को स्थल जांच करने का निर्देश दिया गया है। वहीं पंचायत सचिव को योजना बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ ने बताया कि पंचायतों में किसी भी विकास योजनाओं में गड़बड़ी बर्दाश्त नही की जाएगी। इधर पंचायत सचिव मो. जलालुद्दीन ने बताया कि मठीया से सोनासती जाने वाली सड़क में योजना षष्ठम राज्य वित्त आयोग मद से इट सोलिंग करवाया जा रहा है। योजना की प्राक्कलन राशि करीब साढ़े चार लाख रुपए है। वहीं ईट सोलिंग का कार्य करीब छह सौ फीट करवाया जाएगा।

# उधार का रुपया मांगने पर ट्रैक्टर से कुचल कर किसान की हत्या



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया सीरिसिया के गरभुआ बाबु टोला गांव में उधार रुपया मांगने को लेकर गांव के जयप्रकाश यादव ने हृदयकिशोर मिश्रा (45) की ट्रैक्टर से कुचल मौत के घाट उतार दिया। घटना रविवार की सुबह करीब 9.30 बजे की है। घटना के बाद ग्रामीणों में तनाव का माहौल हो गया। जानकारी मिलते ही सीरिसिया पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गयी। बेतिया से एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच नमूने एकत्रित किए। एसडीपीआ विवेक दीप ने बताया कि हत्या का मामला है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम संभावित ठिकाने पर छापेमारी कर रही है। मृतक के भतीजा सोनू मिश्र ने बताया कि हृदयकिशोर मिश्रा रविवार की सुबह सीरिसिया के गरभुआ बाबु टोला स्थित अपने दरवाजे पर खड़े थे। तभी गांव के ही जयप्रकाश यादव अपना ट्रैक्टर लेकर घर जा रहा था। घर से करीब 20 मीटर की दूरी पर हृदयकिशोर मिश्रा ने ट्रैक्टर चला रहे जयप्रकाश यादव को रोका और उन्होंने अपना नगद दिया हुआ रुपया वापस मांगा। रुपया मांगने की बात जयप्रकाश को नागवार गुजरी। उसने ट्रैक्टर से उतर हृदयकिशोर मिश्रा पर पहले कुदाल से हमला कर दिया। जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर गए। फिर मौके पर पहुंचा जयप्रकाश का पुत्र विशाल यादव ने हृदयकिशोर मिश्र को ट्रैक्टर से कुचल मौत के घाट उतार दिया।उन्होंने घटना में पांच लोगो को नामजद किया है। जबकि पांच अन्य अज्ञात भी बताया है। घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए। गांव में तनाव का माहौल बन गया। जानकारी मिलते ही जीएमसीएच में एसडीपीओ विवेक दीप, इंस्पेक्टर नीक्कू कुमार सिंह, थानाध्यक्ष लालदेव दास समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवान पहुंचे और परिजनों को समझाबुझाकर शांत कराया। तब जाकर शव का पोस्टमार्टम कराया जा सका। ईधर, माहौल बिगड़ते देख घटनास्थल पर पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) रंजन कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (रक्षीत) देवानंद राउत, डीआईयू प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा, तकनिकी सेल के नरेश कुमार, सब इंस्पेक्टर खुशबू कुमारी समेत अतिरिक्त पुलिस बलों ने पहुंच गुस्साए लोगों को शांत कराया। घटना के बाद से शाम तक पुलिस गांव में कैम्प करती रही।

# करंट लगने से युवक की मौत, एक गंभीर



**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गौनाहा थाना क्षेत्र के कोहरगड्डी गांव के सरेह के खेत में पानी पटाने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गई। खेत में पटवन करने गए युवक की बिजली की करंट की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।मृतक की पहचान कोहरगड्डी गांव निवासी हरदेव पटवारी के रूप में हुई है जबकि घायल व्यक्ति मिश्री पटवारी बताया जा रहा है। परिजनों व ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, हर-देव खेत में पटवन कर रहे थे, तभी सिंचाई के लिए लगाए गए बिजली के तार का एक हिस्सा टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। तार में बिजली का प्रवाह जारी था और हरदेव का उसी संपर्क में आकर मौत हो गयी है। घटना के दौरान खेत में पास ही काम कर रहे मिश्री पटवारी ने जब हरदेव को छटपटाते देखा, तो उन्हें बचाने दौड़े, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा घायल मिश्री को इलाज के लिए तत्काल जीएमसीएच भेजा गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हरदेव की मौत की खबर जैसे ही गांव में फैली, पूरे कोहरगड्डी गांव में मातम छा गया।

# पुल व एप्रोच निर्माण में गड़बड़ी को लेकर विरोध प्रदर्शन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोखुला स्टेशन से पोखरिया एवं खजुरिया बरवा के तरफ जाने वाली मुख्य सड़क में हलतलवी नदी पर बन रहे पुल के निर्माण कार्य व एप्रोच पथ को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल के निर्माण में संवेदक द्वारा मनमानी करते हुए घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है।

ग्रामीणों ने पुल निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है। ग्रामीण प्रहलाद मुखिया, सुनीला देवी, मुस्लिमा खातून, फुलबानो खातून, समतोला देवी, आमना खातून, नगमी खातून, जनारूल गद्दी, सफरददीन, मो. सगीर, महमूद गद्दी, मो. मुस्तफा, असगर अली, मास्टर मुखिया, जनार्दन साह, मदन साह, अनिरुद्ध साह आदि ने कहा कि पुल के दक्षिण छोर का एप्रोच रोड सही तरीके से नहीं बनाया जा रहा है। जिससे खजुरिया बरवा जाने वाले रोड पर दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। पुल से दक्षिण उतरते हीं गोखुला एवं खजुरिया बरवा जाने के लिए दो रोड है। नदी की धार भी इसी किनारे है। ऐसे में पुल से अचानक मुड़ना खतरे से खाली नहीं है। नदी का धार होने से एप्रोच का कटाव कर सकती है। पुल के निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर कई बार कार्य भी रूकवाया गया है। अब कार्य भी पूर्ण होने वाला है। लेकिन निर्माण एजेंसी ने योजना बोर्ड तक नहीं लगाया।



ग्रामीणों के अनुसार यह पुल ग्रामीण कार्य विभाग की देखरेख में नाबार्ड योजना के तहत लगभग तीन करोड़ की लागत से बन रहा है। इधर ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता रामचंद्र प्रसाद ने बताया कि पुल के निर्माण कार्य का समय समय पर जांच की जाती रही है। निर्माण में अनियमितता का आरोप बेबुनियाद है। एप्रोच पथ का निर्माण व्यवस्थित रूप से करवाया जाएगा। ताकि दोनों तरफ जाने में कोई परेशानी न हो।

## सीवान में खून-खराबे पर सारण विकास मंच का फूटा गुस्सा

# दोषियों को फांसी दो, परिजनों को मिले मुआवजा और नौकरी





### तीन नौजवानों की हत्या से कांपी सीवान की धरती, प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** तीन युवाओं की दिनदहाड़े हत्या और एक किशोर के गंभीर रूप से घायल होने की घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। मृतकों में मुन्ना सिंह, रोहित सिंह और कन्हैया सिंह शामिल हैं। वहीं, 16 वर्षीय रौशन सिंह का इलाज गोरखपुर में जारी है। इस नरसंहार के खिलाफ लोगों में गुस्सा है, और अब सारण विकास मंच ने भी इस पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है।

**पीड़ित परिवारों से मिले शैलेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस की भूमिका को बताया 'साजिश'**

सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा, जिस कन्हैया सिंह ने दो दिन पहले धमकी मिलने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी, उसे नजरअंदाज किया गया। अगर पुलिस सुनती, तो आज तीन लाशें नहीं उठतीं। उन्होंने इस घटना को पुलिस और अपराधियों की मिलीभगत का नतीजा करार देते हुए इसे "सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि साजिश" बताया।

**रोहित सिंह था पूर्व मुखिया का इकलौता बेटा, दो साल से बीमार पिता का सहारा भी छिन गया**

शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक रोहित सिंह, कांग्रेस के पूर्व राज्य सचिव व पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह का इकलौता बेटा था। अखिलेश सिंह पिछले दो साल से बिस्तर पर हैं और उनका एकमात्र सहारा रोहित ही था। उन्होंने कहा कि अब उनका सब कुछ उजड़ गया। यह सिर्फ एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है।

**ध्यान दिया होता तो कन्हैया बच जाता, पहले ही दर्ज कराई थी एफआईआर**

मृतक कन्हैया सिंह को अपनी जान को खतरे का एहसास हो गया था। उसने थाने में धमकी की शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने न तो सुरक्षा दी और न ही कोई ठोस कार्रवाई की।मंच के संयोजक ने दुख के साथ कहा कि थाना अगर सतर्क होता, तो आज कन्हैया सिंह जिंदा होता।

**सारण विकास मंच ने की मांगें:**

1. तीनों मृतकों के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा
2. आश्रितों को सरकारी नौकरी दी जाए
3. घायल रौशन सिंह के इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाए
4. सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर फांसी दी जाए
5. थानेदार और लापरवाह पुलिसकर्मियों पर भी हो कड़ी कार्रवाई

**सत्ताधारी नेताओं पर भी बरसे शैलेंद्र सिंह**

उन्होंने आरोप लगाया कि नेताओं का काम अब सिर्फ बयान देना रह गया है। उनका कहना था कि सत्ताधारी नेता सिर्फ बयान देने आते हैं, तस्वीर खिंचवाते हैं और चले जाते हैं। क्या ये दुख में डूबे परिवारों को न्याय दिला पाएंगे?

**घटना स्थल पर अन्य नेता भी रहे मौजूद**

मौके पर राजद के राज्य परिषद सदस्य रितेश सिंह, गोलू सिंह, नीरज सिंह, धीरज सिंह, मनोज सिंह और प्रमोद सिंह भी मौजूद थे। सभी ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# समता पार्टी के संस्थापक कार्यकर्ताओं को आयोग में शामिल करने की मांग



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनता दल से विभाजीत होकर समता पार्टी के गठन काल से लगातार नीतीश कुमार के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करनेवाले कार्यकर्ताओं को आयोग में शामिल करने की मांग उठायी गयी है। इस संबंध में जदयू नेता व प.चंपारण जिला परिषद के अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो, जनता दल युनाईटेड के प्रदेश महासचिव अरमान अहमद ने मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र में बताया है कि जनता दल से अलग हटकर जब 14 सांसदों ने समता पार्टी का गठन किया था। उस समय जार्ज फर्नांडिस व नीतीश कुमार के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए जिले के कई वरीय कार्यकर्ताओं ने भी समता पार्टी का झंडा उठाया था। इन सक्रिय कार्यकर्ताओं में कई लोग वर्तमान में स्वर्गवासी हो गये है। जबकि अभी कई कार्यकर्ता ऐसे है जो नीतीश कुमार के नेतृत्व में आस्था जताते हुए अभी भी जदयू का झंडा बुलंद कर रहे है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कई आयोग में वरीय कार्यकताओं को सम्मान देते हुए उन्हें विभिन्न आयोग का सदस्य एवं अध्यक्ष उपाध्यक्ष नामित किया है। लेकिन 1994 से समता पार्टी के गठन के बाद अभी तक नीतीश कुमार में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी का झंडा बुलंद करने वाले कार्यकर्ता अपने आप को कमजोर महसूस कर रहे है।जिला परिषद अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो एवं अरमान अहमद ने पार्टी के स्थापना काल से सक्रिय भूमिका निभाने वाले रविभुषण पटेल एवं योगेंद्र सिंह को राज्यस्तरीय आयोग का अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के रुप में नामित करने की मांग की है।

# बनवारिया में 14 माह से स्वच्छता कर्मियों का मानदेय लंबित

### डीएम के आने की सूचना पर प्रखंड कार्यालय पहुंचे



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बनवरिया पंचायत में स्वच्छता कर्मियो का मानदेय पिछले 14 माह से लंबित है। जिसको लेकर स्वच्छता कर्मियो प्रखंड कार्यालय पहुचकर विरोध जताया है। कर्मियो का कहना है कि हमलोग जुलाई 2023 से अपने पंचायत में स्वच्छता का कार्य कर रहे है। लेकिन अबतक आठ से 10 माह का ही मानदेय मिल पाया है। उसके बाद से मानदेय भुगतान को लेकर पंचायत से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। शनिवार को जिलाधिकारी की आने की सूचना पर सभी प्रखंड कार्यालय पहुचे हुए थे। हालांकि जिलाधिकारी नही पहुचे। स्वच्छता कर्मी किशुन बैठा, उमेश राम, सोनू कुमार, नरेश राम, जाकिर हुसैन, नितेश साह, राजा कुमार,उमेश राउत, झोटील पासवान आदि ने कहा कि मानदेय को लेकर मुखिया व पंचायत सचिव से बोलने पर टाल मटोल कर दिया जाता है। इतना ही नही मानदेय समय से नही मिलने से हम सभी के परिवार की माली हालत खराब हो गया है। इसको लेकर बीडीओ से शिकायत भी की गई लेकिन अबतक भुगतान नही हो सका है। आज डीएम की आने की सूचना पर सभी लोग पहुचे हुए थे लेकिन डीएम नही आये है। इधर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि बनवरिया में स्वच्छता कर्मियो के मानदेय भुगतान को लेकर शिकायत मिली है। पंचायत सचिव से स्वच्छता कर्मियों के मानदेय लंबित होने के कारण के साथ स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# जमुनिया गांव में सड़क पर जलजमाव, लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के धुमनगर पंचायत अंतर्गत जमुनिया गांव में मुख्य सड़क पर जलजमाव से लोगो को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। यहां जितेंद्र राय के घर के समीप से मुख्य सड़क में लगभग हमेशा जलजमाव बनी रहती है। जिसके चलते लोगो मे आक्रोश व्याप्त है। रविवार को प्रशासनिक उपेक्षा के खिलाफ ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण सुजय मिश्र, आशीष मिश्र, एकबाल पासवान, रामू गुप्ता, पवन मिश्र, मदन राय, नेसार खान, आशीष राय, एजाज खान, आलोक मिश्र का कहना है कि सड़क की यह हालत जन प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के उपेक्षा के कारण दशार्ता है। पिछले कई वर्षो से इस मुख्य सड़क में जलजमाव की विकट स्थिति बनी हुई है। जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियो को अवगत कराया लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। लोगो ने बताया कि इस सड़क से प्रतिदिन बच्चे स्कूल इसी पानी से होकर जाते है। वही लोगों को अस्पताल, बैंक, रेलवे स्टेशन व प्रखंड एवं अनुमंडल कार्यालय आने जाने में भी काफी परेशानी होती है। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि जलजमाव की समस्या गंभीर है। अगर निजात नहीं दिलाया गया तो विधानसभा चुनाव में ग्रामीण वोट बहिष्कार करेंगे। वही स्थानीय मुखिया रश्मि कुमारी ने बताया कि रोड ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत आता है। जलजमाव से काफी परेशानी है। इस समस्या को लेकर केंद्रीय मंत्री समेत जिलाधिकारी से अवगत कराया गया है। मुखिया ने इस गंभीर समस्या से ग्रामीणों को जल्द से जल्द निजात दिलाने की मांग की है।

# 1.40 करोड़ से होगा नगर भवन का कायाकल्प, बनेगा वातानुकूलित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के जर्जर महारानी जानकी कुंवर नगर भवन का वातानुकूलित स्वरूप में जीर्णोद्धार किया जायेगा। इसके लिए नगर निगम की ओर से निविदा जारी कर दी गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि करीब 1,40,46,144 खर्च कर नगर भवन का जीर्णोद्धार किया जायेगा। महापौर ने बताया कि वर्षों से बदहाल और उपेक्षित महारानी जानकी कुंवर नगर भवन के नव निर्माण के बाद जिला मुख्यालय के बाद यह जिला मुख्यालय की शान और महत्वपूर्ण पहचान के रूप में जाना जाएगा। बताया कि निगम बोर्ड द्वारा स्वीकृत टाउन हॉल के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की योजना पूरी होने के बाद जिला मुख्यालय का यह विशाल वातानुकूलित टाउन हॉल बहुत मामूली सरकारी शुल्क के आधार आम जनता के लिए उपलब्ध



कराया जाना शुरू कर दिया जाएगा। महापौर ने बताया कि स्वीकृत योजना के अनुसार पूरा नगर भवन वातानुलित बन जाने के साथ इस पूरी बिल्डिंग की उच्च गुणवत्ता के साथ रिपेयरिंग की जाएगी। वही फाल्स सीलिंग लगाने के साथ पुराना डैमेज एसबेस्टस हटाकर नया एसबेस्टस लगाया जाएगा। इसके साथ ही सभी चौखट दरवाजा नया लगाने के साथ आकर्षक स्वरूप में नए फ्लोरिंग अर्थात फर्श का भी निर्माण कराया जाएगा।

# रुक-रुककर हो रही बारिश से गंडक बराज का जलस्तर एक लाख क्यूसेक पार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।




**बेतिया/वाल्मीकि नगर।** वाल्मिकीनगर स्थित भारत- नेपाल सीमा के ऐतिहासिक गंडक बराज से शनिवार की दोपहर 1 लाख 4 हजार 9 सौ क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया गया।जिससे तटवर्ती वन क्षेत्र समेत पड़ोसी राज्य उत्तर-प्रदेश के समीपवर्ती क्षेत्रों में पानी का जमाव होने की आशंका बढ़ चली है।जिससे ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ गयी है।और ग्रामीणों में दहशत माहौल व्याप्त होने लगी है।गंडक बराज के अधिकारियों की माने तो नेपाल के जल ग्रहण वाले क्षेत्र में हो रहे लगातार रुक-रुक कर बारिश से तराई और पहाड़ी क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित होने लगा है।नेपाल से छूटे पानी के कारण गंडक बराज के जलस्तर में लगातार वृद्धि जारी है।और उम्मीद जताई जा रही है,कि शनिवार की देर शाम तक जल स्तर में और वृद्धि हो सकती है।बीते दिनों से लगातार गंडक बराज के जलस्तर में उतराव चढ़ाव देखने को मिल रहा है। इस से ग्रामीणों में अनजाना भय समा रहा है। बताते चले कि बीते दिनों से नेपाल के पहाड़ी और तराई क्षेत्रों में हो रही लगातार रुक- रुक कर तेज बारिश के कारण नेपाल के नारायण घाट से छूटे पानी का प्रवाह गंडक बराज के रास्ते प्रवाहित होने के कारण निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए खतरा बनने लग गया है ।अनजाने भय और आशंका से लोग ग्रसित हो गए हैं।जिससे गंडक बराज के जल स्तर के बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस बिंदु को ध्यान में रखते हुए गंडक बराज के सभी कर्मियों को अलर्ट मोर्ड पर रखा गया है।सीमावर्ती उत्तर-प्रदेश के खड्डा और तमकुही राज आदि क्षेत्रों में उत्तर-प्रदेश के तहसील प्रशासन ने नदी के समीपवर्ती गांव में बसे ग्रामीणों को सतर्क और चौकस रहने की ताकीद की है।

# जिंगल के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण का संदेश



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के व्यापक प्रचार- प्रसार के लिए नगर निगम बेतिया की कचड़ा उठाव वाहनों को कुमार रविंद्र, अपर समाहर्ता, अमरेन्द्र कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, बेबी कुमारी, नोडल पदाधिकारी, स्वीप एवं मो० शाहिद, उप नगर आयुक्त, बेतिया ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रीमती बेबी कुमारी, नोडल पदाधिकारी स्वीप ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार राज्य में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का कार्य प्रारंभ हो चुका है। उक्त अभियान में आम नागरिकों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 से संबंधित जिंगल को नगर निगम की कचड़ा उठाव वाहन, ऑटोरिक्शा, वाहनों में 25.06.2025 से 26.07.2025 तक प्रचार- प्रसार किया जायेगा, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण आदि कार्य एवं आम नागरिकों की अधिकतम सहभागिता हो सकें। कार्यक्रम में स्वीप कोषांग की सदस्या सुश्री मेरी आडलीन, श्री राम इकबाल, श्री संजय कुशवाहा, श्री राजीव रंजन, श्री नंदू महतो सहित अन्य शामिल हुए।

CMYK

# प्रत्येक परिवार को उपलब्ध कराएं गणना प्रपत्र : अनन्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद जिले में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता, पर्यवेक्षण तथा निगरानी संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा मदनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्र में कार्यरत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए जा रहे गणना प्रपत्रों की भौतिक जांच कर कार्य की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित निर्वाचन एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से वितरण की प्रगति, प्रपत्रों की उपलब्धता, प्रविष्टियों की गुणवत्ता, त्रुटिरहित विवरण सुनिश्चित करने की प्रक्रिया तथा पूर्ववर्ती मतदाता सूची से तुलना जैसे विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता नामांकन से वंचित न रह जाए तथा प्रत्येक परिवार तक गणना प्रपत्र की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें गणना प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित किया गया ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रह जाए। उन्होंने आमजनों से आग्रह किया कि वे सक्रिय सहयोग करते हुए सही जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं जिससे निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं समावेशी रूप से संपन्न हो सके। इधर, बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं निर्विघ्न संचालन हेतु मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रचलित है जिसके अंतर्गत औरंगाबाद जिले में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता, निरीक्षण एवं निगरानी संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को नवीनगर प्रखंड के कंकेर स्थित उच्च विद्यालय में नियुक्त बूथ स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित गणना प्रपत्र भरवाने हेतु उनके अभिभावकों को प्रेरित करने संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर नवीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा भी आम मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार कार्य प्रारंभ कराया गया। इस हेतु ऑटो वाहन के माध्यम से माइक्रोफोन द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए नागरिकों को निर्धारित समयावधि में गणना प्रपत्र भरने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिलावासियों से अपील की गई है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें एवं अपने परिवार के समस्त पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु गणना प्रपत्र यथाशीघ्र भरें।

# सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर मारपीट, चार जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के सिहुड़ी गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। यायलों की पहचान उसी गांव के लक्ष्मण यादव, उनकी पत्नी सुनैना देवी, बेटी तेतरी कुमारी एवं बहू पप्पू यादव की पत्नी पूजा देवी के रूप में की गई है। दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोटें आई हैं जिनका इलाज किसी दूसरे अस्पताल में कराया गया है। इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि जिस जगह पर लक्ष्मण यादव का घर बना है उसके आगे इनका अपना जमीन है। दरवाजे के बाहर कुछ गैरमजरुआ जमीन है, जो कई सालों से उनके कब्जे में हैं। कुछ दिनों से गांव के ही रामप्रवेश यादव ने गैरमजरुआ जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। रविवार को अचानक लक्ष्मण यादव के दरवाजे के बाहर वाले गैरमजरुआ जमीन पर पहुंचे और मकान का निर्माण करने लगे। जब लक्ष्मण यादव व उनके परिवार वालों ने मकान बनाने से मना किया तो दोनों पक्षों के बीच बहसबाजी शुरू हो गई। आवेश में लक्ष्मण यादव व उनके परिवार वालों की पिटाई कर दी जिससे सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी लक्ष्मण यादव ने रामप्रवेश यादव, उसके बेटे सुजीत कुमार व राजकुमार समेत अन्य लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। जमीन पर कब्जे को लेकर रामप्रवेश यादव ने अपने बेटे और अन्य लोगों के साथ मिलकर उनके परिवार के सदस्यों पर लाठी व डंडे से हमला कर दिया। इसके बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति रही। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह मामले को शांत कराया गया। परिजनों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद लक्ष्मण यादव व बेटी तेतरी कुमारी को गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक जख्मी लक्ष्मण यादव के सिर में गंभीर चोटें आई है। उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना मिली है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कल्याणकारी योजनाओं को ...

बनाया जा रहा है जिससे मखाना उत्पादकों को काफी लाभ होगा। इस मौके पर विधायक आनंद शंकर ने कहा कि आज जब पत्रकारिता की निष्पक्षता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं ऐसे में नवबिहार टाइम्स निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता का प्रकाश स्तंभ बना खड़ा है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जैसी जगह से निरंतर 36 वर्षों से एक अखबार का प्रकाशन बहुत महत्वपूर्ण बात है। उन्होंने उसके लिए नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता बेहद जरूरी है। ऐसे में नवबिहार टाइम्स जैसे समाचार पत्र ने अपनी निष्पक्षता से लोकतंत्र को मजबूती दी है। पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि उनका लगाव नवबिहार टाइम्स और इसके संपादक कमल किशोर से शुरुआती दौर से रहा है उन्होंने इस अखबार की संघर्ष यात्रा को देखा है लेकिन उसके बावजूद नवबिहार टाइम्स में हमेशा पत्रकारिता के आदर्श को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि अधिकतर अखबार औद्योगिक घराने द्वारा चलाए जा रहे हैं लेकिन नवबिहार टाइम से एक ऐसा अखबार है जो विशुद्ध रूप से एक पत्रकार के द्वारा निरंतर 36 वर्षों से निकाला जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद चंद्रवंशी, औरंगाबाद रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, प्रसिद्ध चिकित्सक सह जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा, समाजसेवी अजीत कुमार सिंह, भाजपा नेता अनिल कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# देव एंड फ्रेंड म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने जमाया रंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नवबिहार टाइम्स के 36वें स्थापना दिवस पर नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में देव एंड फ्रेंड म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में आए सैकड़ों लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। वहीं लोगों ने भी ताली बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में उद्घोषक शंकर कैमूरी, गायिका पूर्णिमा एवं नायशा टाकिया के सुरीली आवाज और मनमोहक प्रस्तुति ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लोग लोक कलाकारों के रंग में रंगते चले गये। भक्ति गीत सहित अन्य पारंपरिक गीत से वातावरण गूंज रहा था। कार्यक्रम के दौरान तबला पर देव कुमार लाल, गिटार पर काजल चक्रवर्ती, ओक्टो पैड पर संतोष कुमार सिन्हा, रिदम गिटार पर यश कुमार, रवि रंजन सिन्हा सहित अन्य संगत कर रहे थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# चुनाव संबंधी कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसडीओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड परिसर स्थित सभागार में रविवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी अमित रंजन की अध्यक्षता में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी मो यूनुस सलीम, अंचल अधिकारी हरिहरनाथ पाठक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आशा कुमारी समेत बीएलओ व सुपरवाइजर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान एसडीओ ने बारी-बारी से उपस्थित लोगों से विस्तार पूर्वक जानकारी ली और कहा कि समन्वय स्थापित कर कार्य को निष्पादित करना सुनिश्चित करें। कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मतदाता पुनरीक्षण विशेष गहन समीक्षा के दौरान सुपरवाइजर तथा बीएलओ को कहा कि प्रत्येक बीएलओ एक दिन में 300 प्रति फॉर्म संग्रह करें। यदि कार्य में लापरवाही बरतते हैं, तो निश्चित रूप से कार्रवाई करने की अनुशंसा की जायेगी। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पूरी तत्परता के साथ मतदाता पुनरीक्षण कार्य को संपन्न कराएं।

# खेल मानव जीवन का अहम हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड स्थित शहीद भगत सिंह खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज अग्रवाल, लेखापाल कुश कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर प्रतिक कुमार, नोडल ऑफिसर शशिभूषण लाल समेत प्रखंड के विभिन्न शारीरिक खेल शिक्षकों ने किया। खेल प्रतियोगिता में लंबी कूद, बॉल थ्रो, 60 मीटर, 100मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं हुईं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज अग्रवाल ने कहा कि खेल मानव जीवन का अहम हिस्सा है। बचपन से यदि खेल के प्रति सम्यक दृष्टि अपना कर विद्यार्थी अध्ययन काल से ही अग्रसर रहे, तो वह अपने जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। मशाल खेल प्रतियोगिता के सफल संचालन में शिक्षिका रिया राजवंशी नीरा कुमारी, अनिता कुमारी ने सराहनीय भूमिका निभायी। शिक्षक राकेश कुमार यादव, संतोष कुमार, तनोज कुमार, रवि रंजन सिंह, अतुल मोहन, राजेश कुमार सिंह, अरुण कुमार राय, विवेक कुमार सिंह, विजयांश सिंह रौशन कुमार ने विशेष सहभागिता निभायी। खेल प्रतियोगिता 8 जुलाई तक चलेगी। वहीं मदनपुर में प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार, लेखापाल श्याम कुमार, बीआरपी विजय कुमार सिंह आदि ने फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। इस दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि खेल से न सिर्फ शारीरिक मजबूती मिलती है, बल्कि मानसिक समृद्धि भी मिलती है। इस प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से बच्चे शामिल होंगे। इससे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा।


## मां-बाप को मारपीट कर किया जख्मी

**मदनपुर(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** मदनपुर थाना क्षेत्र के वार पंचायत अंतर्गत टंडवा में रविवार को सनकी पुत्र ने मारपीट कर मां-बाप को जख्मी कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया। जख्मी रामप्रवेश पाल ने अपने बेटा मुन्ना पाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह 50 हजार रूपये मांग रहा था। रूपये देने से इंकार करने पर उसने लाठी-डंडे से माथे पर प्रहार किया जिससे वे गिर पड़े और सिर फट गया। उन्होंने बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# असामाजिक तत्वों ने पेट्रोल छिड़क ट्रैक्टर में लगायी आग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** फ़ेसर थाना क्षेत्र के उनथू स्थित बरवाडीह गांव में असामाजिक तत्वों ने एक किसान के ट्रैक्टर में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इस घटना में ट्रैक्टर के आगे का हिस्सा पूरी तरह जल गया है। ट्रैक्टर उक्त गांव निवासी रंजीत कुमार गुप्ता का है। पीड़ित ने बताया कि रात के करीब 12 बजकर 30 मिनट के आसपास कुछ असामाजिक तत्वों ने ट्रैक्टर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटना की जानकारी उन्हें तब मिली जब आग लगने की वजह से ट्रैक्टर के आगे का टायर ब्लास्ट हो गया। तेज आवाज सुनकर वे जैसे ही घर से बाहर निकले तो देखा कि किसी ने उनके ट्रैक्टर को जला दिया गया है। जलते ट्रैक्टर को देख वे सभी व्याकुल हो गये और शोरगुल मचाने लगे। हालांकि, मौके से असामाजिक तत्व के लोग भागने में सफल हो गये। बताया कि आगजनी के तुरंत बाद इसकी सूचना उन्होंने फ़ेसर थाने को दी परंतु पुलिस सूचना के कई घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची।




# सम्राट अशोक सभागार में होगा वैश्यों का जुटान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय के ब्लॉक मोड़ स्थित सम्राट अशोक सभागार में 20 जुलाई को जिले के वैश्य समुदाय का जुटान होगा। वैश्य महासभा की ओर से वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन को लेकर तैयारी की जा रही है। राष्ट्रीय वैश्य महासभा के जिला संयोजक जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह सम्मेलन व सम्मान समारोह वैश्य समाज की एकता, अधिकार और सम्मान की आवाज बुलंद करने के लिए है। आए दिन बिहार में वैश्य समाज के साथ घटनाएं घटती रहती है परंतु सरकार का रवैया तानाशाही और उपेक्षापूर्ण है। प्रशासन और पुलिसिया तंत्र से भी वैश्य समाज प्रताड़ित हो रहा है। महासभा लंबे समय से बिहार में वैश्य आयोग की मांग कर रही है लेकिन सरकार ने कोई ठोस पहल नहीं की। अब वैश्य समाज आगामी विधानसभा चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल का बंधुआ मजदूर बनकर नहीं रहेगा। यह सम्मेलन बिहार में परिवर्तन की नींव रखेगा।







